सुप्रभात
रांची, मंगलवार
08.04.2025
* नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 263



12 मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर लिस्बन पहुंची



नम आंखों से मां को विदाई

## उपभोक्ताओं को झटका, गैस सिलेंडर 50 रु. महंगा

### नयी कीमतें आज से लागू, विपक्ष का सरकार पर हमला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली, रांची।** देशभर में बढ़ती मंगाई के बीच सोमवार को आम जनता को एक और बड़ा झटका लगा। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को बताया कि रसोई गैस या घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गयी है। सब्सिडी वाले और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए कीमत में बढ़ोतरी की गयी है। उज्ज्वला योजना के सिलेंडर भी वृद्धि में शामिल हैं। अब उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले रसोई गैस सिलेंडर के दाम 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जायेंगी। नयी कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगी।



### पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे

सिलिंडर की कीमतें बढ़ाने की घोषणा सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर 2-2 रुपये एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने के ऐलान के तुरंत बाद की। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर 2 रुपये प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) बढ़ा दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ किया है कि इसका असर आम लोगों की जेब पर नहीं पड़ेगा। पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम नहीं बढ़ेंगे। श्री पुरी ने मीडिया को संबोधित करते हुए इसका कारण बताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में रसोई गैस की कीमतो में बढ़ोतरी का फैसला लिया गया।

### झारखंड सरकार वैट में करेगी संशोधन

रांची। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले सेंट्रल एक्साइज को बढ़ा दिया है। इससे खुदरा स्तर पर पेट्रोल-डीजल के कीमत बढ़ने की आशंका थी, लेकिन पेट्रोलिम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है कि सेंट्रल एक्साइज बढ़ने से डीजल-पेट्रोल की खुदरा कीमत में किसी तरह की वृद्धि नहीं होगी। इधर राज्य सरकार डीजल पर वैट की दर में संशोधन करेगी। वाणिज्य कर विभाग ने बल्क कंज्यूमर्स को झारखंड से ही डीजल खरीदने को प्रोत्साहित करने के लिए वैट के प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव तैयार किया है।

### ध्यान भटका कर दाम बढ़ाया

कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम थाली से निवाला छीनने जैसा है। उन्होंने कहा कि लोगों का ध्यान भटकाने के लिए वक्फ जैसा बिल लाया गया और उसकी आड़ में यह बढ़ोतरी की गयी है। इतना ही नहीं, आम आदमी को और परेशानी होने वाली है। जब वह एटीएम से पैसे निकालेगा तो उसके खाते से पैसे कट जायेंगे। यह गरीबों के कल्याण के लिए काम करने वाली सरकार नहीं है, बल्कि उनके कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं को लूटना चाहती है।

### भाजपा और केंद्र पर विपक्ष हमलावर

विपक्ष का कहना है कि गैस के दाम बढ़ने से लोगों की जेब पर असर तो पड़ेगा ही वहीं रसोई का बजट भी बिगड़ सकता है। विपक्ष इस बहाने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधने में जुटा है, वहीं भाजपा बचाव में उतर आयी है। भाजपा का कहना है कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाना सरकार की मजबूरी थी। ऐसे में इस पर हो-हल्ला मचाकर राजनीति करना ठीक नहीं है। झारखंड प्रदेश प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस का कहना है कि जब से मोदी सरकार आयी है, महंगाई चरम पर है। 2014 में जो गैस सिलेंडर 400 रुपये में मिलता था, वह अब 1000 रुपये तक पहुंच गया है।

## न्यूज डायरी

### जल स्त्रोतों के अतिक्रमण पर कोर्ट में सुनवाई आज

**रांची।** राज्य के जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाने के लिए दायर याचिका पर अब मंगलवार को सुनवाई होगी। जुडको की ओर से सोमवार को समय देने का आग्रह किया गया। हाईकोर्ट ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए सुनवाई मंगलवार को निर्धारित कर दी। राज्य के जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण पर हाईकोर्ट स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है।

### महावीर झंडा विसर्जन में पांच श्रद्धालु झुलसे

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में महावीर झंडा विसर्जन जुलूस के दौरान सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यशोदा नगर शारदा राम बजरंग अखाड़ा का महावीरी झंडा हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे पांच राम भक्त गंभीर रूप से झुलस गये। घायलों का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है। एक श्रद्धालु की हालत गंभीर होने के कारण उसे टाटा मुख्य अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को होगी। मंत्रिमंडल की बैठक दोपहर एक बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को दी है। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगायी जायेगी।

### देवघर में जल्द खुलेगा क्रिटिकल केयर यूनिट

**देवघर।** जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग सदर अस्पताल को और भी बेहतर और उच्चतम गुणवत्ता वाला बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस वर्ष सदर अस्पताल परिसर में क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किया जायेगा। 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट का काम तेज है। खासकर उन मरीजों को इस यूनिट में भर्ती किया जायेगा जो सड़क दुर्घटना के शिकार हुए हैं या जिनके सिर में गंभीर चोट लगी है।




## ऐतिहासिक एयर शो में राज्यपाल, सीएम भी लेंगे भाग

### रक्षा राज्यमंत्री ने भेंट कर किया आमंत्रित, वायुसेना चीफ भी आयेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की धरती पर होने वाले पहले एयर शो को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से से भेंट रांची में भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित होने वाले एयर शो 'सूर्य किरण' के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। श्री सेठ ने मुख्यमंत्री से हुई सकारात्मक बातचीत का हवाला देते हुए कहा है कि इससे एमएसएमई और स्टार्टअप सेक्टर को काफी फायदा होगा। श्री सेठ ने कहा कि एयर शो में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अतिथि के रूप में शामिल होकर इसकी शोभा बढ़ायेंगे। इसमें भाग लेने के लिए वायुसेना प्रमुख एपी सिंह को भी आमंत्रित किया गया है।



**बच्चों में देशभक्ति जगेगी:** श्री सेठ ने बताया कि पहले दिन स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों के लिए समुचित व्यवस्था करने का सीएम से अनुरोध आग्रह किया। इसका उद्देश्य वीर जवानों के पराक्रम को देख कर बच्चे प्रेरित हों और उनमें देशभक्ति की भावना जागृत हो। उन्होंने कहा कि अब तक डिफेंस एक्सपो कोलकाता और अन्य शहरों में आयोजित होता रहा है। झारखंड में भी इसे आयोजित करने के लिए राज्य सरकार को पहल करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सकारात्मक संकेत दिया है और आने वाले समय में हम भी इसके लिए तैयारी करेंगे।

### ऐतिहासिक होगा एयर शो

बाद में पत्रकारों से बात करते हुए रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि रांची में पहली बार 19 और 20 अप्रैल को आयोजित इस एयर शो ऐतिहासिक होगा। यह जनता के लिए एक रोमांचक और प्रेरणादायी क्षण होगा। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी तैयारी रक्षा मंत्रालय और वायुसेना द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही है। रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि 19 और 20 अप्रैल को सुबह 9:45 बजे से 10:45 बजे तक नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में एक-एक घंटे का एयर शो होगा। यह एयर शो विश्वस्तरीय होगा और झारखंड के लिए ऐतिहासिक होगा। इसमें वायुसेना के जांबाज जवान कई लड़ाकू विमानों और अन्य विमानों पर ऐतिहासिक प्रदर्शन करेंगे।

## पाक ने तोड़ा संघर्ष विराम, सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

### सीमा पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली शीघ्र: शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम तोड़ा। भारतीय सेना ने इसका जोरदार जवाब दिया। संघर्ष विराम का उल्लंघन ऐसे समय में हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के तीन दिन के दौरे पर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने सोमवार को कठुआ में सीमा चौकी 'विनय' का दौरा किया। वहां तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बातचीत की। उनके साथ उपराज्यपाल समेत केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक और बीएसएफ महानिदेशक व कई अन्य अधिकारी थे। श्री शाह ने कहा कि 'पाकिस्तान के साथ हर युद्ध में बीएसएफ का योगदान सेना जैसा रहा है।



### नयी निगरानी प्रणाली

गृह मंत्री ने इस मौके पर सीमा पर कहा कि सीमा पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात की जायेगी। दो मॉडल विकसित किये गये हैं। पूरी सीमा पर इनकी तैनाती के बाद जवानों को सूचना प्राप्त करने और तकनीक का उपयोग करके दुश्मन की किसी भी हरकत का तुरंत जवाब देने में काफी आसानी होगी। शाह ने यह भी बताया कि घुसपैठ की पहचान करने और सुरंगों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए तकनीक का उपयोग करके कई प्रयोग किये गये हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ वर्षों में भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों को तकनीकी सहायता से पूरी तरह सुसज्जित किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्मित कई सुविधाओं का उद्घाटन भी किया।

**हौसला बढ़ाया :** जवानों से बातचीत उन्होंने उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही कहा कि यहां आने पर पता चलता है कि बीएसएफ के जवान किन कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। हमारे जवान हर मौसम और परिस्थिति पूरी तैयारी और सतर्कता के साथ सीमाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित रहते हैं। देश की सुरक्षा के मामले में बीएसएफ का गौरवशाली इतिहास रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद से निपटने और अलगाववादी विचारधारा को खत्म करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

## फिटनेस विकसित भारत की कुंजी : पीएम

### कम तेल, टहलना, स्वस्थ भोजन मोटापे से लड़ने में मददगार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारतीयों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मोटापे से मुक्त जीवन जीने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने दोहराया कि हमें अभी से ऐसी स्थिति को टालने का प्रयास करना ही होगा। स्वस्थ खाने की आदतें अपनाना, जैसे कि तेल का उपयोग कम करना, सिर्फ एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं है, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है। सभी को अपने खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करनी चाहिए। नियमित शारीरिक गतिविधि को दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यक्तिगत फिटनेस बनाये रखना विकसित भारत में महत्वपूर्ण योगदान देगा। पीएम ने एक पोस्ट कर कहा- बेहतर स्वास्थ्य हर समृद्ध समाज की नींव होती है।

उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कहा, , आइए हम एक स्वस्थ दुनिया के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी और लोगों की भलाई के विभिन्न पहलुओं में निवेश करती रहेगी। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने भारत में बढ़ते मोटापे के संकट पर चिंता जतायी।

## जातीय जनगणना हम करा कर रहेंगे : राहुल

एजेंसी

**पटना।** श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में संविधान सुरक्षा सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर आप संविधान को पकड़ते हैं तो सच्चाई की विचारधारा को पकड़ते हैं। राहुल गांधी ने भाजपा-आरएसएस पर हमलावर होते हुए पूछा कि क्या इसमें सावरकर जी की विचारधारा है? इसका जवाब देते हुए कहा नहीं है, क्योंकि वो सच्चाई का सामना नहीं कर सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इस देश में अगर आप दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, ईबीसी, और महिला हो तो आप सेकेंड क्लास सिटीजन हो।



**बिहार बदलेंगे :** राहुल गांधी ने कहा, गरीबों, दलितों को आगे बढ़ाना है। हम आपको राजनीति में लाकर बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं। एनडीए की सरकार में चुने हुए अरबपतियों के जरिए राजनीति चल रही है। अंबानी-अदाणी की राजनीति चल रही, उसको हम हराने जा रहे हैं। गरीब, कमजोर, ईबीसी, ओबीसी, दलित और सामान्य लोगों को जोड़कर इज्जत देकर आगे बढ़ाना ही कांग्रेस पार्टी का काम है।

राहुल ने कहा, वह ऐसे ही नहीं बोल रहे, पढ़ लिखकर बोल रहे हैं। डाटा के जरिये हम पूरी राजनीति की बदल सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मोहन भागवत जी कहते है कि जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए। लेकिन, हमलोग जातीय जनगणना के पक्ष में हैं। मैं वादा करता हूं कि कांग्रेस पार्टी इसे हर हाल में करायेगी। इससे पहले राहुल बेगूसराय में कन्हैया कुमार के नेतृत्व में जारी पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में शामिल हुए। सोमवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में श्री गांधी ने बताया कि उन्होंने पीएम मोदी से संसद में कहा कि आपने जो 50 प्रतिशत आरक्षण की झूठी दीवार बना रखी है, उसे आप नहीं तोड़ पायेंगे. उस दीवार को हम तोड़ेंगे। यह सामाजिक एक्स-रे है। यह एक क्रांतिकारी कदम है। इसलिए आरएसएस और भाजपा इसे रोकना चाहते हैं। दुनिया की कोई शक्ति जातीय जनगणना करने से नहीं रोक सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में महज 10 -15 लोग हैं, जिनके कब्जे में कॉरपोरेट सेक्टर है।

### शीर्ष कोर्ट वक्फ मामले में विचार को सहमत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समय रहते विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायाधीश संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और ए एम सिंघवी के शीघ्र सुनवाई के लिए 'तत्काल उल्लेख' किये जाने के बाद समय रहते याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। संसद की मंजूरी के बाद नये कानून को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गयी है।

## केंद्र सरकार एससी-एसटी सब प्लान कानून बनाये

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने तेज की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र सरकार से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सबप्लान को लेकर कानून बनाने की मांग की है। प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस एससी एसटी सब प्लान को लेकर केंद्रीय कानून बनाने की मांग करती है।




#### एससी-एसटी का होगा कल्याण: कमलेश

मीडिया से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों का सर्वांगीण विकास चाहते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंदिरा गांधी के शासनकाल में एससी एसटी सब प्लान की योजना बनाई गई थी, ताकि सामाजिक और आर्थिक अंतर को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि इन वर्गों को बुनियादी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए केंद्रीय कानून जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए बजट में कटौती की है।

#### खर्च का हो विशेष ऑडिट : उरांव

राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और विधायक रामेश्वर उरांव ने कहा कि वे यूपीए सरकार में मंत्री थे और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे जानते हैं कि एसटी सब प्लान का पैसा इन समुदायों के विकास पर खर्च करने के बजाय किस तरह अन्यत्र खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में अनुसूचित जनजाति सब प्लान की राशि से पुलिस के लिए गोलियां खरीदी गईं, एयरपोर्ट तक सड़क बनाई गई, कहीं परिवहन पर खर्च किया गया है। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि नियम 275-(1) के अनुसार केंद्र सरकार आदिवासियों के कल्याण के लिए एससी एसटी सब प्लान की राशि देती है। लेकिन वह राशि राज्य में आते-आते खत्म हो जाती है। इसीलिए राहुल गांधी कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को यह काम जल्द करना चाहिए, ताकि राशि का बंदरबांट न हो। पूर्व मंत्री ने कहा कि विशेष ऑडिट होना चाहिए, ताकि पता चल सके कि अब तक राशि कहां खर्च हुई है। हर साल जनरल एजी ऑडिट होता है, लेकिन इसका अलग से ऑडिट होना चाहिए, ताकि हकीकत सामने आ सके।

#### घट रही है सब प्लान की राशि : किशोर

झारखंड सरकार में वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील मामला है। यह पूरे देश के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए भी महत्वपूर्ण है। एससी एसटी सब प्लान को कानून का रूप देने की मांग संवैधानिक है। संविधान में यह प्रावधान पहले से ही है। वित्त मंत्री ने कहा कि एक दशक में आदिवासियों और दलितों को दी जाने वाली राशि घटती जा रही है। आवंटन में कमी आई है। केंद्र सरकार की इस नीति के कारण एससी एसटी में उपेक्षा की भावना है। इसीलिए राहुल गांधी की कानून बनाने की मांग जायज है ताकि इस फंड का सही ढंग से उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को जल्द से जल्द कानून बनाना चाहिए ताकि राशि का स्थानांतरण रोका जा सके।

## मनरेगा मजदूरी बढ़ी, झारखंड में अब रोज मिलेंगे 282 रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र सरकार ने मनरेगा में काम करने वालों की मजदूरी बढ़ा दी है। इससे झारखंड में मनरेगा मजदूरों को प्रति दिन 282 रुपये मिलेंगे। केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) के लिए मनरेगा में मजदूरी बढ़ाने से संबंधित गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, झारखंड के मनरेगा मजदूरों को अब प्रति दिन 255 रुपये की दर से भुगतान किया जायेगा. वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार ने झारखंड में मनरेगा मजदूरी 245 रुपये निर्धारित की थी। अन्य राज्यों के मुकाबले झारखंड में मनरेगा मजदूरी कम होने की वजह से राज्य सरकार अपनी तरफ से 27 रुपए देती है। इससे झारखंड के मनरेगा मजदूरों को पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रति दिन 272 रुपये की दर से मजदूरी मिलती थी। चालू वित्तीय वर्ष में मनरेगा में काम करने वालों के केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि को मिला कर कुल 282 रुपये प्रति दिन की दर से मजदूरी मिलेगी। केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए सबसे ज्यादा मजदूरी सिक्किम के तीन ग्राम पंचायतों के लिए निर्धारित की है। इन ग्राम पंचायतों में ज्ञानथांग, लाचुंग और लाचेन शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों को प्रति दिन 389 रुपये की दर से मजदूरी मिलेगी।




# सरकार का ऑफर: रील्स बनाकर कमाएं ₹10 लाख

## पर्यटन विभाग ने निकाला राज्य की 528 पर्यटन स्थलों को प्रमोट करने का बेहतरीन तरीका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स अब तक रील्स बनाकर इंस्टाग्राम और फेसबुक से पैसे कमाते थे। लेकिन झारखंड सरकार ने एक अनोखी पहल की शुरूआत की है। इसके तहत वे झारखंड की खूबसूरती और संस्कृति पर क्रिएटिव रील बनाकर 10 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि जीत सकते हैं। इसका उद्देश्य राज्य की 528 पर्यटन स्थलों को प्रमोट करने के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में रोजगार के नये अवसर प्रदान करना है।

सरकार की तरफ से रील बनाने वाले को जेटीडीसीएल होटलों में दो दिन की मुफ्त ठहरने की सुविधा मिलेगी। साथ ही पर्यटन स्थलों तक पहुंचने के लिए यात्रा साधनों की सुविधा के साथ वन विभाग और इको टूरिज्म टीम का पूरा सहयोग भी मिलेगा। यह पहल न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि ग्रामीण इलाकों को भी जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।



पर्यटन विभाग ने इसके लिए कई शर्तें भी रखी हैं। रील में पॉजिटिव और सत्य जानकारी होनी चाहिए। भ्रामक, नकारात्मक या झूठी जानकारी देने पर कार्रवाई हो सकती है। रील नई, क्रिएटिव और ऑथेंटिक होनी चाहिए। एक क्रिएटर को साल में एक बार ही इनाम मिलेगा। सरकार रील का प्रमोशनल इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन क्रिएटर को पूरा क्रेडिट मिलेगा।

**यहां बना सकते हैं रील :** नेतरहाट की पहाड़ियां, हजारीबाग नेशनल पार्क, बेतला नेशनल पार्क, देवघर का वैद्यनाथ धाम और त्रिकुटा पर्वत, रजरप्पा, पारसनाथ, मलूटी मंदिर, लुगु बुरु, मैक्लुस्कीगंज और आदिवासी त्योहार जैसे सरहुल, करमा और सोहराई के मौके पर रील बना सकते हैं।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने लगाया आरोप- कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण में व्यस्त

# मुस्लिमों को आरक्षण देने वाली कांग्रेस का दलित आदिवासी प्रेम दिखावा : अजय साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने कांग्रेस पार्टी के हालिया प्रेस वार्ता पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कांग्रेस के आदिवासी और दलित प्रेम को ष्दिखावटी बताते हुये उसे केवल राजनीतिक नौटंकी करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी और दलित वर्गों में अपनी गिरती पकड़ और कमजोर होती राजनीतिक स्थिति से बौखलाई हुई है। इसी हताशा में रोज नये-नये शिगूफे और बयानबाजी करके सहानुभूति पाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस वर्ग के अधिकारों का दावा कर रही है, उसी वर्ग का हक छीनकर वह मुस्लिम तुष्टिकरण में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि जिस समाज को कांग्रेस ने दशकों तक गरीबी,



पिछड़ेपन और शोषण के अंधेरे में रखा। भाजपा के शासनकाल में वही समाज विकास और सम्मान की मुख्यधारा में आया। तत्कालीन अटल सरकार ने झारखंड राज्य का निर्माण किया। भाजपा सरकार ने आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण योजना, हर घर जल योजना जैसे अनेक कार्यक्रमों के जरिये दलितों और आदिवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान देने का काम किया। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने झारखंड को कांग्रेस के मुकाबले तीन गुना ज्यादा फंड उपलब्ध

## तुष्टिकरण की आड़ में आदिवासी समाज की आवाज दबा नहीं सकती राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को पिठोरिया के बालू गांव पहुंच कर सरहुल जुलूस के दौरान हुई हिंसक घटना की जानकारी ली। श्री मरांडी ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि प्रशासन मामले की लीपापोती कर सच्चाई को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कान खोलकर सुन लें कि तुष्टिकरण की



आड़ में आदिवासी समाज की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन तत्काल आरोपियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी करे। इससे भविष्य में इस तरह का दुस्साहस करने की कोई हिम्मत न कर सके।

कराया है। उन्होंने कहा कि इन फंड्स की बंदरबांट और घोटाले झारखंड की सच्चाई बयां करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस अब कर्नाटक में दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को मुस्लिमों में बांटने की जो परंपरा शुरू कर चुकी है। उसे देशभर में लागू करना चाहती है। यह न केवल संविधान की भावना के खिलाफ है। बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी आहत करता है।

## सीएम द्वारा बहुसंख्यक हिंदू समाज को दहशतगर्द बताना शर्मनाक : बाबूलाल

- मुख्यमंत्री सभी नागरिकों के प्रति समान व्यवहार और सम्मानजनक भाषा अपनायें, यही आम लोगों की अपेक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में रामनवमी के दौरान बहुसंख्यक हिंदू समाज के लिए दहशतगर्द शब्द का प्रयोग बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुख्यमंत्री से अपेक्षा होती है कि वह सभी नागरिकों के प्रति समान व्यवहार और सम्मानजनक भाषा अपनायें, लेकिन, यहां उन्होंने विभाजनकारी शब्दों का प्रयोग कर अपनी दुर्भावनापूर्ण सोच को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि यह ठीक वैसा ही प्रयास है जैसा कांग्रेस ने पहले मजहबी आतंकवादियों को बचाने के लिए हिंदू आतंकवाद का झूठा नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया था। अब उसी राह पर हेमंत सोरेन चलते हुये सोची समझी रणनीति के तहत बहुसंख्यक समाज को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता हेमंत सोरेन के इस नफरती और जिहादी सोच को सफल नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री तत्काल बहुसंख्यक हिंदू समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

## कोल अफसरों का पे-अपग्रेडेशन: हाईकोर्ट ने वेतन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने 8 सप्ताह का दिया समय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नई दिल्ली।** कोल इंडिया के अधिकारियों की वेतन विसंगति का मामला सुलझने की ओर है। सोमवार को जबलपुर हाईकोर्ट में संबंधित प्रकरण की सुनवाई हुई। कोर्ट ने गठित कमेटी को वेतन संबंधी रिपोर्ट तैयार करने के लिए आठ सप्ताह का वक्त दिया है।

यहां बताना होगा कि अधिकारियों के वेतन विसंगति को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सुनवाई चल रही है। इसके पहले 11 मार्च को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने कोयला मंत्रालय एवं डीपीई को एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश देते हुए 7 अप्रेल को सुनवाई मुकर्रर की थी।

इधर, 7 अप्रेल को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने कोल मंत्रालय द्वारा अधिकारियों के पे अपग्रेडेशन को लेकर गठित कमेटी को 8 सप्ताह का समय दिया है। कोर्ट ने कहा है कि आठ सप्ताह में कमेटी रिपोर्ट तैयार करे, अगर इस रिपोर्ट से किसी पक्ष की असहमति हो तो वो कोर्ट आ सकता है। कोर्ट ने डीपीई द्वारा नवंबर 2017 में जारी दिशा निर्देश का पालन करने को कहा है।

सोमवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार केत और न्यायधीश विवेक जैन की बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान मंत्रालय, डीपीई और सीआईएल के अधिवक्ता ने कहा कि मंत्रालय ने अधिकारियों की वेतन विसंगति को दूर करने हेतु एक कमेटी बनाई है। कमेटी की एक बैठक भी हो चुकी है। कोल अधिकारियों को देश के अन्य महारत्न कंपनियों की तरह वेतन संबंधी रिपोर्ट तैयार करने हेतु 8 सप्ताह का समय चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सहमति से 8 सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने समय दिया।

## मंईयां सम्मान योजना के लाभ के लिए राशन कार्ड अनिवार्य

**पारदर्शिता जरूरी**

- पति और पिता के नाम के राशन कार्ड से भी मिलेगा मंईयां योजना का लाभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ उठाने के लिए महिलाओं के पास राशन कार्ड और आधार कार्ड दोनों होना अनिवार्य है। इससे योजना में फर्जीवाड़ा रोकने में मदद मिलेगी। राशन कार्ड का सत्यापन टेक्नोलॉजी के जरिए किया जाएगा। इसके लिए खाद्य आपूर्ति विभाग के राशन कार्ड पोर्टल के एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस, नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ




इंडिया, नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर और पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा।

**पिता या पति के नाम का राशन कार्ड होगा मान्य :** सत्यापन की प्रक्रिया महिला, बाल विकास विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग के सहयोग से यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिनका नाम राशन कार्ड में नहीं है, उनके लिए पिता या पति का राशन कार्ड भी मान्य होगा।

# केंद्र सरकार को लाभांश देने के मामले में कोल इंडिया शीर्ष पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार का खजाना भरने में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कोल इंडिया लिमिटेड टॉप पर है। सीआईएल ने खत्म हुए वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 10,252.09 करोड़ रुपए का लाभांश दिया है। यहां बताना होगा कि कोल इंडिया लिमिटेड विश्व की सबसे बड़ी कोयला उत्पादन कंपनी है। सीआईएल ने वित्त वर्ष 2024- 25 में 781.06 मिलियिन टन कोयल उत्पादन किया है। केन्द्र सरकार को वित्तीय वर्ष 2024- 25 में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से



74,016.68 करोड़ रुपये का लाभांश प्राप्त हुआ है। केन्द्र सरकार को 2023-24 में 63,749.29 करोड़ रुपये का लाभांश मिला था। इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। लाभांश देने के मामले में कोल इंडिया के बाद दूसरे स्थान पर राज्य के स्वामित्व वाली तेल और गैस की दिग्गज कंपनी ओएनजीसी है। ओएनजीसी ने 10,001.97 करोड़ रुपए का डिविडेंड दिया है। भारत की शीर्ष ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी आईओसीएल ने 5,090.54 करोड़ रुपए, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और एनटीपीसी ने क्रमशः 4,824.59 करोड़ रुपए और 4,088.16 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

पिछले एक दशक में सीपीएसयू से लाभांश संग्रह में वृद्धि का देखने को मिली है। 2021-22 में सरकार को सीपीएसयू से 59,294 करोड़ रुपए मिले थे। 2022- 23 में 59,533 करोड़ रुपए की मामूली वृद्धि हुई थी, लेकिन 2023- 24 में यह आंकड़ा बढ़कर 63,749.29 करोड़ रुपए पर पहुंच गया था।

## खबर एक नजर में

### जेपीएससी प्रथम के 18 आरोपियों को मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** जेपीएससी प्रथम नियुक्ति घोटाले के 18 आरोपियों को हाईकोर्ट ने सोमवार को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। सीबीआई कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद सभी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अग्रिम जमानत के लिए राजेश्वर नाथ आलोक, अनिल कुमार यादव, सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेंग, ज्योति झा, कामेश्वर राम, लक्खी राम बासकी, हरिवंश पंडित, सुदर्शन मुर्मू, अनंत कुमार, राजीव कुमार, योगेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण समेत अन्य ने याचिका दायर की थी। सीबीआई ने जेपीएससी (प्रथम) नियुक्ति घोटाले की जांच के बाद कुल 37 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। सीबीआई ने जेपीएससी के पांच अधिकारी और 12 परीक्षकों के अलावा 20 तत्कालीन परीक्षार्थियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

### जमशेदपुर बार संघ में वित्तीय अनियमितता की याचिका वापस

**रांची।** जमशेदपुर जिला बार संघ में वित्तीय अनियमितता के मामले में दाखिल याचिका प्रार्थी राजेश जायसवाल ने वापस ले ली है। प्रार्थी ने सोमवार को अदालत को बताया कि इस मामले में पुलिस ने फाइनल फॉर्म जमा कर दिया है। वह पुलिस के फाइनल फॉर्म जमा किए जाने को चुनौती देंगे। ऐसे में वह वर्तमान याचिका हाईकोर्ट से वापस लेना चाहते हैं। इस पर चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान कर दी। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट को बताया गया था कि इस मामले में पुलिस ने फाइनल फॉर्म जमा कर दिया है।

## मामला सचिवालय सेवा संवर्ग के पदाधिकारी-कर्मचारी से पैसे वसूली का

# कर्मियों को किये गये अतिरिक्त भुगतान की वसूली नहीं की जा सकती : संघ

**फैसले का विरोध**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कैबिनेट के फैसले के आलोक में सचिवालय सहायक संवर्ग के 300 पदाधिकारियों से प्रति पदाधिकारी पर औसतन 18 से 19 लाख रुपये वसूली की अनुशंसा की गयी है, जबकि सचिवालय सेवा संवर्ग के 2006 से पूर्व नियुक्त लगभग 300 पदाधिकारी इनकम टैक्स के रूप में लगभग 17.10 करोड़ रुपए भी जमा कर चुके हैं। संघ का कहना है कि कैबिनेट का फैसला न्याय संगत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए संघ ने कहा है कि नियोक्ता की ओर से गलत गणना या किसी नियम की गलत व्याख्या के आलोक में कर्मचारियों को किये गये अतिरिक्त भुगतान की वसूली नहीं की जा सकती है।

**क्या है मामला :** महालेखाकार द्वारा एक ही मामले में दो फिटमेंट टेबल बनाए जाने को नियमसंगत नहीं करार देने के बाद वित्त विभाग ने एक अक्तूबर 2019 को जारी वेतन निर्धारण से संबंधित संकल्प को रद्द करने का प्रस्ताव पेश किया था। कैबिनेट ने वित्त विभाग के इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए रद्द कर दिया था। 2019 को जारी संकल्प से 2006 से पहले नियुक्त सचिवालय सहायको का वेतन और ग्रेड पे बढ़ गया था। साथ ही उन्हें एरियर भी मिला था। एरियर और बढ़े हुए वेतन की वजह से प्रति पदाधिकारी को 18 से 19 लाख रुपए अधिक मिले हैं। विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय कमेटी ने वसूली की अनुशंसा की है। इस संकल्प को रद्द करने की वजह से 2006 से पहले नियुक्त सचिवालय सहायकों के वेतन में भी 10 से 15 हजार रुपए की कमी हो जाएगी।

### सरकार का फैसला न्याय संगत नहीं

सचिवालय सेवा के अधिकारी व कर्मचारी इस फैसले को न्याय संगत नहीं बता रहे हैं। उनका कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेश के आलोक से राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी जा सकती है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए विभिन्न न्याय निर्णयों में भी कहा गया है कि यदि प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए वेतन निर्धारण की कार्रवाई की जाती है तो उसे बिना स्पष्टीकरण और युक्ति युक्त अवसर प्रदान किए बिना लिया गया निर्णय अविवेक पूर्ण होगा।

# झामुमो के संविधान संशोधन पर विचार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केन्द्रीय पार्टी कार्यालय हरमू में सोमवार को बैठक हुई, जिसमें संविधान संशोधन समिति के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में आसन्न 13वें केन्द्रीय महाधिवेशन में पेश होनेवाले पार्टी के संविधान संशोधन के बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में संविधान संशोधन समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, सुदिव्य कुमार, योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद और विजय कुमार हांसदा उपस्थित हुए। बता दें कि रांची के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में पार्टी का 13वें केन्द्रीय महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को



होना है। जिसमें झामुमो के नेता संगठन से लेकर सरकार को मुद्दे पर मंथन करेंगे। इसमें पूरे राज्य से नेता व कार्यकर्ता जुटेंगे। पार्टी ने महाधिवेशन को लेकर स्वागत समिति, राजनैतिक प्रस्ताव सह आगामी कार्यक्रम व रूपरेखा समिति और संविधान संशोधन समिति का गठन किया है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन सभी समितियों के संयोजक हैं। वहीं कमेटी में पार्टी के मंत्री, विधायक और पदाधिकारी शामिल हैं।

## वर्ष 2025-26 होगा आदिवासी स्वाभिमान वर्ष, नीतिगत निर्णय लेने को सरकार प्रतिबद्ध

# एसटी-एससी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए योजना बनाकर काम करें : चमरा लिंडा

- कल्याण मंत्री ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक
- आदिवासी समुदायों की संस्कृति, परंपराएं एवं जीवनशैली इस भूमि की धरोहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने सोमवार को कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा एवं अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक



की। मंत्री श्री लिंडा ने अधिकारियों से कहा कि बिना किसी शिकायत एवं बाधा के एकलव्य सहित अन्य सभी कल्याण आवासीय विद्यालयों के नामांकन परीक्षा का निर्धारित समय पर आयोजन करा लेने के लिए आपसभी का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य के एसटी/एससी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लिए योजना बनाकर कार्य करें।

**नीतिगत निर्णय लेने को राज्य सरकार प्रतिबद्ध :** मंत्री श्री लिंडा ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए ऐसे नीतिगत निर्णय लेने हेतु प्रतिबद्ध है, जो उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण को गति दे। उनका सम्मान, स्वाभिमान, कल्याण और विकास केवल संवैधानिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे नैतिक मूल्यों का भी प्रतिबिंब होना चाहिए। कल्याण मंत्री ने कहा कि हमारा विभाग अपने प्रयासों से एक ऐसे झारखण्ड की कल्पना को साकार करें, जहां आदिवासी समाज अपने अधिकारों के साथ स्वाभिमानपूर्वक जीवन जी सके और अपनी अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक संजो सके। बैठक में प्रबन्ध निदेशक टीसीडीसी नीलसोम बागे, उप निदेशक धीरेंद्र सिंह, अप निदेशक मोनिका टूटी, राकेश उरांव, अमृता कुजूर आदि उपस्थित थे।

**2025-26 आदिवासी स्वाभिमान वर्ष होगा :** वर्ष 2025-26 आदिवासी स्वाभिमान वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की विशिष्ट पहचान का पर्याय है यहां का आदिवासी समाज। झारखंड की 32 आदिवासी समुदायों की संस्कृति, परंपराएं, और जीवनशैली इस भूमि की धरोहर हैं। सदियों से इन समुदायों ने अपने श्रम, संघर्ष और साहस से समाज और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखा है। आज यह प्रासंगिक है कि हम उनके गौरवशाली अतीत को न केवल संरक्षित करें, बल्कि उनके आत्मसम्मान और अधिकारों को और अधिक सशक्त करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और परंपरागत आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देकर हम उनके स्वाभिमान को मजबूत कर सकते हैं।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की बैठक में फैसला

# हजारीबाग का पदमा ओपी बनेगा थाना देवघर हवाई अड्डा के पास खुलेगा ओपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में हजारीबाग के पदमा ओपी को थाना का दर्जा देने का फैसला लिया गया। वहीं एक अन्य फैसले में देवघर हवाई अड्डा के पास नया पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगायी गयी। यह निर्णय सोमवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में ली गयी है। बताते चलें कि पदमा में पुलिस आउट पोस्ट काफी लंबे समय से संचालित है। बैठक में बताया गया कि पदमा ओपी का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा है।

**यह इलाका घनी आबादी वाले क्षेत्र में परिवर्तित हुआ :** अब यह इलाका विस्तृत आबादी वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। इस इलाके में आपराधिक गतिविधियां भी उसी अनुपात में बढ़ी हैं। पदमा ओपी को थाना में उत्क्रमित करने में अनुमानित दो करोड़ 70 लाख रुपये खर्च होंगे।



### देवघर हवाई अड्डा के कारण विमानपत्तन ओपी के सृजन का निर्णय

दूसरी ओर देवघर जिला के कुण्डा थानान्तर्गत देवघर हवाई अड्डा के कारण विमानपत्तन ओपी के सृजन का निर्णय लिया गया। इसके प्रस्ताव में गृह विभाग द्वारा बताया गया कि कुण्डा थाना से देवघर हवाई अड्डा की दूरी सात किमी. एवं मुख्यालय से 12 किमी. होने के कारण थाना का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा हो जाता है। हवाई अड्डा का इलाका दुर्गम होने के कारण कुंडा थाना से विधि व्यवस्था के संधारण में कठिनाई होती है। वहीं पिछले कुछ दिनों में आपराधिक घटनाएं भी बढ़ी हैं। इसके मद्देनजर पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगायी गयी। इस ओपी के सृजन में लगभग चार करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, राजस्व सचिव चंद्रशेखर और आइजी हेडक्वार्टर मनोज कौशिक मौजूद थे।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



बेल्डीह काली मंदिर में बासंती दुर्गापूजा के विसर्जन से पूर्व सिंदुर खेला करती बांग्ला समाज की महिलाएं।

# लौहनगरी में राममय माहौल के बीच निकला रामनवमी विसर्जन जुलूस



साकची गोलचक्कर में श्रीश्री बालमंदिर अखाड़ा समिति का जुलूस।



रामनवमी जुलूस में जोश भरता ताशा दल।



सोनारी में विसर्जन जुलूस के दौरान छऊ नर्तकों की टीम ने शमां बांधा

### जगह-जगह लगे थे सेवा शिविर, बांटी जा रही थी घुघनी और शर्बत

### योद्धाओं के हैरतअंगेज करतब देख कर रोमांचित हुए बच्चे और युवा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भीषण गर्मी के चलते अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष एक घंटा देरी से अपराह्न 4 बजे से नगर के 197 अखाड़ों द्वारा श्री रामनवमी विसर्जन जुलूस निकाले गए। सोमवार को निकाले गए श्रीरामनवमी जुलूस में विशाल झंडे लेकर श्रद्धालु जय श्रीराम, जय हनुमान का नारा लगाते हुए अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए विसर्जन के लिए, साकची गांधी घाट और हाथधोड़ा घाट पहुंचे। इस दौरान जमशेदपुर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कोल्हान के डीआइजी मनोज रतन चौथे, डीसी अनन्य मित्तल और सीनियर एसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष सीसीआर में बनाए गए कंट्रोल रुम से सीसीटीवी के जरिए जुलूस भ्रमण पर नजर रखे हुए थे। कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी श्री मनोज रतन चोथे, डीसी एवं एसएसपी द्वारा सीसीआर से रामनवमी विसर्जन जुलूस की पल-पल की गतिविधि पर रखी जा रही नजर। टेल्को कालोनी से लेकर टिनप्लेट चौक, गोलमुरी और साकची कालीमाटी रोड होते हुए साकची गोलचक्कर तक जगह-जगह सामाजिक संगठनों द्वारा सेवा शिविर लगाया गए थे। सेवा शिविर में जुलूस में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए शर्बत, ठंडा सादा पानी और घुघनी आदि की व्यवस्था थी। दूसरी ओर सोनारी और कदमा में भी सामाजिक संगठनों ने जुलूस के स्वागत में सेवा शिविर लगाये थे। मानगो डिमना रोड से लेकर मानगो पुल तक और 14 नंबर रोड,मानगो से लेकर मानगो पुल तक कई संगठनों ने सेवा शिविर लगाये थे। शिविरों में अखाड़ों के पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। देर रात तक विसर्जन जुलूस जारी था। विसर्जन जुलूस में बाल मंदिर साकची समेत अन्य अखाड़ों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गईं जिसका लुत्फ लोगों ने उठाया। सोनारी में ललन अखाड़ा की ओर से आमंत्रित मणिपुरी कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाये।

## प्रभु श्रीराम का जीवन हमें सामाजिक प्रेरणा देता हैं : बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सेवा शिविर में बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रामनवमी के विसर्जन के दिन जमशेदपुर के विभिन्न अखाड़ा समितियों का दौरा किया.जहां उन्हें पगड़ी पहनाकर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित भी किया गया। अखाड़े में डंका की धुन सुनकर बन्ना गुप्ता खुद को रोक नहीं पाए और जमकर डंका बजाया और अपनी लाठी भांजते हुए अखाड़े का लुत्फ उठाया। मौके पर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने झारखंडवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें सामाजिक प्रेरणा देता हैं। रामनवमी के विसर्जन के दिन राम भक्तों की सहायता हेतु मानगो चौक पर मानगो कांग्रेस प्रखंड के अध्यक्ष ईश्वर सिंह,जमशेदपुर टेलर्स ट्रक ओनर्स एसोसिएशन, कुशवाहा संघ मानगो, राष्ट्रीय एकता मंच, विश्वकर्मा कल्याण समिति, रौनियार वैश्य कल्याण समिति, तैलिक एकता मंच, कदमा रंकणी मंदिर के सामने, बन्ना गुप्ता फैन्स क्लब, के द्वारा लगाए गए सहायता शिविर में पहुंच कर बन्ना गुप्ता ने राम भक्तों की सेवा किया और उनके साथ भोग खाकर सभी लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दिया। इस दौरान सहायता शिविर के आयोजनकर्ताओं ने पूर्व मंत्री को पगड़ी तलवार अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## पारडीह चेपा पुल पर मुस्लिम समाज ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के बैनर तले रामनवमी अखाड़ों का किया भव्य स्वागत



जमशेदपुर। रामनवमी के पावन अवसर पर आजादनगर थाना शांति समिति और ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से पारडीह चेपा पुल के समीप भव्य अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखाड़ों के लाइसेंसी सदस्यों नितिन चंद्र और संजय मुखर्जी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, पारडीह दुर्गा पूजा समिति से अपूर्व पाल, मुख्तार आलम खान, सैयद आलम, सैयद आसिफ अख्तर अध्यक्ष मतीनुल हक अंसारी, सरदार गुरुचरण सिंह और डॉ निधि श्रीवास्तव व अन्य सहयोग रहा। अन्य प्रमुख अतिथियों में अशफाक आलम, हरपाल सिंह, मोइनुद्दीन, रिजवानुल हक, ताहिर हुसैन, शेख निजामुद्दीन बदरुद्दीन, सैयद साजिद परवेज, सैयद आलम, बाबूराम सोरेन और फिरोज आलम, मो हाशिम, रिजवानुज्जम, मो, फरजाना सफी, मास्टर सिद्दिक अली, हाजी फिरोज असलम, अयूब और मो फिरोज का नाम शामिल है।

**स्पीड न्यूज**

### बुकिंग व रेलवे अस्पताल में अलग काउंटर की सुविधा देने की मांग



चक्रधरपुर/जमशेदपुर। आदिवासी हो समाज सेवानिवृत्त संगठन पश्चिमी सिंहभूम के पदाधिकारियों ने सोमवार को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी से मुलाकात की। इस दौरान संगठन ने सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए रेल टिकट बुकिंग एवं रेलवे अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा देने की मांग की। संगठन के सदस्यों ने सांसद को जानकारी दी कि चाईबासा रिजर्वेशन काउंटर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से लाइन/खिड़की का प्रावधान नहीं है। जिससे वरिष्ठ नागरिकों को घंटों लाइन में खड़े रहने पर तकलीफ हो रही है। उसी प्रकार रेलवे अस्पताल चक्रधरपुर में भी वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से लाइन/खिड़की नहीं है। जिससे वरिष्ठ नागरिकों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। जबकि पूरे भारत वर्ष में रेलवे स्टेशनों पर वरिष्ठ नागरिकों का ख्याल रखा जाता है। सदस्यों ने सांसद से इस मुद्दे को मंडल रेल प्रबंधक के समक्ष रख समाधान की मांग की। सदस्यों की मांग को उचित ठहराते हुए सांसद ने तत्काल चक्रधरपुर के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर नियमानुकूल कार्रवाई करते हुए दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल रेल अन्तर्गत टिकट बुकिंग काउंटरों के अलावा रेलवे अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधा सुनिश्चित कराने की मांग की। सांसद से मुलाकात करने वालों में संगठन के सचिव चंद्रमोहन बिरूवा, बामिया बारी, हरीश कुंकल, हरीश बानरा, मंगल सिंह कुंटिया आदि शामिल रहे।

### अर्जुन मुंडा रामनवमी जुलूस में हुए शामिल

जमशेदपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न अखाड़ों द्वारा निकाली गई थी, जिसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन, सांस्कृतिक झांकियां निकाली निकाली गयी। शोभायात्रा के दौरान पूरे शहर में एक भक्तिमय वातावरण बना रहा और पूरा जमशेदपुर राममय नजर आया। अर्जुन मुंडा ने आम जनता से मुलाकात की एवं सभी को रामनवमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें धर्म, मयार्दा और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। रामनवमी का यह पर्व झारखंड की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस अवसर पर मैं समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

# जमशेदपुर में रामनवमी का झंडा 1.32 लाख वोल्ट के तार से सटा, छह घायल

### यशोदानगर में शाम पांच बजे हुआ हादसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** परसूडीह थाना अंतर्गत यशोदा नगर शारदा राम बजरंग अखाड़ा कमिटी के विसर्जन जुलुस में झंडा 1 लाख 32 हजार वोल्ट के तार में सटने के कारण 6 लोग जख्मी हो गए है।

इनमें से एक आदमी संजय कुमार सिंह ज्यादा सीरियस होने के कारण टाटा मुख्य अस्पताल में भेजा गया है। 4 लोगों का ईलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने से जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष मौके तत्काल पहुंचे और एम्बुलेंस से घायलों को टाटा मोटर्स मेन हॉस्पिटल पहुंचवाया। यहां संजय सिंह की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें टाटा मेन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।



टाटा मोटर्स हॉस्पिटल में एम्बूलेंस से घायल को उतारते लोग।



अस्पताल में घायल का हालचाल लेते पार्षद डॉ पारितोष सिंह।

पार्षद पारितोष ने तुरंत घटना की जानकारी डीसी अनन्य मित्तल और सीनियर एसपी किशोर कौशल को दी। घायलों में विजय कुमार, विजय कुमार दे, शमी कुमार प्रसाद, प्रदीप वर्मा और यश प्रजापति को टाटा मोटर्स मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जिसमें शमी प्रसाद को देर शाम छुट्टी दे दी गई। गंभीर रुप से घायल संजय कुमार सिंह का इलाज टीएमएच में चल रहा है। वे खतरे से बाहर हैं।

परिजनों से बात करने की स्थिति में हैं। बता दें कि यशोदानगर से डीवीसी का हाई वोल्टेज तार वाला टावर गुजरा है। टावर से तार काफी नीचे तक झूले हुए हैं, और यहां हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है।

जनवरी 2025 में बस्तीका एक लड़का पतंग उड़ाते वक्त इस तार की चपेट में आकर जान गवां बैठा था।

## जादूगोड़ा में सविता सरदार की हत्या के मामले में उसका प्रेमी नकुल गिरफ्तार

### बरामद मोबाइल से हत्यारे तक पहुंची पुलिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा में सविता सरदार की हत्या कांड मामले में जादूगोड़ा पुलिस ने 24 घंटे में मामले का उद्भेदन कर आरोपी नकुल सिंह को गिरफ्तार कर घाटशिला जेल भेज दिया। घटना स्थल से बरामद मोबाइल ने सविता सरदार के हत्यारे तक पुलिस को पहुंचने में सफलता मिली।मृतिका सविता सरदार कोवाली थाना क्षेत्र के चाकडी की रहने वाली थी जबकि उसका प्रेमी डोमजूडी गांव के महुलडीह का रहने वाला है। इस बाबत आरोपी नकुल सिंह के खिलाफ जादुगोड़ा थाना कांड सं 22/25 दिनांक - 05/04/25 धारा -64/103(1) के तहत मृतिका के यौन सम्बन्ध बनाने, हत्या करने व शव को छुपाने के आरोप मे गिरफ्तार कर घाटशिला जेल भेज दिया गया। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि हत्या या स्वयं मौत के मामले पर से पर्दा उठ सके। मृतिका के शरीर पर कोई जख्म का निशान नहीं पाए गए थे।

## टाटा में मालगाड़ी से टकराने से बची बंदे भारत एक्सप्रेस



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। टाटानगर रेलवे स्टेशन में बड़ा हादसा होते-होते टल गया क्योंकि एक ही पटरी पर आमने-सामने मालगाड़ी और बंदे भारत एक्सप्रेस आ गईं किन्तु चालक के सुझ-बूझ से दोनों ट्रेनों को सिंगल पटरी पर रोका गया, और हादशा टल गया। रेल सूत्रों के अनुसार टाटानगर रेलवे स्टेशन से मालगाड़ी सरायकेला से आदित्यपुर पूल पार कर के जा रही थी, तभी दूसरी तरफ से सरायकेला आदित्यपुर से टाटानगर रेलवे स्टेशन आ रही बंदे भारत एक्सप्रेस भी समान लाइन पर चली आई। समय रहते चालकों ने दोनों ट्रेन को रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मालगाड़ी को पीछे किया गया, जिसके बाद वंदे भारत एक्सप्रेस पूल पार कर टाटानगर रेलवे स्टेशन गई। रेलवे विभाग के अधिकारी नें पूरे मामले कि जांच का आदेश दिया है।

## सरायकेला-खरसावां : प्रशासन ने किया सरायकेला छऊ शैली नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन की ओर से राजकीय छऊ नृत्य कलाकेंद्र प्रेक्षागृह में सरायकेला शैली के छऊ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया,जिसमें जय मां बसंती कला परिषद टेंटोपोसी,राधा कृष्ण कला परिषद पारोलपोसी,शिवमन्दिर छऊ नृत्य क्लब कोटार चारा राजनगर,नव युवक संघ छऊ नृत्य क्लब,भंडारीसाई,सरायकेला छऊ नृत्य कला केंद्र रंगपुर,जय बहादुर कला परिषद टेंटोपोसी,बिनापानी छऊ नृत्य क्लब चौके,श्री श्री शिव शक्ति छऊ नृत्य कलाकेंद्र,देवगिरिसाई कुल आठ दल ने भाग लिया। प्रतियोगितामें निर्णायक मंडली के निर्णय को अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो ने सभीं प्रतियोगी दलों के बीच प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले दलों के नामों की घोषणा किया। प्रथम स्थान के रूप में नव युवक संघ छऊ नृत्य क्लब भंडारीसाई ,द्वितीय स्थान सरायकेला छऊ नृत्य कलाकेंद्र,रंगपुर तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में शिव मंदिर छऊ नृत्य क्लब,कोटारचारा राजनगर ने कब्जा जमाया। निर्णायक के रूप में गुरु तपन कुमार पटनायक,गुरु बृजेंद्र पटनायक,गुरु सुधांशु शेखर पानी,गुरु रजत पटनायक,गुरु तरुण कुमार भोल,गुरु मनोरंजन साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व विख्यात नृत्यश्री कामेश्वर भोल एवं सभी निर्णायक मंडली ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राजकीय छऊ नृत्य कलाकेंद्र के कलाकारों ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया,उक्त अवसर पर अंचल अधिकारी ने सभी कलाकारों का स्वागत करते हुए कहा कि जो भी दल पुरस्कार से बाहर रहे उन्हें मन दुखी करने की जरूरत नहीं,सभी दल ने अच्छा प्रदर्शन किया,सभी ने अपना कला संस्कृति को बचा के रखा है ये बहुत बड़ी बात है। इसलिए निराश होने की जरूरत नहीं। अपने टीम को और बेहतर बनाइए और अगले साल के लिए तैयार रखे,सफलता जरूर कदम चूमेगी,प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले दल को मुख्य मंच में अतिथियों के कर कमलों से पुरस्कार दिया जाएगा,उक्त अवसर पर भोला महांती,सुदीप कबी,रूपेश साहू,कार्यालय कर्मी राजेश महापात्र,नाजिर कृष्णा सोय,आशीष कर,गजेंद्र महांती,पंकज साहू, अभिनाश कबी,गोपाल पटनायक, निवारण महतो, असित पटनायक, राकेश कबी,घसीनाथ भोल,सिद्धू दरोगा,चंदन कबी सहित काफी संख्या में कलाकार उपस्थित थे।

**एक नजर में**

### यूसिल के 52 चाटीकोचा विस्थापितों का धैर्य दिया जवाब, कंपनी का 3 घंटा रेयर गेट किया जाम



जादूगोड़ा। भारत सरकार की संस्थान यूरेनियम कॉपरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसिल) के 52 चाटीकोचा विस्थापितो का धैर्य आज सोमवार को जवाब दे गया। इधर यूसिल के मृतक विस्थापितों के आश्रितों ने विस्थापित नेता पीथो माझी की अगुवाई में नियोजन की मांग की लेकर कम्पनी का रेयर गेट जाम कर दिया।इधर विस्थापितों के इस आंदोलन से जादूगोड़ा माइंस से तूरामडीह व बागजाता माइंस से आनेवाले यूरेनियम अयस्क की ढुलाई पूरी तरह ठप पड़ गई। जिससे अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए है। मामले को सुलझाने को लेकर कंपनी के डिप्टी मैनेजर एम के साहू घटना स्थल पर पहुंचे व विस्थापित नेता पिथो माझी से आंदोलन खत्म कर वार्ता करने की पेश कश की व मामले को सुलझाने का आग्रह किया। जिसके बाद ग्रामीणों व यूसिल के उपमहाप्रबंधक ( कार्मिक) राकेश कुमार के बीच वार्ता के बाद रियर गेट जाम समाप्त हो गया। बैठक के बाद विस्थापित नेता पीथो माझी ने कहा यूसिल प्रबंधन ने जल्द ही विस्थापितों को नियोजन की मांग को लेकर मंजूरी हेतु कंपनी के तकनीकी निर्देशक मनोज कुमार को भेजी गई है जहां से जल्द कानूनी प्रक्रिया पूरी कर नियोजन का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। यहां बताते चले कि बीते आठ सालों से हजारों वार्ता हुई,लेकिन कोई सकारात्मकता परिणाम नहीं आया व वर्ष 20 2025 कर एक भी नौकरी मृतक के आश्रितों को नहीं मिली जबकि कंपनी प्रबंधन ने प्रत्येक साल मृतक के आश्रितों को नियोजन का भरोसा दिया था, लेकिन नतीजा सिफर निकला। आंदोलन के बाद कम्पनी झुकी व नियोजन का मार्ग प्रशस्त हुआ। कंपनी प्रबन्धन ने कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंधन निर्देशक या तकनीकी निर्देशक स्तर के अधिकारियों से वार्ता बुलाने की मांग पर अड़े है।विस्थापित नेता पिथीं माझी कहते है अधिकारी बीते आठ सालों से नौकरी देने का झूठा झांसा देकर मामले की अटकाए हुए है व वार्ता के नाम में कम्पनी आंदोलन को तोड़ मामले की इतिश्री कर देती हैं। ऐसे में कंपनी पहले 13 लोगों को नौकरी देने को कानूनी प्रक्रिया शुरू करे तो आंदोलन वापस होगा अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। ' यहां बताते चले कि यूसिल के मृतक विस्थापितों ने कम्पनी को पहले जमीन दी। बदले में नौकरी मिली लेकिन बीच में कई विस्थापिति असमय काल के गाल में समा गए। अब उनके पास न तो नौकरी बची है व न ही जमीन। ऐसे में मृतक यूसिल विस्थापितों के आश्रितों ने समक्ष सबसे बड़ा चुनौती रोजी रोटी संकट उत्पन्न होगा। बीते आठ सालों से नियोजन के मुद्दे पर विस्थापितों को टरकाने वाले वअधिकारियों दूसरा जोर करना है कर लो जैसी धमकी दे अजीज आकर विस्थापितों को आंदोलन का एक मात्र रास्ता सुझा आज 20 विस्थापित परिवार अपनी मांगों के समर्थन में बैठ गए। धरना में बैठने वालों में। पीथो माझी,राम साईं टुडू,राजू सिंह,श्रीकांत उरांव, अर्जुन मुर्मू, सुखलाल मार्डी, अनिता हासदा, नील मुनि मुर्मू, लुमिना लुगुन, विजय हो, लखन हांसदा, प्रिया दिग्गी, दीपक सोरेन, साजन कुकल, सोना राम हांसदा, रचना, प्रधान दिग्गी, होदा नाथ सोरेन ने हिस्सा लिया।

### वीमेंस विवि के भूगोल विभाग की छात्राओं ने नेतरहाट पतरातू में किया पर्यटन भूगोल का फील्ड अध्ययन



जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग द्वारा स्नातक , सेमेस्टर-6 की छात्राओं के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया , जो 3 अप्रैल से 5 अप्रैल 2025 के बीच सम्पन्न हुआ । यह भ्रमण उनके पाठ्यक्रम के ह्य पर्यटन भूगोल ह्न विषय के प्रायोगिक पत्र का हिस्सा था । इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकाल कर प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्थलों का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना था। शिक्षिका मिस प्रीति और श्रीमती आरती शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने झारखंड के पश्चिमी भाग में स्थित खूबसूरत पर्यटन स्थलों जैसे नेतरहाट और पतरातू का भ्रमण किया। इन क्षेत्रों में स्थित अपने चट्टानी स्वरूप और जल प्रवाह के लिए प्रसिद्ध, झारखंड का सबसे ऊँचा लोध जलप्रपात है। सुग्गा जलप्रपात की शांत और सुरम्य छटा ने छात्राओं को प्राकृतिक पारिस्थितिकी के बारे में व्यावहारिक समझ प्रदान की , वहीं मैग्नोलिया सनसेट पॉइंट और कोयल सनराइज पॉइंट ने छात्राओं को दृश्य भूगोल के अध्ययन का अवसर प्रदान किया। छात्राओं ने नाशपाती बागान में क्षेत्रीय कृषि प्रणाली और मौसम की अनुकूलता का अवलोकन किया। ऊपरी घाघरी जलप्रपात, पाइन और साल के घने वन, पतरातू घाटी और झील जैसे स्थलों ने उन्हें जल प्रबंधन, और पर्यटन की संभावनाओं के बारे में गहन जानकारी दी। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने देखा कि किस प्रकार ग्रामीण समुदाय पारंपरिक रूप से महुआ के फूलों को वन क्षेत्रों से एकत्र कर अपनी आजीविका चलाते हैं। यह क्रिया स्थानीय प्राथमिक आर्थिक गतिविधियों का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो मानव भूगोल की व्यावहारिक समझ को मजबूत करता है। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति महोदया प्रो अंजिला गुप्ता के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया । इस शैक्षणिक भ्रमण की सराहना करते हुए माननीय कुलपति महोदया ने कहा कि पर्यटन भूगोल में इस प्रकार के फील्ड विज़िट्स छात्राओं को जीवन से जोड़ती हैं एवं विषय की गहराई को समझने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह भ्रमण छात्राओं के भीतर शोध क्षमता तथा क्षेत्रीय विश्लेषण की योग्यता को विकसित करेगा। यह भ्रमण छात्राओं के लिए केवल एक पाठ्यक्रमगत अनिवार्यता नहीं था, बल्कि प्राकृतिक भूगोल, मानव भूगोल और आर्थिक भूगोल के विविध पक्षों को प्रत्यक्ष रूप से देखने-समझने और अनुभव का माध्यम बना।

## स्पीड न्यूज

### हुसैनाबाद में विभिन्न पूजा कमिटियों ने निकाली रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा



हुसैनाबाद पलामू। एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम, जय श्री हनुमान, घर घर पर भगवा छा गया राम राज्य आ गया जैस नारों से हुसैनाबाद शहर वा ग्रामीण क्षेत्र गूंज उठा। इस जुलूस में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के 37 अखाड़ा मंडल समिति के लोग शामिल हुए। दोपहर 12बजे से लोगों की हुजूम शहर के महावीर जी मंदिर परिसर के बीच जमा होने लगी। वहां से महावीर मंडल समिति के तत्वाधान में शंखनाद से जुलूस की शुरूआत की गयी। जुलूस के स्वागत में शहर के कई घरों के छत से लोगों ने पुष्प वर्ष की, जुलूस के दौरान जय श्री राम जय हनुमान के जोशीले नारों के साथ पूरा माहौल राममय बना रहा। गांधी चौक के समीप कई आंकड़ों का मिलनी हुआ, जिसमें पुरानी बाजार, मोकबरा रोड, कुर्मी टोला,रविदास नगर, जपला चौबे, मोहम्दाबाद, दीवान बीघा, पचंबा, बैरवा, महूअरी, कनुआ बिगहा, जपला धरहरा, देवरी, मेंहदीनगर, बसारी , लोचन सावपुरानी ठाकुर बाड़ी, समेत कई अखाड़ा समिति के लोग जुलूस में शामिल हुए। इसके बाद जुलूस अपने निर्धारती रूट, मोकबरा रोड, रविदास नगर, लंबी गली, राज टोली चौक, इस्लामगंज चौक, मुख्य बाजार होते हुए जे पी चौक स्थित भगवान भास्कर छठ के पास पहुंचकर समाप्त हुआ, जुलूस का नेतृत्व रामनवमी पूजा समिति के संयोजक लोकनाथ केशरी, जिला संघचालक दिनेश कश्यप, संतोष कश्यप, गौतम पटेल, श्रवण अग्रवाल, शिवपूजन चौधरी,राकेश तिवारी, सचिन आनंद, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र पाल, संतोष कश्यप, बिक्कु कश्यप, पंकज गुप्ता, उदय विश्वकर्मा ने किया, शोभा यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, बिनोद कुमार सिंह, रवींद्र सिंह उर्फ बब्लू सिंह, युवा राजद नेता रवि यादव, विनय सिंह यादव, सूर्या सोनल सिंह, अजित सिंह, चंदन सिंह, रणविजय सिंह, विनय पासवान, पूर्व डीएसपी राम किंकर सिन्हा, डॉ शिव प्रसाद मेहता, अजय प्रसाद गुप्ता, सतेंद्र चंदेल, रामेश्वर राम, उषा देवी, समेत कई सनातनी शामिल थे।

**पुलिस प्रशासन पूरी तरह रहा अलर्ट**


जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा, एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, बीडीओ सुनील वर्मा, हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई बीरेंद्र मेहता, धर्मेंद्र सिंह, समेत कई प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय रहे। शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहे, वही ड्रोन कैमरे से जुलूस पर निगरानी रखी जा रही थी।

### रामनवमी पर्व सनातनियों को आपस में जोड़ती है : प्रशांत किशोर



पाटन पलामू। रामनवमी पर्व के अवसर पर पाटन के हिसरा बरवाडीह मैदान में बरवाडीह, ब्रहमोरिया, बरवाखांड़ सहित कई गांवों से रामनवमी जुलुस पहुंचा। जहां युवा नेता प्रशांत किशोर ने सभी को सम्मानित किया। प्रशांत किशोर ने रामनवमी पर्व के अवसर पर सभी लोगों को शुभकामनाएं दिया तथा आपसी भाईचारा के साथ रामनवमी पर्व को मनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व सनातनियों को आपस में जोड़ती है। हिसरा बरवाडीह मैदान में आये हुए सभी रामनवमी कमीटी के लोगों को संयुक्त कमिटी के द्वारा तलवार और माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता अशोक तिवारी ने की। कार्यक्रम में संयुक्त कमिटी के अध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि रामनवमी हिंदुओं का महान पर्व है। इसे हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारा से मनायें। कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों को संयुक्त कमिटी के अध्यक्ष आनंद सिंह ने गमछा और माला देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट कैप्टन बृजबिहारी सिंह, मनोज मेहता, पाटन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन पासवान, निरंजन पासवान, गुड्डु सिंह, राजु रंजन तिवारी, संतोष तिवारी, सतेन्द्र कुमार, सुरेंद्र शुक्ला, गोपाल पासवान, नंददेव पासवान, प्रधानाध्यापक बहादुर मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में आये हुए सभी रामनवमी कमिटी के लोगों को बहादुर मेहता के द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्था किया गया था। संयुक्त कमिटी के द्वारा प्रशांत किशोर को पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया।

### हिंदूवादी संगठनों ने मनाया शहादत दिवस, छोटू व विनोद को किया नमन



विश्रामपुर (पलामू)। हिंदूवादी संगठनो ने 19 वीं पूण्य तिथि पर छोटू साव व बिनोद यादव को नमन करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा दोनों के पुण्य तिथि को शाहदत दिवस के रूप में मनाया गया। यहा उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल 2006 को रामनवमी जुलुस के दौरान हुई पुलिस फायरिंग में छोटू साव व बिनोद यादव की मौत हो गयी थी। तब से हिंदूवादी संगठन प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को शहादत दिवस के रूप में मनाते है। सोमवार को हिंदूवादी संगठनो ने विश्रामपुर वर मुहल्ला स्थित छोटू चौक के पास श्रधांजलि सभा का आयोजन किया। श्रधांजलि शभा में छोटू व बिनोद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। लोगो ने दो मिनट का मौन भी रखा। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पंकज कुमार लाल ने किया। मौके पर राजकुमार मेहता, मुन्नू बक्सराय, शशि रंजन ठाकुर, स्व छोटू साह के पिता राजू साह, कुकू पासी, अमृतेश्वर दयाल, राघवेंद्र कुमार, राजू केशरी, सत्यम सोनी,संतोष ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हिंडालको ने किया जागरूकता कार्यक्रम



मेदिनीनगर। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर ईकाई द्वारा कठौतिया गांव में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में क्वीज कंपिटीशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर माइंस के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ टी गफ्फार ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खान पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है इसके साथ अपने लाइफ स्टाइल में भी बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से योग व्यायाम करने, पूरी निंद सोना चाहिए, बाजार की खुली खाद्य पदार्थ नहीं खाना चाहिए। उन्होंने लोगों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि गंदगी कई बीमारियों जड़ है इसलिए शरीर की सफाई एवं अपने आस-पास के क्षेत्र की सफाई जरूरी है। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले गांवों के ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति निरंतर सक्रियता के साथ काम करतीं हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है इसलिए सभी लोगों अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी कभी अंधविश्वास के चक्कर में बीमार होने पर झाड़ फूंक कराते हैं जो जानलेवा बन जाता है। इसके साथ ही लापरवाही या जानकारी के अभाव में छोटा बीमारी भी बड़ा बीमारी बन जाता है और आदमी की जान चली जाती है। इसलिए हम सभी लोगों को नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों से कराना चाहिए। इस मौके पर अनीता भगत, सुहानी कुमारी, रेणु देवी, सुकन बैठा, सहिया प्रमिला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# विश्व संघ न्यू सुरभि क्लब व एकता संघ को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया








## रामनवमी पूजा का समापन सह पुरस्कार वितरण छह मुहान पर किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पूजा पलामू जिले के प्रखंड स्तर पर आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। पर्व को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी अपनी सक्रियता को दिखाते हुए शांतिपूर्ण संपन्न कराया। जिला मुख्यालय में पांच दिन तक चलनेवाला रामनवमी पर्व का समापन श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा छह मुहान पर सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कर किया गया। इसकी अध्यक्षता जेनरल के अध्यक्ष युगल किशोर व संचालन महामंत्री विजय ओझा ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, एएसपी राकेश सिंह, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रथम उप महापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व अन्य को माला, पगड़ी, शॉल, मोमेंटो एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सदर एसडीओ ने सभी पूजा कमेटी एवं नगरवासियों को रामनवमी त्योहार की शुभकामना देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि किसी भी पर्व त्योहार मनायें तो उसमें दूसरे लोगों के स्वार्थ को ध्यान में रखते हुए डीजे बजायें। एएसपी राकेश सिंह ने कहा कि कोई भी पर्व त्योहार आपसी प्रेम भाईचारा के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। इस मौके पर जेनरल अध्यक्ष युगल किशोर ने विभिन्न पूजा कमिटी के लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि जिस प्रकार आपसभी का प्रेम हमें मिला है उस पर खरा उतरते हुए शहर को सुंदर व आकर्षित रूप से सजाने का काम किया हूं। रामनवमी की शोभायात्रा में आकर्षक रथ निकालने वाले विश्व संघ, न्यू सुरभि क्लब,न्यू एकता स्टार क्लब को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी तरह उपकार संघ, महामृत्युंजय संघ, ॐ शांति क्लब को द्वितीय और बजरंग बली सेवा समिति, नवजागृति संघ को तृतीय प्रकार पुरस्कार मिला। चौक चौराहों को सजाने के लिए हॉकर संघ, जय बजरंग संघ, जेनरल के साथ पंचमी से नवमी तक शोभायात्रा में शामिल रहने वाले हिंदू सेना संघ एवं समाज कल्याण समिति को पुरस्कार दिया गया। मौके पर जेनरल के गणेश गिरी, बबलू गुप्ता, उमेश अग्रवाल, भोला अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, शुभम प्रसाद, प्रदीप कुमार अकेला, शुभम राज, विकास सिंह, मनोहर लाली, राजू चंद्रवंशी, आकाश, प्रकाश गोस्वामी, मनीष वर्मन, दीपू चौरसिया, रितेश तुलस्यान, सुरेश कुमार टॉम, अरविन्द राणा, रितेश कुमार सहित कई लोग थे।

### बाल किशोर समिति की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला, एसडीएम आशिष गंगवार ने कहा

# श्री राम का चरित्र सभी के लिए अनुकरणीय





राजेश प्रसाद

**हरिहरगंज पलामू।** भगवान राम का चरित्र संपूर्ण मानव के लिए अनुकरणीय है। उनका जन्मोत्सव मनाना गर्व की बात है। उक्त बातें छतरपुर एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस आशिष गंगवार ने संकटहरण हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार की देर रात कही। वे रामनवमी पूजा समिति के द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बाद में जुलूस में शामिल अखाड़ों तथा झांकियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल के अनुसार बाल किशोर समिति झंडा चौक की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसमें शेष शैय्या पर भगवान विष्णु, बजरंगबली का प्रदर्शन किया गया था। मुख्य अतिथि के साथ बीडीओ, सीओ, समिति अध्यक्ष बल्लू बलराम ने संयुक्त रूप से नवयुवक समिति को ट्राफी प्रदान किया। जबकि अररुआ खुर्द की शेर से लड़ते सांभा जी महाराज की झांकी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही जुलूस के दौरान शस्त्र चालन प्रदर्शन करने वाले करतबबाजो, भंडारा के लिए में बाजार सेवा बाल मंडली को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे झांकियों के कलाकारों, जुलूस में शामिल अखाड़ों के प्रधान तथा इनके अलावे जुलूस के दौरान लंगर, जलपान, शर्बत व्यवस्था करने वाली संस्थाओं को भी पुरस्कार दिया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि तथा पुलिस प्रशासन को पगड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विमलेश पाठक ने किया। इस अवसर पर समिति सचिव सोनू जायसवाल, मुन्ना विश्वकर्मा, राजीव रंजन, सोनु गुप्ता, ओमप्रकाश शौंडिक, संजय गुप्ता, दिनेश प्रसाद, अशोक सिंह, पुरूषोतम जायसवाल, चंदन जायसवाल, निरंजन प्रसाद, करण राजवीर, माखन कुमार, रविकांत व कई लोग उपस्थित थे।

## भक्ति से मिले शक्ति कोई सकारात्मक कार्यों में लगाने की जरूरत : वीरेंद्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**पड़वा पलामू।** रामनवमी के अवसर पर पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के कोकरसा में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन पड़वा प्रखण्ड के पूर्व उप प्रमुख वीरेन्द्र सिंह ने किया। मौके पर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम सभी का बेड़ा पार करते हैं। उनके नजर में सभी मानव समान है। सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे समाज का धरोहर है। इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम से क्षेत्र में आपसी एकता और भाईचारा बनी रहती है। व्यास गुड्डु दुबे ने भक्ति गीत गाकर लोगों को खुब झुमाया। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर ब्रजेश दुबे, दिलीप सिंह, छोटू सिंह, राजेंद्र पाण्डेय, योगेन्द्र तिवारी, मुरलीधर दुबे, जयवंश पाण्डेय, राम सरेख तिवारी, रविन्द्र पाण्डेय, बलवंत पाण्डेय, शशि पाण्डेय, विजय पाण्डेय, नागेंद्र पाण्डेय, कृष्णा दुबे, मनीष, हेमंत, छोटू, मिथलेश, दिवाकर, सोनू, मोनू, ऋषि कांत, बिटू, राहुल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रत्येक घर एक पौधा लगायेगा शिव शिष्य परिवार: अनिल साहू



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हर घर पौधा शिव शिष्य परिवार का मिशन है और इस मिशन के तहत वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्य करने की योजना शिव शिष्य परिवार के द्वारा बनाई जा रही है। उक्त बातें शिव शिष्य परिवार के प्रदेश संरक्षक अनील साहू ने कही। साहू ने बताया कि इस मिशन की शुरूआत मंगलवार को आरडीएस रमाडा होटल में आठ अप्रैल दिन मंगलवार को किया जाएगा। इस मिशन के तहत शिव शिष्य परिवार का प्रयास होगा कि सभी घरों में पहूंच कर पौधारोपण करे। उन्होंने बताया कि पलामू हरियाली विहिन होते जा रहा है। पौधों की कम होती संख्या का प्रभाव लगातार देखा जा रहा है। ऐसे में आम आदमी को जागरुक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वनों के धड़ल्ले से कटाई से पर्यावरण खतरे में पड़ गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में मनोरंजन का मुख्य साधन है मेला, दुगोला का आयोजन : डॉ कौशल व अमित

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर चराई पंचायत स्थित कुटिया पर इस वर्ष भी गायन मुकाबला का शुभारंभ पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ केरकी कुटिया परिसर में हिमाचल का कपूर का पौधा लगाकर किया। इससे पहले पर्यावरण धर्म के तहत कन्या पूजन के पश्चात पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पर्यावरणविद ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। दुगोला गायन मुकाबला में लोक गायक मुन्ना सिंह और व्यास राहुल कुमार सिंह के जोड़ी ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को मनोरंजन किया। आयोजन में शिवनाथ सुरीला, कपिल सिंह, जगनारायण सिंह, बिरजू सिंह, मनोज गुप्ता, सुभाष गुप्ता, पंकज, कृष्ण यादव, संजय, मोती साव, दीपक, कमलेश, उमेश, कप्पू, अक्षय, कुलदीप, सोहराई, नागेश्वर, लाल बिहारी, उपेंद्र आदि शामिल थे।

### छह मुहान पर प्रशासन द्वारा लगाये गये स्टॉल से डीसी एसपी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा



मेदिनीनगर। पलामू जिला में रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए डीसी शशिरंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय समेत प्रखंड, पंचायत व गांव स्तर पर पैनी नजर बनाये हुए थे। साथ ही पल पल की खबरें संबंधित अधिकारियों से प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त द्वारा जिले में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी तो एसपी के द्वारा जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड व पंचायत स्तर पर पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था की गई थी। छह मुहान पर जिला प्रशासन द्वारा बड़ा स्टॉल लगाया गया था जिस पर अधिकारी तैनात रहते हुए पूरे शहर के गतिविधि से अवगत हो रहे थे। इस स्टॉल पर उपायुक्त, एसपी, एएसपी, डीडीसी, सदर एसडीपीओ व अन्य अधिकारी मौजूद थे। जो शांति व्यवस्था पर पैनी नजर बनाये हुए थे। प्रशासन के समक्ष रामनवमी पूजा में अपने कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाये जिसकी प्रशंसा अधिकरियों द्वारा किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों द्वारा तलवारबाजी, गतका, अग्नि डंडा समेत एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया गया। जिसे देखने के लिए शहरवासी उमड़ पड़े।

### श्री राम युवा मंडल ने किया भंडारा का आयोजन



मेदिनीनगर। श्री राम नवमी पूजा महोत्सव श्री राम युवा मंडल शिवाला रोड से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें श्री राम भक्तों और श्रद्धालुओं को प्रसाद और भोजन का व्यवस्था किया गया था। मौके पर हम पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी, रथ रखने वाले अध्यक्षों और उनके सदस्य को सम्मानित किया गया। आशुतोष ने कहा कि श्री राम युवा मंडल आगे भी धार्मिक कार्य के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी करते रहेंगे। मौके पर श्री राम युवा मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष सुधाकर राज, संयोजक रोशन शाह, सचिव आलेख गुप्ता, विपलेश भगत, भारत द्विवेदी, दीपक भगत, आंसू जायसवाल, राजीव रंजन, सोम गुप्ता, समर केसरी, गोलू गुप्ता, शंभू गुप्ता, निखिल अग्रवाल, अमरकांत गुप्ता, अमरकांत व उनकी पूरी टीम व मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

## महावीर मंडल ने नगर के सफाईवीरों, पत्रकारों और दुगार्वाहिनी की बहनों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर में रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जपला मोड पर महावीर मंडल के द्वारा रामनवमी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही साथ नगर पंचायत के सभी सफाईवीरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दुगार्वाहिनी की जिन बहनों ने शोभायात्रा में भाग लिया था, उन्हें भी साफा बांधकर और तलवार देकर सम्मानित किया गया। मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी सूबे के वित्त सह संसदीय कार्य मंत्री के पुत्र प्रशांत किशोर उर्फ बंकू मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छतरपुर थाना के पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, थाना प्रभारी प्रशांत कुमार, सहायक अभियंता गुलवंत कुमार और जय कुमार गुप्ता शामिल हुए जिन्हें सफाया बांध कर सम्मानित किया गया। सभी पत्रकारों को भी रामनवमी मिलन समारोह में सम्मानित किया गया। वहीं महावीर मंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार ने मिलन समारोह की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह को सफल बनाने में संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून, गोपाल चंद्रवंशी, कुंदन पाठक, पुरोहित आशीष मिश्रा, रितेश सोनी, आकाश चंद्रा, आयुष, सचिव रॉकी उर्फ लाला आदि मौजूद थे।

## जय श्री राम के उद्घोष से गूंजायमान रहा मोहम्मदगंज




मोहम्मदगंज ।राम नवमी त्यौहार को लेकर रविवार को दोपहर बाद मुख्य बाजार स्टेशन रोड से महावीरी झंडा, मूर्ति और झांकी के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल मूर्ति, महावीरी झंडे के साथ साथ झांकी के शामिल वाराणसी के कलाकार ने कृष्ण, राधा, शंकर और पार्वती के रूप में भक्ति नृत्य से बड़ी तादात में शामिल भीड़ एकत्रित रहा। जय श्री राम के उदघोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा। जुलूस के सफल संचालन और शांति पूर्ण व्यवस्था में एसएन सिंह, गौरी शंकर सिंह, द्वारिका प्रसाद, दीपू लाल, राकेश सिंह, बिट्टू सिंह, अनु सिंह, रौशन कुमार, विनय मेहता, सोनू सिंह, सीबी रमण सिंह, राकेश सिंह, मंटू सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, राम बालक गुप्ता का नाम शामिल है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, सुबीर किस्कू, एएसआई अमानुल्लाह खान के नेतृत्व में सुरक्षाबल के जवानों की मुस्तैदी शांतिपूर्ण व्यवस्था का मददगार रहा।

### करंट की चपेट में आकर कार सर्विसिंग सेंटर के प्रोपराइटर की मौत,पिता भी जख्मी

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नप मुख्यालय में स्थित कार सर्विसिंग सेंटर के प्रोपराइटर प्रदीप पाठक (30) की मौत विद्युत करंट की चपेट में आने से हो गयी। घटना सोमवार के दोपहर की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार पाठक सर्विसिंग सेंटर में कार वासिंग के लिये मोटर का स्विच ऑन करने गये तभी वे विधुत प्रवाहित एक नंगे तार की चपेट में आ गये .प्रदीप को बचाने गये उनके पिता श्याम किशोर पाठक भी जख्मी हो गये। घायलावस्था मे दोनों को बिश्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप के गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### रामनवमी पर्व के अवसर पर सुआ कौड़िया में चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन

# कार्यक्रम से भाईचारा व सौहार्द बढ़ता है : विधायक आलोक

खबर मन्त्र संवाददाता



चैता दोगोला कार्यक्रम में बोलते विधायक आलोक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व के अवसर पर सदर प्रखंड क्षेत्र के सुआ कौड़िया में चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया ने किया। मौके पर पूजा कमिटी ने विधायक का भव्य स्वागत किया। मौके पर जेनरल अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, जिप सदस्य बासो देवी, मुख्य संरक्षक टाईगर कुमार, भीष्म चौरसिया, अजय चौधरी, रणधीर सिंह, हदया सिंह, प्रेम प्रकाश ठाकुर, सुआ मुखिया दुलारी देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, झाबर मुखिया संगीता देवी, पंसस अजीत सिंह, सदर बीडीओ जागो महतो, सर्किल इंस्पेक्टर सह मेजर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई रंजीत कुमार, अनिल विश्वकर्मा, एसआई अजय गुप्ता, अमलेश चौरसिया, सुबोध विश्वकर्मा, उपाध्या सिंह, रविंद्र सिंह, मुन्ना ठाकुर, अवधेश विश्वकर्मा, सुरेंद्र ठाकुर समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे। मौके पर व्यास शिवशंकर यादव व स्वामीनाथ के बीच चैता दोगोला का जमकर मुकाबला हुआ। दोनों व्यास ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विधायक चौरसिया ने कहा कि रामनवमी पर्व के दिन ही भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। रामनवमी के अवसर पर चैता दोगोला कार्यक्रम का आयोजन काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी भाईचारा व सौहार्द बढ़ता है। साथ ही कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। उन्होंने कहा कि सदर प्रखंड का सुआ कौड़िया गांव सांप्रदायिक एकता व सौहार्द का मिसाल पलामू ही नहीं पूरे झारखंड में है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर गीत संगीत का लुत्फ उठाये। मौके पर अक्षय सिंह, अध्यक्ष नंदू सिंह, शक्तिमान विश्वकर्मा, उदेश्वर बैठा, लखन ठाकुर, दिनेश सिंह, संतोष प्रसाद गुप्ता, देवेंद्र ठाकुर, सुदर्शन ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे।

## जय श्री राम जय हनुमान के नारों से गूंजा पाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व सम्पन्न हो गया। पुरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में जय श्री राम जय हनुमान जय भोलेनाथ के नारों से गुंजायमान रहा। पाटन पुलिस, नावाजयपुर पुलिस एवं किशुनपुर ओपी पुलिस जुलुस के दौरान मुस्तैद रही। सेमरी, केलहार, भंडार, चीरैयाटांड़ इत्यादि जगहों से रामनवमी जुलुस पाटन चौक पर पहुंचा। जहां पर जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, पाटन थाना प्रभारी लालजी, पाटन इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह ने रामनवमी कमिटी के लोगों को तलवार और पगड़ी देकर सम्मानित किया। वहीं नावा जयपुर क्षेत्र में पांच पंचायतों से रामनवमी जुलुस निकाला गया। जहां पर अखाड़ा टोला रामनवमी समिति को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया मनोज कुमार, जगदीश तिवारी, अखिलेश कुमार, प्रगास तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। किशुनपुर क्षेत्र के कई गांव पकरी, डिहरिया, किशुनपुर, कुम्हवा, जहांसी इत्यादि जगहों से रामनवमी जुलुस निकाला गया। पाटन चौक पर जुलुस के दौरान पाटन बीडीओ अमित झा, सीओ राकेश श्रीवास्तव, थाना प्रभारी लालजी एवं संग्राम सिंह ने लाठी खेलकर लोगों को आपसी भाईचारा का संदेश दिया। जिप सदस्य संग्राम सिंह के द्वारा सभी रामनवमी कमीटी के लोगों को तलवार और 11 सौ रुपए दिये गये। मौके पर अशोक सोनी, रणजीत प्रसाद, कृष्णा सिंह, एसआई शैलभ कुमार, संतोष कुमार, शिव साव, अजय सोनी, ब्रजेश कुमार, श्रवण मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### जीवन बहुत अनमोल है जिसमें स्वास्थ्य की है महत्वपूर्ण भूमिका : बिपिन कुमार दास



लोहरदगा। शैली अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रमेंद्र सिंह, अनीता देवी एवं डॉ सत्येंद्र कुमार साहू ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती, ॐ एवं मां भारती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया। अतिथियों का परिचय प्रमेंद्र सिंह ने कराया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने डॉक्टर सत्येंद्र कुमार साहू को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। डॉ सत्येंद्र ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के बारे में कहा कि हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को सेहत से जुड़ी अहम बातों पर जागरूक करना होता है। प्रधानाचार्य ने भैया–बहनों को कहा कि जीवन बहुत अनमोल है जिसमें स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होता है। इसका हमें ख्याल रखना चाहिए। आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने भी भैया –बहनों से कहा कि निज स्वास्थ्य का ध्यान रखने से आपके अंदर कर्म का भाव पैदा होता है जो आपकी सोच का विस्तार करता है। इस कार्यक्रम में कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया–बहन एवं विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी में शामिल थे।

### बॉक्साइट ट्रक ने मोटरसाइकिल चालक को कुचला, मौत



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के इटकीरी नवाडीह मोड के समीप अज्ञात बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से आरंगी बेल्हाटोली निवासी चरवा उरांव की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों द्वारा सड़क पर मोटरसाइकिल गिरा हुआ और व्यक्ति को मृत पाया। इसके बाद घटना की सूचना घाघरा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद घाघरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर थाना चली आई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चरवा मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव बिशुनपुर प्रखंड का लापू जा रहा था। जहां नवाडीह मोड़ के समीप अज्ञात बॉक्साइट ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक चरवा भगत नीचे गिर गए। वहीं ट्रक उसके ऊपर से चढ़कर पार हो गई। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

### मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने हनुमान चालीसा पाठ का किया आयोजन



गुमला। मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला द्वारा हमारे हनुमान कार्यक्रम के तहत श्री नारायण श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम का समापन महा आरती कर प्रसाद वितरण कर किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा सचिव ज्योति फोगला, पूर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, नमीता अग्रवाल, रूपा साबू, श्वेता मंत्री उपस्थित थे। साथ ही कार्यक्रम में श्री नारायणी श्याम मंडल ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

### सड़क दुर्घटना में बाईक चालक युवक की दर्दनाक मौत, एक घायल



बसिया। बसिया थाना क्षेत्र के सिसई–बसिया पथ में चुटिया नाला के समीप बाइक दुर्घटना में एक युवक लालपुर तुरीबीरा गांव निवासी मुन्ना खड़िया (35) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके साथ पीछे बैठे पालकोट बंगरू निवासी आकाश कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के दोनों युवक होंडा साइन मोटरसाइकिल से बसिया कि ओर से तुरीबीरा लालपुर जा रहे थे। इसी दौरान चुटिया नाला के समीप मोटरसाइकील से अनियंत्रित होकर गिरे। जिससे पुल के बाद लगे चदरे कि डीवाईडर से टकराने के बाद मुन्ना खड़िया का गला गंभीर रूप से कट गया। गला कटने के बाद अत्यधिक रक्तश्राव के कारण उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल आकाश खड़िया को ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया।

### धोखाधड़ी कर मंइयां योजना व मनरेगा जॉब कार्ड के पैसे लेने वाले ने किया वापस

**खबर मन्त्र में समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रखंड प्रशासन व जिप सदस्य ने की कार्रवाई**

जारी। जारी प्रखंड अंतर्गत धोखाधड़ी कर मंइया सम्मान योजना वह मनरेगा जॉब कार्ड के पैसे की निकासी का मामला सामने आया था। जिसका समाचार खबर मन्त्र में प्रमुखता के साथ प्रकाशित होने के बाद प्रखंड प्रशासन हरकत में आयी। जिसके बाद प्रखंड प्रशासन एवं जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने इस पर कार्रवाई करते हुए बिचौलिये से महिला के सारे पैसे वापस दिलाये एवं इस तरह की घटना क्षेत्र में दोबारा घटती है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही। इधर बिचौलिया ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि मुझसे गलती अनजाने में हो गई मैं पीड़िता के सारे पैसे वापस करने को तैयार हूं। इसके बाद उसने पैसे जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक को सौंप दिया एवं दिलीप बधाई ने पीड़िता को पैसे वापस दे दिये।

### बसिया के दो क्रिकेट खिलाड़ियों का अंडर 16 जिला टीम में चयन

बसिया। बसिया प्रखंड के कोनबीर स्थित बसिया सब डिवीजन क्रिकेट एकेडमी के ट्रेनर राजू राम के संरक्षण में ट्रेनिंग ले रहे दो क्रिकेट खिलाड़ियों नीलेश कंसारी पिता राजेश कंसारी और निकुम कुमार साहु पिता दीपक कुमार साहु का चयन गुमला जिला अंडर–16 ग्रुप क्रिकेट टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है। ये दोनों झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता जो पाकुड़ और गोड्डा जिला में आयोजित टुर्नामेंट खेलने के लिए गुमला जिला अंडर–16 क्रिकेट टीम से पाकुड़ जिला के लिए रवाना हुए।

# पति-पत्नी के साथ घाघरा थाना में हुए अभद्रता की जांच करने पहुंची अजजा आयोग की टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के हप्पामुनी गांव निवासी अमरजीत भगत व उसकी पत्नी रानी उरांव के साथ पुलिस के द्वारा अभद्रता और मारपीट मामले को लेकर एसटी आयोग के राष्ट्रीय सदस्य आशा लकड़ा जांच अधिकारी प्रदीप कुमार दास, कानूनी सलाहकार सुभाशीष रसिक सोरेन के द्वारा पूरे मामले का अनुसंधान हप्पामुनी पहुंचकर किया गया। आयोग के टीम के द्वारा पुलिस के द्वारा मारपीट किए जाने और अभद्रता किए जाने को लेकर अमरजीत से पूछताछ की गई। पूछताछ में अमरजीत ने अपने साथ हुए पुलिसिया दुर्व्यवहार के बारे में बताया और न्याय का मांग किया। जिस पर अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय सदस्य आशा लकड़ा ने कहा कि पुलिस के द्वारा थाना में बेरहमी से पिटाई और अभद्रता गंभीर मामला है। हमारे देश के अनुसूचित जनजाति जाति के लोग अगर थाना जाते हैं और उनके साथ इस तरह से व्यवहार होगा तो निश्चित रूप से यह डर का माहौल बनाने जैसा है। आज तक पुलिस के द्वारा इस पूरे मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई किया जाना चाहिए था। लेकिन नहीं किया गया जो निश्चित रूप से चिंता का विषय है। इस पूरे मामले में हम लोग अनुसूचित जनजाति आयोग की तरफ से डीजीपी और गुमला एसपी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई करने के लिए निर्देश देंगे। इस अवसर पर आशा लकड़ा के निजी सचिव कुशेश्वर साहू, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन, बीडीओ दिनेश कुमार, मुखिया विनीता कुमारी, उपमुखिया अजीत मनी पाठक, आदित्य भगत, आशीष सोनी, अरुण साहू सहित कई मौजूद थे।

# लोहरदगा : डालसा ने किया योग कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह पीडीजे राजकमल मिश्रा और डालसा सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के किस्को मोड़ के समीप स्थित गुरूकुल शांति आश्रम परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग शुरू करने से पहले पीएलवी गौतम लेनिन ने बताया का जीवन में सबसे बड़ा धन हमारा स्वास्थ्य है। जिसे हमें सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। प्रतिदिन हमें अपने स्वास्थ्य के लिए एक घंटा कम से कम निकालना चाहिए। शरीर के अनुरूप हमें प्रतिदिन कसरत करना चाहिए। ताकि हमारा तन मन दोनों ही स्वस्थ और सक्रिय रहें। इस मौके पर अधिवक्ता सुदामा साहू ने कहा की हम प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाते हैं। ताकि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें। इन्होंने कहा की यह जरूरी नहीं की आप प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा समय तक कसरतें करें। हम तभी एनर्जेटिक रह सकते हैं जब हम अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। गुरूकुल में प्रतिदिन योग इसलिए कराया जाता है कि यहां पढ़ने वाले बच्चें मानसिक और शारीरिक रूप दोनों से स्वस्थ और मजबूत रह सके। इस मौके पर योगाचार्य शरद चन्द्र आर्य के द्वारा बच्चों को शीर्षासन, चक्रासन, पद्मासन, वृक्षिकासन, धनुरासन, आदि कराया गया। बच्चों से अपील की गई की योग के बारे में अपने गांव के लोगों के साथ साथ परिवार के लोगों को भी जागरूक करने का काम करें। ताकि वो स्वस्थ जीवन जी सके। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# बिमरला गांव की बुनियादी समस्याओं का जल्द होगा समाधान : आशा लकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के विमरला पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय एसटी आयोग की सदस्या डॉ आशा लकड़ा ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक में ग्रामीणों से क्षेत्र से संबंधित समस्या की जानकारी ली। जिस पर ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क, पानी और बिजली की समस्या होने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं रहने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना घाघरा मुख्यालय जाने को लेकर करना पड़ता है। खासकर गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को ले जाने में काफी परेशानी होती है। सड़क की बदहाल स्थिति से लोग डरे सहमे जाने को विवश है। साथ ही पंचायत क्षेत्र में हाई स्कूल की सुविधा नहीं होने की बात बताई। जिससे पढ़ाई को लेकर बच्चों को घाघरा भेजना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्या सुन आशा लकड़ा ने कहा कि सड़क के लिए पहल की जा रही है। जल्द ही उक्त गांव में सड़क पानी बिजली की सुविधा बहाल करने को लेकर कार्य की जाएगी। ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। मुखिया चांदनी उरांव ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर आयोग के अनुसंधान अधिकारी प्रदीप कुमार दास, बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीआरओ शंकर साहू, कुकेश्वर साहू सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ता देश के लिए समर्पित : मनीर

**भाजपा ने स्वच्छता को लेकर शुरू किया विशेष अभियान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला भाजपा ने सोमवार से जिले में स्वच्छता को लेकर एक विशेष अभियान की शुरूआत की। जिसकी पहली कड़ी ऐतिहासिक देवस्थाल सूर्य मंदिर प्रांगण की सफाई से हुई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करना है, बल्कि आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर एक जिम्मेदार समाज की नींव रखना भी है। यह अभियान 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक जिलेभर के मंदिरों, मठों, अस्पताल परिसरों, तालाबों, नदियों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चलाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है और भाजपा कार्यकर्ता इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज ने कहा कि हमें अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।₹ उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों जिला, मंडल, बुथ स्तर तक से अपील की कि वे इस अभियान को पूरी गंभीरता से लें और इसे जनसहभागिता से सफल बनाएं। जिला महामंत्री पशुपति पारस ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि संस्कार और समाज के प्रति सेवा भाव है। सफाई अभियान के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने सूर्य मंदिर परिसर की सफाई कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी ने मिलकर झाड़ू थामा, कचरा उठाया और मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि आम नागरिकों को भी इस अभियान में जुड़ने और अपने आसपास की सफाई रखने का आग्रह किया। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि जब समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे, तभी सच्चे अर्थों में स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है। कार्यकर्ता पवन तिग्गा ने कहा कि यह विशेष स्वच्छता अभियान जिले में आने वाले दिनों तक जारी रहेगा और विभिन्न स्थानों पर जाकर भाजपा कार्यकर्ता साफ-सफाई कर जन-जागरूकता फैलाएंगे। मौके पर समाजसेवी गुड्डू प्रसाद, चंदन गोप, शुभम गुप्ता, मनोज कुमार व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चैनपुर के रामनवमी जुलूस में दिखा सामाजिक समरसता का भाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी का त्योहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी चैनपुर, बेंदोरा, भटौली, लंगड़ा मोड़ समेत अनेक स्थानों पर रामनवमी को लेकर भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्रीय अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एसडीओ पूर्णिमा कुमारी, एसडीपीओ ललित मीणा, सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, सीओ दिनेश गुप्ता, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, और एसआई दिनेश कुमार सहित अन्य प्रमुख व्यक्ति मेले में शामिल हुए। यह एकता और उत्साह का प्रतीक था। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। रामनवमी के इस भव्य जुलूस में भक्तजन दुर्गा मंदिर परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंचे। जहां प्रभु श्री राम की भक्तों द्वारा भव्य पूजा-अर्चना की गई। प्रखंड के विभिन्न पूजा समितियों और अखाड़ों का जुलूस एक साथ इकट्ठा हुआ। जिससे जुलूस का दृश्य अत्यंत आकर्षक बना। शोभायात्रा का मार्ग प्रमुख सड़क से होते हुए रामनवमी पहाड़ स्थित अखाड़ा तक पहुँचा। शोभायात्रा के दौरान लोग भगवा वस्त्र धारण किए हुए थे और हाथ में महावीरी पताका लिए झूमते नजर आए। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से संरक्षक यमुना प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद, त्रिभुवन, अरुण जयसवाल, संतोष केशरी, संतोष कुमार, विनय केशरी, कौशल केशरी, दीपक कुमार, कोमल बैगा, कृष्ण कुमार, अरुण चौधरी, अशोक सिंह और यशवंत केशरी जैसे अनेक प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हुए। इस वर्ष की रामनवमी न केवल धार्मिक आस्था को दशार्ती है, बल्कि स्थानीय समुदाय में एकता और सहयोग का भी प्रतीक बनी रही। इस अवसर पर पूरे प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल बना रहा, जो दशार्ता है कि धार्मिक उत्सवों में सामाजिक समरसता की भावना कितना महत्वपूर्ण है। रामनवमी के इस जश्न ने सभी को एकजुट होने का अवसर प्रदान किया और प्रेम और भक्ति का संदेश फैलाया।

### जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक 11 को

गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी गुमला की बैठक 11 अप्रैल को पूर्वाहन 11:00 बजे से परिसदन भवन सभागार में रखी गयी है। बैठक संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत आहूत किया गया है।


**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834008, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओ की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा अभियान**
समाहरणालय भवन, कोडरमा, पिन कोड–825410
jepckoderma@yahoo.co.in& jepkoderma@gmail.com

पत्रांक..........464............/SSA-Koderma दिनांक......04........./......04......2025

**आम–सूचना**

कोडरमा जिला अन्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक विद्यालय को छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में अभिवंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों का शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 की धारा 12(1)c के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकन प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर बच्चों के नामांकन लिया जाना है। इस हेतु ऑनलाईन के माध्यम से जिला के पोर्टल rtekoderma.com पर जिले के बच्चों के माता/पिता/अभिभावकों द्वारा नामांकन हेतु छात्र–छात्राओं से संबंधित आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ उक्त पोर्टल पर अन्तिम रूप से दिनांक 12.04.2025 तक अप्लाई किया जा सकता है। जिला स्तर से अंतिम रूप से चयनित एवं अनुमोदित सूची के आधार पर ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 की धारा 12(1)c के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में बच्चों का नामांकन प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर लिया जा सकेगा।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक सह
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, कोडरमा

PR 349832 Jharkhand Education Project Council(25-26)#D


# लोहरदगा : विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद एवं उसुर्ला हॉस्पिटल लोहरदगा की डॉक्टर आइलिन कुजूर ने किया। डॉ गणेश प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अप्रैल 2025 को मनाया जाने वाला विश्व स्वास्थ्य दिवस वर्ष भर चलने वाले मातृ एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य एवं कल्याण के अभियान की शुरूआत है। इस वर्ष का थीम 'स्वस्थ शुरूआत, आशा पूर्ण भविष्य' है। स्वास्थ्य की शुरूआत माता के गर्भधारण से ही प्रारंभ हो जाती है। बच्चे और माता के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूकता और डाक्टरों की सलाह का पूरी तरह पालन करना जरूरी है। स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक तीनों तरह का स्वास्थ्य का समावेश है।

### सरहुल का त्योहार हमें प्रकृति की रक्षा का देता है संदेश : मुखिया

**भंडरा।** प्रखंड के भैसमुंदो गांव मे सोमवार को सरना स्थल में सरना समिति की ओर से सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां मुख्य अतिथि मुखिया परमेश्वर महली, विशिष्ट अतिथि पंसस अनीता पन्ना का स्वागत किया गया। यहां मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मांदर की थाप पर नृत्य किया गया। मौके पर मुखिया परमेश्वर ने कहा कि सरहुल का त्योहार हमें प्रकृति की रक्षा करते हुए मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़े रहने के लिए जरूरी है कि हम सरहुल पर्व की महत्ता से अवगत हों।


**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004,
Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799
https://www.jbvnl.co.in

**Corrigendum E-Tender Notice No. 361_/PR/JBVNL/24-25**

Jharkhand BijliVitran Nigam Limited, Engineering Building, HEC Admin, Dhurwa, Ranchi – 834004, Jharkhand invites E-tender for bid from eligible Bidders for Selection of agency for "Selection of Internet Service Provider for different MPLS and Internet Bandwidth on end to end optical fiber in ring architecture for DC, Ranchi, DRC, Jamshedpur and IT Cell, HQ JBVNL".

The tender documents with detailed conditions can be obtained through web site http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted in the envelope containing all relevant documents as mentioned in the tender document.

| Sl. No. | Name of Work | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Selection of Internet Service Provider for different MPLS and Internet Bandwidth on end to end optical fiber inring architecture for DC, Ranchi, DRC, Jamshedpur and IT Cell, HQ JBVNL. |
| 2 | Date of Publication of NIT on website | 24.03.2025 |
| 3 | Date of Pre-Bid Meeting / Time | 28.03.2025 / 03.00 PM |
| 4 | Last Date / Time for receipt of bids | 21.04.2025 / 04:00 PM |
| 5 | Date and Time for Opening of Technical bid | 22.04.2025 / 01:00 PM |
| 6 | Tender fee (Non – Refundable) | Rs. 5000/- + GST |
| 7 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 1,30,000/- |
| 8 | Contact email | itcelljbvnl@gmail.com |

स्वहित एवं राष्ट्रहित मे ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतो को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 348985

Sd/-
General Manager (IT)
JBVNL

PR 349838 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D


# रामनवमी शोभायात्रा में महिला सशक्तिकरण का दिखी अनुपम उदहारण

**अस्त्र-शस्त्र चालन से लेकर जुलूस में महिलाओं की दिखी बेजोड़ भागीदारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**गुमला।** रामनवमी महापर्व पर पूरा गुमला जिला पूरी तरह राममय रहा। वहीं रामनवमी जुलूस में गुमला की सड़कों पर मातृ शक्ति का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। जो नारी सशक्तिकरण का बेजोड़ उदाहरण प्रस्तुत कर रही थी। महिलाएं अपने को इतना सशक्त कर ली है कि वे जुलूस में अस्त्र-शस्त्र चालन से लेकर रामनवमी डंका बजाते दिखी। साथ ही गुमला की सड़कों पर महिलाएं जमकर थिरकी। हर अखाड़े की जुलूस में महिलाएं काफी संख्या में शामिल हुई और रामनवमी गीतों पर झूमते नजर आयी। पूर्व में रामनवमी जुलूस में महिलाओं की भागीदारी नगण्य रहती थी। लेकिन पिछले साल से रामनवमी जुलूस में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी और इस वर्ष जुलूस में पुरूषों के साथ महिलाएं कंधा से कंधा मिलाकर चल रही थी। मातृ शक्ति का यह रूप वास्तव में लोगों को प्रेरणा दे रही थी। वर्तमान समय में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में है। अब ऐसा लगा रहा है कि आने वाले कुछ वर्षों में महिलाएं रामनवमी जुलूस की अहम हिस्सा होंगी और जुलूस की कामान भी संभाल लेंगी। जुलूस में महिलाएं अपने को काफी सुरक्षित भी मान रही थी। अब वो बात पुरानी हो गई जब कहते थे कि महिला घर की दहलीज नहीं लांघ सकती है। लेकिन वर्तमान समय में घर की दहलीज लांघकर महिलाएं अपने खुशियों व उन्नति की उंची उड़ान भर रही हैं। रामनवमी जुलूस में अस्त्र-शस्त्र चालन करती युवतियां कई महिलाओं को प्रेरित कर गई और आने वाले वर्ष में वे भी महिलाएं सड़कों पर अशस्त्र-सशस्त्र चलाती नजर आएंगे जो केवल दर्शक बनकर सड़कों के किनारे खड़ी रहती थी। प्रायः हर अखाड़े के जुलूस में महिलाएं शामिल थी। वहीं केंद्रीय महावीर मंडल के द्वारा भी महिलाओं की भागीदारी जुलूस में सुनिश्चित की गई। केंद्रीय महावीर मंडल के द्वारा महिलाओं को शस्त्र से लैस कर जुलूस में शामिल किया गया था। हालांकि एक बात लोगों के जेहन में कौंध रही है कि रामनवमी बाजे का स्थान अब पूरी तरह साउंड सिस्टम ने ले लिया है। बहुत कम ही अखाड़े थे जो रामनवमी बाजे के साथ जुलूस में शामिल हुए। यह एक सोचनीय प्रश्न रह गई है जो भविष्य में रामनवमी बाजे की डंका की धुन को विलुप्त कर देगी।

**झांकी में दिखा त्रेतायुग में घटित घटनाओं की झलक**

रामनवमी जुलूस में झांकी का भी बेजोडी प्रदर्शनी की गई। कई अखाडों के द्वारा रामायण काल में घटित घटनाओं की झांकी प्रस्तुत कर लोगों को त्रेतायुग का स्मरण करा दिया। मानो आंखों के सामने ही घटना घटी हो। लंका जाने के क्रम में असुर के मुंह में हनुमान का प्रवेश करने का दृश्य सनातनियों का मन मोह रहा था। वहीं किसी अखाड़े में भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र, हनुमान जी का साधना करते प्रतिमा, भगवान राम का बाण छोड़ते दृश्य, भगवान विष्णु का पांव दबाती मां लक्ष्मी का दृश्य लोगों को मोहित कर रहा था। वहीं कई अखाडों के द्वारा अखंड भारत की रूप रेखा भी प्रस्तुत की गई जो मोदी सरकार का संकल्प भी है। रामनवमी जुलूस में झांकी की प्रस्तुत देखने दूर–दूर से लोग शहर मुख्यालय पहुंचे थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**PMAY-G (PMU) अन्तर्गत संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना**
**–:दावा–आपत्ति हेतु आम सूचना:–**

निदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (PMAY-G) के अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर लेखापाल –सह–कम्प्युटर ऑपरेटर, कुल–03 रिक्त पद के विरूद्ध इस कार्यालय के ज्ञापांक 521/जि0ग्रा0वि0शा0 दिनांक 05.03.2025 के द्वारा संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अभ्यिर्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल http//applyrdd.jharkhand.gov.in पर ऑनलाईन आवेदित आवेदनों के साथ अनिर्वाय शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित कार्यानुभव सलंग्न प्रमाण पत्र के आधार पर औपबंधिक प्रारंभिक सूची तैयार की गई है। आवेदनों की सूची को कोडरमा के NIC वेबसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड कर किया गया है।

अभ्यथर्थियों को सूचित किया जाता है कि औपबंधिक प्रारंभिक सूची में जाति, जन्म तिथि, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित कार्यानुभव के आधार पर दिय गये अंक में कोई अंतर अथवा त्रुटि हैं, तो दावा–आपत्ति के तहत सुधार एवं निराकरण हेतु कार्यालय दिवस में दिनांक 12/04/2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित (स्व अभिप्रमाणित कॉपी) निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या स्वयं उपस्थित होकर जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

उक्त निर्धारित तिथि के समय–सीमा के पश्चात किसी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही सभी अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि अभ्युक्ति कॉलम (Remarks column) में अंकित किये गये टिप्पणी पर अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे एवं आपके द्वारा संलग्न किये गये अनिवार्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान एवं साथ ही संबंधित क्षेत्र में कार्यानुभव (बैंक स्टेटमेंट/संबंधित कार्यालय का अद्यतन वेतन या मानदेय **Slip**/नियुक्ति पत्र की छायाप्रति) का प्रमाण पत्र निर्गत हैं, का साक्ष्य समर्पित करेंगे।

नोट :– उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी को जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त, कोडरमा।

PR.NO.349877 Rural Development(25-26):D

# ट्रंप टैरिफ का कहर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चीन के निर्यात पर 54 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके जवाब में बीजिंग ने सभी अमेरिकी आयातों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। इस ट्रंप टैरिफ के वॉर में शेयर बाजार धराशायी हो गया। विश्लेषकों का मानना है कि टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई में वृद्धि हो सकती है। इससे मांग कमजोर होगी और मंदी का खतरा बढ़ेगा। बर्नस्टीन ने कहा कि टैरिफ्स महत्वपूर्ण हैं और अब लगभग 60 प्रतिशत प्रभावित आयातों पर 20 प्रतिशत से अधिक ड्यूटी लग रही है। विदेशी संस्थागत निवेशक पिछले पांच ट्रेडिंग सेशन से नेट सेलर रहे हैं। इससे इस साल 1.5 ट्रिलियन का ऑउटफ्लो हो चुका है। इसी दौरान, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1.93 लाख करोड़ रुपये के शेयर खरीदें है। बेंचमार्क इंडेक्स इस दिन 5 प्रतिशत से ज्यादा गिरा था। सेंसेक्स 4,389.73 अंक या 5.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,079.05 पर और निफ्टी 1,379.40 अंक या 5.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,884.50 पर बंद हुआ था। सोमवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स पिछले बंद से करीब 4000 अंक नीचे रहा। हालांकि, बाजार बंद होने से पहले यह संभला और 2226 अंक नीचे गिरकर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी करीब 1100 अंकों का गोता लगाने के बाद 742 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार विशेषज्ञों ने इस गिरावट के बारे में गुरुवार को ही चेतावनी जारी कर दी थी, जब ट्रंप ने दुनियाभर की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आयात होने वाले अहम उत्पादों पर आयात शुल्क लगा दिया था। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि जापान से लेकर चीन तक, एशिया में सभी शेयर बाजारों में भारी बिकवाली का दौर देखा गया है। आने वाले समय में बाजार की अनिश्चितता बनी रहेगी और वैश्विक मंदी से जॉब कट की स्थिति बन सकती है।




मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# क्या रांची बंगलूरू बन सकता है?

रांची का विस्तार घीरे-घीरे हो रहा है। लेकिन अहम सवाल है कि क्या रांची बंगलूरू बन सकता है?

बेहतरीन शहरों का इतिहास भारत का रहा है जिससे पूरी दुनिया को सीख मिली। सिंधु घाटी सभ्यता हो या हड़प्पा खुदाई में दुनिया को व्यवस्थित शहर भारत से ही मिले।


विगत वर्षो में कुछ शहरों ने तेज विकास किया जिनमें बंगलूरू, पूणे, हैदराबाद, कोच्चि, भुवनेश्वर ऐसे शहर है जिन्होंने आधारभूत संरचना, मानवीय सुविधाओं में तेज विकास कर परम्परागत बड़ें शहरों को पीछे छोड़ते हुए उनसे उपर अपना स्थान बना लिया। इन शहरों के विकास के पीछे एक आर्थिक कहानी भी है, सामाजिक विकास और समरसता के साथ आइटी सेक्टर को अपना अवसर बना लिया। अगर भौगोलिक रुप से देखा जाए तो बंगलूरू और रांची का मौसम बेहतरीन है। राजधानी बने 25 साल हो गये हैं। इतने ही समय में बंगलूरू सामान्य शहर से महानगर और आइटी हब बन गया।

आखिर रांची क्यों पिछड़ता शहर बन गया। आज बिहार की राजधानी पटना में भी मेट्रों रेल आंरभ होने जा रहा है,तीन से अधिक रिंग रोड से शहर का विस्तार के साथ ही दो मंजिला फ्लाई ओवर बन रहा है तब रांची के नागरिक को हर दिन जाम का सामना करना पड़ता है। उस राज्य का भविष्य और आर्थिक स्थिति बेहतर होगी जहां उन्नत शहर होंगे। हैदराबाद शहर से तेलंगाना राज्य को दस हजार करोड़ का टैक्स मिलता है। झारखंड इन बेहतरीन राज्यों में है जिसे धनबाद, जमशेदपुर, बोकारा, हजारीबाग सहित कई शहर मिले। लेकिन राज्य के शहरों के विकास के लिए कोई सार्थक योजना पर काम नहीं हो सका। आज भी रांची में समय से नागरिकों को पानी की आपूर्ति नहीं होती है। बिजली का जीरो कट से सपना है।

देश के सभी महानगर अपनी किसी न किसी खूबी के लिए विश्व विख्यात हैं। इनकी ये खूबियां, इनकी बुनियादी पहचान या लैंडमार्क हैं। इस क्रम में सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया कहे जाने वाले बंगलुरू शहर भी आता है। कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू भारत का तीसरा सबसे बड़ा महानगर है व आबादी करीब 1 करोड़ 20 लाख है। भारत का यह नगर भले एक जमाने में अपने सुहाने मौसम के लिए देश-विदेश में जाना जाता रहा हो, लेकिन आज इसकी पहचान सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया के रूप में है। इसे सिटी ऑफ गार्डन के नाम से भी जाना जाता है।



लेकिन आज इसकी इन सब पहचानों पर भारी इसकी सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया की पहचान है। इसके अलावा आज बंगलुरू को किसी और दूसरी पहचान के नाम से तेजी से जाना जाना शुरू हुआ है, वह है ह्यस्टार्टअप कैपिटल ऑफ इंडियाह्ल।



- मुरलीधर

> बंगलुरू में आज से नहीं पिछली सदी के 90 के दशक से ही दुनिया की सारी बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों ने अपने ऑफिस खोलने शुरू कर दिए थे। आज यहां आईटी क्षेत्र के कुशल तकनीकी श्रमिकों की बहुलता है। इस कारण यहां का समूचा वातावरण स्टार्टअप्स और आईटी पार्कों के अनुकूल है। अपनी इसी विशिष्टता के कारण बंगलुरू आईटी तकनीकी और अनुसंधान का वैश्विक केंद्र बन गया है।

**सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री का बड़ा आधार**

बंगलुरू को सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया, इसके सॉफ्टवेयर उद्योग की वजह से कहा जाता है। कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली की तरह बंगलुरू भी तकनीकी नवाचार का गढ़ है। कैलिफोर्निया के बाद सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तकनीकी केंद्र है, विशेषकर आउटसोर्सिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के मामले में। बंगलुरू आईटी उद्योग का कितना बड़ा गढ़ है, इसको इसी बात से जाना जा सकता है कि मार्च 2024 तक बंगलुरू के आईटी सॉफ्टवेयर उद्योग का कुल टर्नओवर लगभग 120 बिलियन अमेरिकी डॉलर था यानी 10 लाख करोड़ रुपये। भारत का वार्षिक बजट जहां 30 से 32 लाख करोड़ रुपये का होता है, उस नजर से देखें तो बंगलुरू का सॉफ्टवेयर उद्योग भारत के सालाना बजट के करीब एक तिहाई है। भारत जितना आईटी प्रोडक्ट निर्यात करता है, उसमें 40 प्रतिशत निर्यात अकेले बंगलुरू से होता है। यहां के स्टार्टअप्स और यूनिकॉर्न कंपनियां सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था में ही अपना प्रभाव नहीं डाल रहीं बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं।

**संभावनाशील रोबोटिक इंडस्ट्री**

भारत के सभी महानगरों में सबसे ऊंचाई पर यही उद्यान नगर बसा है। जिस तरह से बंगलुरू आधुनिक आईटी इंडस्ट्री का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है, उसके चलते अगर बहुत ही जल्द बंगलुरू कमाई के लिहाज से भी देश का सबसे ऊंचे पायदान वाला महानगर बन जाए तो इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होगा। क्योंकि सॉफ्टवेयर उद्योग के बाद दुनिया की चौथी औद्योगिक क्रांति के रूप में जिस रोबोटिक इंडस्ट्री का उभार हो रहा है, आने वाले सालों में बंगलुरू उस इंडस्ट्री का भी चैंपियन बनेगा। इस शहर का आईटी हब के रूप में उभरना, इसके कद को भारत की सीमाओं से परे जाकर विश्व परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण बन जाना है।

**इसरो से भी पहचान**

कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली के बाद दुनिया के कई सबसे बड़े आईटी हब में बंगलुरू भी शामिल है। यहां भारत की प्रमुख आईटी कंपनियां जैसे इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस के मुख्यालय और बड़े संचालन केंद्र स्थित हैं। बंगलुरू ही भारत का वह शहर है जहां बड़े पैमाने पर स्टार्टअप्स जन्मे हैं। सिर्फ स्टार्टअप और आईटी हब के लिए ही नहीं, यह शहर अपनी मजबूत शैक्षणिक परंपरा और अनुसंधान केंद्र के रूप में भी मशहूर है। भारतीय विज्ञान संस्थान, इसरो और इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट यहीं स्थित हैं। साथ ही यह नगर एयरो स्पेस और रक्षा अनुसंधान केंद्र के रूप में भी मशहूर है।

**इनोवेशन- नये आइडियाज का नगर**

वैसे इसकी एक पारंपरिक छवि गार्डन सिटी के रूप में भी है। लालबाग, बॉटनिकल गार्डन और कुब्बन पार्क पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण रहते हैं। बंगलुरू की नाइट लाइफ और सांस्कृतिक वातावरण युवाओं के बेहद अनुकूल है। शायद इसीलिए यह आविष्कारों और नये आइडियाज का शहर है। वास्तुकला की नजर से बंगलुरू का सबसे चर्चित लैंडमार्क यहां की विधानसभा सौंध है। लेकिन बार बार घूमकर बंगलुरू की खासियत इसके आईटी हब की ओर ही लौट आती है। सिलिकॉन वैली की उपाधि भी इसे इसी वजह से मिली है।

**स्टार्टअप्स के अनुकूल माहौल**

बंगलुरू में आज से नहीं पिछली सदी के 90 के दशक से ही दुनिया की सारी बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों ने अपने ऑफिस खोलने शुरू कर दिए थे। आज यहां आईटी क्षेत्र के कुशल तकनीकी श्रमिकों की बहुलता है। इस कारण यहां का समूचा वातावरण स्टार्टअप्स और आईटी पार्कों के अनुकूल है। अपनी इसी विशिष्टता के कारण बंगलुरू आईटी तकनीकी और अनुसंधान का वैश्विक केंद्र बन गया है। तकनीकी विशेषज्ञता, सांस्कृतिक विविधता और कुदरत से मिले मोहक वातावरण के कारण बंगलुरू भारत ही नहीं विश्व के महानगरों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

राज्य की राजधानी में अडंर ग्राउंड बिजली, परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षा की वैश्विक स्तर की योजना की जरूरत है। युवा सीएम इस दिशा में अवश्य कार्य करेंगे। निश्चित ही एक बड़ी लकीर खिंचने की जरूरत है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**झारखंड** सरकार राज्य के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण कर रही है . इसी क्रम में बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में बेड़ो और इटकी प्रखंड के 260 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण करने का शुभ अवसर मिला । हाथ में स्मार्ट फोन पा कर सेविकाओं के चेहरे खिल उठे . आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा स्मार्ट फोन की मांग बहुत पुरानी थी । राज्य में हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार ने इस मांग को पूरा किया है । स्मार्ट फोन की मदद से आंगनबाड़ी से जुड़े कार्य में तेजी आएगी ।

**– शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री**

# स्वास्थ्य के प्रति करना होगा जागरूक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

चिकित्सा

आज के दौर में खानपान में लापरवाही के चलते अधिकतर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रसित रहने लगे हैं। इससे उनके कार्य क्षमता में भी कमी आई है। मनुष्य के अस्वस्थ होने पर उसके उपचार पर पैसे खर्च होते हैं, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगती है। इसके साथ ही बीमार व्यक्ति का पूरा परिवार भी उसकी बीमारी के चलते तनाव में रहने लगता है। भागम-भाग के दौर वाली आज की जिंदगी में जो व्यक्ति अपना स्वास्थ्य सही रख पाता है। वह कम कमा कर भी सबसे अधिक सुखी रह सकता है। इसलिए हमें सबसे अधिक अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।

दुनिया भर में मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी दुनिया के देशों को समय-समय पर चेतावनी देता रहता है। कुछ वर्ष पूर्व आई कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था। मगर वैज्ञानिकों की तत्परता से वैक्सीन निर्माण होने के चलते वह नियंत्रण में आ गई थी। मगर भविष्य में भी ऐसी कोई गारंटी नहीं है कि कोरोना जैसी महामारी फिर नहीं आएगी। कभी भी कोई नई महामारी आ सकती है। इसलिए हमें हमारे खानपान, रहन-सहन व वातावरण में सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि हम बेवजह की बीमारियों से बच सके।

स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रति वर्ष सात अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे विश्व स्वास्थ्य संगठन का मकसद दुनियाभर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ सरकारों को स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करना। वर्तमान में इस संगठन के बैनर तले 195 से अधिक देश अपने-अपने देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरूआत 1950 से हुई। वैश्विक आधार पर स्वास्थ्य से जुड़े सभी मुद्दे को विश्व स्वास्थ्य दिवस लक्ष्य बनाता है। जिसके लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के खास विषय पर आधारित कार्यक्रम इसमें आयोजित होते हैं। पूरे साल भर के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये और उत्सव को चलाने के लिये एक खास विषय का चुनाव किया जाता है। वर्ष 2025 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरूआत, आशावादी भविष्य। यह विषय माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और जीवन को बढ़ाने पर केंद्रित है। जिसका लक्ष्य परिहार्य मातृ और शिशु मृत्यु के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आधे भारतीयों की आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच ही नहीं है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने वाले लोग अपनी आय का 10 फीसदी से ज्यादा इलाज पर ही खर्च कर रहे हैं। वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीसीआई) 2024 में भारत का स्कोर 98.49/100 रहा है। यह स्कोर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत को टियर-1 में रखता है।

वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2024 के अनुसार भारत 42.8 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ 195 देशों में से 66वें स्थान पर है और 2019 से -0.8 का परिवर्तन है। 2021 में दुनिया भर के देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों की रैंकिंग के अनुसार, स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर के आधार पर भारत 167 देशों में से 111वें स्थान पर था।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन साल की अवस्था वाले 3.88 प्रतिशत बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और 46 प्रतिशत बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं, जबकि 79.2 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से पीडित हैं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया 50 से 58 प्रतिशत बढ़ा है। कहा जाता है कि जिस देश कि चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होगीं, उस देश के लोगों की औसत आयु उतनी ही अधिक होगी। भारतवासियों को यह जानकर हैरानी होगी कि औसत आयु के मामले में बांग्लादेश भारत से आगे है। भारत में औसत आयु जहां 64.6 वर्ष मानी गई है, वहीं बांग्लादेश में यह 66.9 वर्ष है। इसके अलावा भारत में कम वजन वाले बच्चों का अनुपात 43.5 प्रतिशत है और प्रजनन क्षमता की दर 2.7 प्रतिशत है, जबकि पांच वर्षों से कम अवस्था वाले बच्चों की मृत्यु दर 66 है और शिशु मृत्यु दर जन्म लेने वाले प्रति हजार बच्चों में 41 है जबकि 66 प्रतिशत बच्चों को डीपीटी का टीका देना पड़ता है।

भारतीय स्वास्थ्य रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्वास्थ्य की सेवाएं अभी भी पूरी तरह से मुफ्त नहीं है और जो है उनकी हालत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित लोगों की काफी कमी है।

# देश भक्ति फिल्मों के एक मात्र स्तंभ मनोज कुमार

सामयिक

मनोज कुमार उन कलाकारों में थे, जिन्हें 60 के बाद से लेकर 90 के दशक से पहले के दर्शक पसंद करते थे। वे सिर्फ एक्टर या डायरेक्टर ही नहीं थे, उससे कुछ अलग थे और उनके जैसा कोई दूसरा नहीं हुआ। देशभक्ति और सामाजिक समस्याओं पर केंद्रित फिल्में बनाने में वे बेजोड़ थे। उन्हें 7 फिल्म फेयर अवार्ड मिले थे। वर्ष 1968 में पहली बार फिल्म फेयर ह्यउपकारह्ल के लिए मिला। साल 1992 में उन्हें पद्मश्री व 2016 में दादा साहेब फाल्के सम्मान से नवाजा गया।

फिल्में बनाने का जोखिम भी मोल लिया, जो आज के मुकाबले उस समय ज्यादा मुश्किल था। उन्होंने लीक से हटकर विषयों का चुनाव किया। उपकार से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा और सामाजिक विषयों को ऐसी पहचान बना लिया कि दर्शक उनसे ऐसी ही फिल्मों की अपेक्षा करने लगे। अपने आधे चेहरे को उंगलियों से ढकने का उनका स्टाइल उनकी पहचान बन गया था। उनकी यादगार फिल्मों में शहीद (1965) शामिल है, जो भगत सिंह के जीवन पर बनी थी। पूरब और पश्चिम (1970) की कहानी सांस्कृतिक पहचान पर बनाई गई, रोटी कपड़ा और मकान (1974) जीवन की जरूरतों और सामाजिक मुद्दों को कुरेदती थी और ह्यक्रांतिह्ल(1981) देश के स्वतंत्रता संग्राम पर बनी एपिक फिल्म रही। साल 1961 में मनोज कुमार को बतौर हीरो ह्यकांच की गुड़िया से ब्रेक मिला। इसके अगले साल विजय भट्ट की फिल्म हरियाली और रास्ता ने उनकी ज़िंदगी का रास्ता बदल दिया। 40 साल के फिल्म कैरियर में मनोज कुमार ने कई फिल्मों में काम किया और खुद भी फिल्में बनाई। इन सभी फिल्मों में उन्होंने फिल्म के कॉन्टेंट और फॉर्म पर लगातार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कहानी लिखने में उनकी महारत थी। वो ऐसी कहानियां रचते थे, जिनसे दर्शक आसानी से जुड़ाव महसूस कर सकें। उनकी हर फिल्म में हर दर्शक के लिए कुछ न कुछ होता था। शोर एक परिवार की खूबसूरत कहानी थी, जिसने मनोज कुमार को निर्देशक के तौर पर स्थापित किया।

**हरियाली और रास्ता से मिली पहचान**

मनोज कुमार के कैरियर की शुरूआत फिल्म फैशन (1957) में एक छोटे से किरदार से हुई। पर, उन्हें असली पहचान 1962 में आई फिल्म ह्यहरियाली और रास्ताह्ल से मिली। अभिनय के बाद उन्होंने निर्देशन में भी हाथ आजमाया और इसकी शुरूआत 1965 में आई फिल्म शहीद से की। साल 1967 में मनोज कुमार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर उनके ह्यजय जवान जय किसान नारे पर उपकार बनाई। लेकिन लाल बहादुर शास्त्री इसे देख नहीं सके। 1966 में शास्त्री जी ताशकंद के दौरे पर गए थे जहां 11 जनवरी 1966 को उनकी मौत हो गई। इसके एक साल बाद 11 अगस्त 1967 को फिल्म रिलीज हुई। शास्त्री जी को फिल्म न दिखा पाने का अफसोस ताउम्र मनोज कुमार को रहा।

**प्रयोगधर्मी पर फामूर्लो से पहचान**

फिल्मों में नए-नए प्रयोग करते हुए मनोज कुमार इतने विश्वसनीय हो गए थे कि उनकी फिल्म में वे जो भी प्रयोग करते, सहयोगी कलाकार आंख मूंदकर सब करते जाते। ऐसे में मनोज कुमार ने देशभक्ति के साथ ही अपनी फिल्मों में वह सब शामिल कर लिया, जो आमतौर पर मुश्किल होता है। मनोज कुमार ही थे जिन्होंने ह्यरोटी कपडा और मकान में ह्यहाय हाय यह मजबूरी में जीनत अमान को जी भरकर भिगोया। उन्होंने पूरब पश्चिम में सायरा को ग्लैमर में ढालकर दिखाया, यादगार में नूतन जैसी पारिवारिक अभिनेत्री को स्विमिंग सूट पहनाया और ह्यक्रांतिह्ल में हेमा मालिनी को पानी में तरबतर दिखाया। बावजूद उनकी फिल्मों में देशभक्ति का जज्बा जरा भी कम नहीं हुआ।

**राजधानी रांची में रामनवमी के जुलूस में महिला शक्ति ने जमकर तलवारबाजी की और शोभा यात्रा में शिरकत की।**

तस्वीर। अजय सानी की



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### चरही में बाइक चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**चरही।** रविवार रात चोरी गई बाइक को चरही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामद कर लिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूर्व में चोरी गई एक अन्य बाइक की सीट भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सतीश कुमार बर्मन, हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कसेरा मोहल्ला का निवासी है और वर्तमान में चरही में रहकर ठेला पर बरा-कचरी बेचने का काम करता है। वह स्व. बासुकी सोनी का दामाद है। आरोप है कि बीते रात सतीश ने अंधेरे का फायदा उठाकर सेवानिवृत्त शिक्षक युगेश्वर महतो की बाइक को उनके आंगन से चुराया और अपने किराए के मकान में ले जाकर बाइक के पाट्र्स को अलग करने लगा। वह उन्हें 25 रुपये प्रति किलो की दर से कबाड़ी दुकान में बेचने की तैयारी में था। शिक्षक के पड़ोसी डिलचंद रविदास ने बाइक गायब देख इसकी सूचना चरही थाना को दी। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिसमें आरोपी का चेहरा साफ नजर आया। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर बाइक के चेसिस सहित सभी पुर्जे बरामद किए और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सतीश को जेल भेज दिया है।

### गोरियाकरमा में वैज्ञानिक-किसान संवाद कार्यक्रम संपन्न, 110 किसानों ने लिया हिस्सा

**बरही।** बरही प्रखंड के गोरियाकरमा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक सह कुलपति डॉ. चेरूकुल्ली श्रीनिवास एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सी. विश्वनाथन रहे। इस संवाद में 28 वैज्ञानिकों के साथ 110 किसानों ने भाग लिया, जिनमें 86 महिलाएं एवं 24 पुरुष शामिल थे।कार्यक्रम में हजारीबाग के 10 प्रखंडों समेत चतरा, कोडरमा और रामगढ़ जिलों के 18 गांवों से किसान व एफपीओ सदस्य शामिल हुए। उद्घाटन भाषण में ओएसडी डॉ. विशाल नाथ ने अनुसूचित जाति/जनजाति योजनाओं की जानकारी दी। नोडल अधिकारी डॉ. कृष्णा प्रकाश ने पिछले चार वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। किसानों ने बताया कि संस्थान से प्राप्त बीज, उपकरण और प्रशिक्षण से उनकी उत्पादन क्षमता और आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिंह ने किसानों को सामूहिक खेती और व्यवसायिक कृषि अपनाने का सुझाव दिया। डॉ. श्रीनिवास ने महिलाओं के लिए किचन गार्डन और उद्यमिता विकास पर जोर दिया और आने वाले वर्षों में बेहतर बीज व मशीनरी उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और किट वितरित किए गए।

### बागजोबरा में धूमधाम से मनाया गया दिशोम बाहा महोत्सव, आदिवासी संस्कृति की झलक

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बागजोबरा गांव में सरना स्थल पर दिशोम बाहा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जाहेर संस्था, झरना झारखंड ट्रस्ट और बागजोबरा सरहुल पर्व तैयारी समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पाहन लालजी मांझी द्वारा सखुआ फूल और पेड़ की पूजा कर महोत्सव की शुरूआत की गई। महोत्सव में आसपास के गांवों से आई छह सांस्कृतिक टीमों ने सरहुल नृत्य, गीत और डांस प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में सेनेगड़ा टीम को प्रथम, सेहदा को द्वितीय और बेलगढ़ा को तृतीय स्थान मिला। तीरंदाजी प्रतियोगिता में अनिल हेम्ब्रम प्रथम, सहदेव किस्कू द्वितीय और प्रकाश टुडू तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को तीर-धनुष से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दिशोम मांझी फागु बेसरा ने कहा कि ह्लबाहा पर्व आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और सम्मान को दशार्ता है। कार्यक्रम का उद्घाटन फागु बेसरा, सोनाराम मांझी, मुखिया पूनम बेसरा, महेंद्र मुर्मू, संझली मुर्मू व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रात्रि में बंगाल के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

### मो क्यूम ने रामभक्तो के साथ पारंपरिक लाठी खेल कर दिया एकता कर परिचय

**बरही।** बरही प्रखंड के विजैया में रामनवमी पर्व को लेकर राम भक्तों में उत्साह का माहौल रहा। श्री रामनवमी के अवसर पर पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो. कयूम ने राम भक्तों के साथ लाठी खेलकर एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ पूर्व मुखिया दशरथ यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद थे। लाठी खेल की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इस दौरान मो. कयूम ने कहा कि रामनवमी सिर्फ धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक एकता व भाईचारे का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से सभी धर्म और समुदाय को एक साथ आकर समाज में प्रेम का संदेश देना चाहिए।

### ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारे प्रतिष्ठान की पहचान होगी : कृष्णा गुप्ता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा मेन रोड स्थित कैलाश कॉम्प्लेक्स में फर्स्ट फ्लोर पर सोमवार को 'स्वाद रेस्टुरा प्योर वेज' कंप्लीट फैमिली रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। जिसमें यजमान के रूप में कृष्णा प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, विपिन गुप्ता, अमित गुप्ता और अभिषेक गुप्ता उर्फ राजा शामिल हुए। पूजा के उपरांत श्री कृष्णा प्रसाद गुप्ता ने फीता काटकर रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर सह संचालक कृष्णा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 'स्वाद रेस्टुरा' में साउथ इंडियन और चाइनीज सहित शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध है, वह भी उचित मूल्य पर। उन्होंने कहा कि ?हमारा प्रयास है कि ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता और उचित दाम में स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जाए। ग्राहक ही हमारे प्रतिष्ठान की पहचान हैं और उनकी संतुष्टि ही हमारी प्राथमिकता होगी। रेस्टोरेंट में बैठने की सुविधा, स्वच्छता और ग्राहकों की सहूलियत का विशेष ध्यान रखा गया है। उद्घाटन समारोह में अजय, रंजन, राधा गुप्ता, रानी गुप्ता, रवि अग्रवाल, अश्विनी सोनी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन की पहल से रामनवमी शांति पूर्वक संपन्न

### जुलूस के दौरान हिन्दू मुस्लिम एकता की दिखी मिसाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रविवार को रामनवमी त्योहार के अवसर पर रामगढ़ जिला अन्तर्गत कुल 217 (लाईसेंसी 145 एवं गैर लाईसेंसी 72) अखाड़ों द्वारा रामनवमी जुलूस निकाला गया। रामनवमी त्योहार को लेकर हिन्दू समुदाय में हर्षोल्लास देखा गया। काफी भारी संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चों ने जुलूस में भाग लिया। रामगढ़ के शहरी क्षेत्रों के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी संख्या में भीड़ देखी गई। उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा रामगढ़ थाना अंतर्गत 38, रजरप्पा



जुलूस के दौरान मुस्तैद डीसी एसपी

थाना अंतर्गत 38 एवं गोला थाना अंतर्गत 31 कुल 107 अखाड़ों के द्वारा निकाले गये जुलूस को 7 अप्रैल को समय सुबह 04:30 बजे तक सड़क पर स्वयं उपस्थित रहकर शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाया गया। रामगढ़ जिला अन्तर्गत हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय द्वारा आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए अनुठी मिसाल पेश किया गया। रामगढ़ थाना अंतर्गत सौदागर मोहल्ला, गोलपार, नईसराय एवं कुजू ओपी अंतर्गत कुजू चौक एवं श्रीराम चौक में मुस्लिम समुदाय द्वारा रामनवमी त्योहार के अवसर पर मंच तैयार किया गया। मंच पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ स्वयं उपस्थित रहे तथा उनके समक्ष मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलूस में शामिल हिन्दू समुदाय के सभी अखाड़ों के व्यक्तियों पर पुष्प की बारीश की गई तथा एक जागृत समाज का संदेश दिया गया। दोनो समुदायों द्वारा गंगा यमुना का तहजीब हमेशा बरकरार रखते हुए अगामी पर्व / त्योहार को भी आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाये जाने का संकल्प लिया गया। 3 अप्रैल को नगर भवन रामगढ़ में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रामनवमी त्योहार को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के समिति अध्यक्ष, सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए थे। बैठक में सभी उपस्थित व्यक्तिगण से रामनवमी त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का अपील किया गया था, जिससे प्रोत्साहित होकर मुस्लिम एवं हिन्दू समुदाय के द्वारा आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए अनुठी मिसाल पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिला के हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों द्वारा जो आपसी भाईचारे का अनुठी मिसाल पेश किया गया यह एक सिख है वैसे असामाजिक एवं शरारती तत्वों के लिये जो समाजिक सोहार्द को बिगाड़ने का काम करते है। साथ ही हिदायत दिया गया कि अगामी पर्व / त्योहार में दो समुदायों के बीच खलल पैदा करने, समाजिक सोहार्द बिगाड़ने तथा विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उसके विरूद्ध कड़ी कानुनी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रामगढ़ जिला में बनाये गये विभिन्न मंचो से पूरे हिन्दु एवं मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का अपील किया गया। हिन्दू समुदाय के महिला, पुरूष एवं बच्चे भारी संख्या में जुलूस में शामिल हुये तथा सभी अपने संयम का परिचय देते हुए अनुशासित तरीके से प्रेम एवं सौहार्द के साथ आगे बढ़ते रहे और जुलूस को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाया गया। जिले में किसी भी तरह की कोई भी विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हुई। जिले में कई थाना क्षेत्रों में चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है।

### नवमी पूजा के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को नवमी पूजा को लेकर पुरोहित द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों और घरों में नवमी पूजन, हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान के साथ चैती नवरात्र कलश स्थापना का समापन हुआ। इसके पूर्व मंदिर प्रांगण में महावीर धवज स्थापित की गई। इस दौरान पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। साथ ही देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। तत्पश्चात भोग, आरती, हवन और नौ कन्याओं को प्रसाद खिलाया गया। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी देवताओं के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना में संदीप शर्मा, नीलम, समीर कुमार, प्रीति, पीयूष कुमार, नेहा नयन, आशा देवी, नव्या, रेयांश सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला- पुरुष शामिल हुए।

# मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुआ चैती दुर्गा पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से संपन्न हो गया। इस दौरान माँ दुर्गा प्रतिमा को सुसज्जित वाहन में सवार कर क्षेत्र का भ्रमण कराते हुए स्थानीय जलाशयों में विसर्जित कर दिया गया। कोयलांचल के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अलावे तोपा, ओरला, आरा, सारूबेड़ा, सांडी, बोंगावार, करमा, दिगवार आदि स्थानों में प्रतिमाओं को वाहन में सजाकर जयकारे का नारा लगाते हुए गावं में भ्रमण कराया गया। इधर कुजू पुलिस द्वारा सुरक्षा- व्यवस्था का पूरा इंतजाम किया गया था।



नगर भ्रमण में शामिल माँ दुर्गा की प्रतिमा

### सौंदा डी में भक्तिभाव और उल्लास के साथ निकला भव्य रामनवमी जुलूस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी पंचायत में रामनवमी के पावन अवसर पर रविवार की शाम झांकियों के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। मुख्य अखाड़ा जुलूस की शुरूआत क्लब घर हनुमान मंदिर से शाम 5 बजे की गई। जो निर्धारित मार्गों से होते हुए नकरी नदी स्थित छठ मंदिर तक पहुंचा और फिर वापस अपने-अपने अखाड़ों में संपन्न हुआ। जुलूस रूट में पुराना शिव मंदिर, रेमबो क्लब, जीपी कैंप, शक्ति नगर, मुख्य बाजार लेनिन चौक, हनुमान चौक, शनिचर बाजार, पंचमुखी हनुमान मंदिर, रामनगर, हुसैनीनगर सहित कई प्रमुख स्थलों पर श्रद्धालु भक्तों का अपार जनसमूह देखने को मिला। इसके पूर्व शक्ति नगर मंदिर परिसर में मुख्य अखाड़ा झंडा की पूजा मुखिया उपेंद्र शर्मा की बेटी द्वारा विधिवत की गई। इस अवसर पर लेनिन चौक पर सामूहिक बाजार समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए खीर और शीतल जल की उत्तम व्यवस्था की गई। वहीं पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति द्वारा प्रसाद, खीर-पूरी व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, रामनवमी मैदान आजाद नगर समिति द्वारा जुलूस के दौरान बुंदिया का वितरण निरंतर किया गया।जुलूस में रामनवमी लाइसेंसधारी सह सौंदा डी पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, क्लब घर रामनवमी समिति अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, आजाद नगर हनुमान मंदिर समिति अध्यक्ष कृष्णा कुमार, अजित जयसवाल, जग्गू घ घासी, रामरूप प्रसाद सहित करीब 1000 महिला, पुरुष व बच्चे शामिल होकर भक्ति भाव के साथ सहभागी बने।

# दुबई से नहीं लौटा महावीर महतो

**अमूल्य चंद्र पांडेय**

विष्णुगढ़। एक परिवार की उम्मीद, एक मां का सहारा, एक पत्नी की ताकत और बच्चों का भविष्य सबकुछ थम गया रविवार को, जब झपाटांड गांव में दुबई से एक मनहूस खबर आई कि महावीर महतो अब इस दुनिया में नहीं रहे। काम की तलाश में विदेश गया यह मजदूर, अब लौटेगा या नहीं, यह भी फिलहाल अनिश्चित है।

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सारुकुंदर पंचायत अंतर्गत झपाटांड निवासी 42 वर्षीय महावीर महतो की दुबई में आकस्मिक मौत हो गई। वह वहां लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड कंपनी में कार्यरत थे। परिजनों को उनकी मृत्यु की सूचना तो दी गई,



महावीर महतो की फाइल फोटो

पर यह साफ नहीं किया गया कि मौत कैसे हुई। महावीर परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन के बाद पत्नी सुमित्रा देवी, 20 वर्षीय बेटी पिंकी कुमारी और 15 वर्षीय बेटा फलजीत कुमार पूरी तरह बेसहारा हो

#### कमाने गया बेटा, लौट आया मातम!

गए हैं। दो साल पहले कैंसर से जूझते उनके छोटे बेटे जितेंद्र की मौत बेंगलुरु के एक अस्पताल में हो गई थी, जिसका अंतिम संस्कार पैसे के अभाव में वहीं करना पड़ा था। इस हादसे ने झारखंड में प्रवासी मजदूरों की हकीकत को फिर से उजागर कर दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने पीड़ित परिवार से मिलकर सरकार से शव की स्वदेश वापसी की मांग की है। हर बार एक ही सवाल ज़िंदा हो जाता है कि कब तक झारखंड के मजदूर विदेश में जान देंगे? और कब मिलेगी उन्हें अपने ही राज्य में जीने और कमाने की जमीन?

### रामनवमी पर बरही में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**बरही।** रामनवमी का पर्व भव्यता और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को निकली शोभायात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए, जिससे बरही चौक व आसपास की सड़कें भक्तों से पट गईं। जय श्रीराम के नारों और ढोल-ताशों की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया। विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों ने लाठी, तलवार, भाला आदि पारंपरिक हथियारों के करतब दिखाए और आकर्षक झांकियां निकालीं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन में प्रशासन और रामनवमी महासमिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रामनवमी सेवा में फ्रेंड्स ग्रुप का अनोखा संकल्प

# श्रद्धालुओं की मदद को कंधे भी हाजिर



जानकारी देते फ्रेंड्स ग्रुप के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में सामाजिक समर्पण का एक जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है फ्रेंड्स ग्रुप, जो रामनवमी के अवसर पर सेवा भाव को नए आयाम देने जा रहा है। बीते सोमवार को झंडा चौक स्थित रूपम वस्त्रालय के पास आयोजित प्रेस वार्ता में ग्रुप ने इस वर्ष की सेवा योजनाओं की जानकारी साझा की।1994 में स्थापित यह ग्रुप अब 105 समर्पित सदस्यों के साथ रामभक्तों की सेवा में जुटा है और भविष्य में 500 सदस्यों को जोड़ने की योजना पर काम कर रहा है। रामनवमी के दौरान झंडा चौक पर विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें 221 किलो खीरा, 221 किलो चना, गुड़, शिकंजी, पेयजल और नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही घायल भक्तों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगा। फ्रेंड्स ग्रुप के प्रमुख सदस्य भैया अभिमन्यु प्रसाद ने यह भावुक संकल्प लिया कि यदि एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचती या रास्ते में जाम होता है, तो उनके सदस्य घायल श्रद्धालुओं को अपने कंधे पर उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाएंगे। यह घोषणा केवल एक वादा नहीं, बल्कि उस भावना की मिसाल है, जहां सेवा, भक्ति से भी बड़ी बन जाती है।प्रेस वार्ता में सुनील गुप्ता ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर कई सदस्य मौजूद रहे और इस मिशन को सामूहिक प्रयास के रूप में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।जहां भक्ति केवल नारे बनकर रह जाती है, वहीं फ्रेंड्स ग्रुप उसे कर्म में बदल रहा है, कंधे पर उठाकर, सड़कों से सेवा तक।

### 551 महिलाओं ने उठाया भक्ति कलश

**दार।** क्षेत्र के कबलासी पंचायत मे नवनिर्मित शीतला माता शक्तिपीठ एवं श्री श्री हनुमान जी मनोकामना सिद्ध की प्राण प्रतिष्ठा हेतु नव दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर पुरा क्षेत्र मे भक्ति की बयार बह रही है। श्री श्री 1008 शत चंडी एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ आर्य विकाश समाज समिति कबलासी के बैनर तले किया जा रहा है। सोमवार को इस यज्ञ की शुरूवात भव्य कलश यात्रा के साथ हुई जिसमे 551 महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ माथे पर कलश लेकर काबलासी मंदिर से देवरिया बस्ती होते हुए सेवाने नदी तक पहुंची जहाँ पूरे विधान से कलश मे जल भरा गया।

# थाना पहुंचकर रहस्यमय ढंग से लापता हुआ युवक, बाइक वही मिली पर इंसान नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर गांव का युवक भरत यादव अचानक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है, जिससे गांव में सनसनी फैल गई है और परिजनों की चिंता चरम पर पहुंच गई है।5 अप्रैल की सुबह भरत यादव (पुत्र केदार यादव) ने घर से चौपारण थाना जाने की बात कहकर निकलने के बाद अपने भाई से फोन पर आखिरी बार बात की थी। उन्होंने बताया था कि वह थाना के पास पहुंच चुके हैं। इसके कुछ समय बाद से उनका मोबाइल बज तो रहा है, लेकिन कोई कॉल रिसीव नहीं हो रहा। जब परिजन चौपारण थाना पहुंचे तो वहां थाना गेट के पास उनकी पल्सर बाइक



थाने के गेट के बाहर लगा बाइक

खड़ी मिली, लेकिन भरत यादव का कहीं कोई अता-पता नहीं था। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि भरत का अंतिम मोबाइल लोकेशन हजारीबाग में ट्रेस हुआ है और खोजबीन तेज कर दी गई है। इस बीच, एक चौंकाने वाला एंगल सामने आया है। दरअसल, भरत यादव हाल ही में अपने ही गांव के कुछ लोगों के खिलाफ जमीन विवाद को लेकर एफआईआर दर्ज करवा चुके थे। 31 मार्च को हुई मारपीट के बाद से उन्हें लगातार धमकियां भी मिल रही थीं। भरत की पत्नी मंजू देवी ने प्रशासन से अपील की है कि उनके पति को सकुशल बरामद करने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने सख्ती नहीं दिखाई, तो गांव में भय का माहौल और गहरा सकता है। रहस्यमय ढंग से युवक का थाना के पास से इस तरह लापता होना कई सवाल खड़े कर रहा है कि क्या यह महज संयोग है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा?

# हजारीबाग में शौचालयों को किया गया दुरुस्त

## खबर बनी राहत की वजह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** रामनवमी से पहले हजारीबाग में शौचालयों को दुरुस्त कर लिया गया है । आखिरकार प्रशासन की नींद खुली !जब खबर मन्त्र ने उठाई स्वच्छता की बिगड़ी कहानी, तो गूंज सुनाई दी जिला प्रशासन के गलियारों में। हजारीबाग शहर की सड़कों पर, जहां कभी जर्जर शौचालय लोगों की मुश्किल बढ़ा रहे थे, अब वहां दिख रही है सुविधा की नई तस्वीर। 3अप्रैल को खबर मन्त्र में प्रकाशित रिपोर्ट ?स्वच्छ भारत मिशन का हजारीबाग में खस्ताहाल !? ने प्रशासन को झकझोर दिया। नतीजतन, रामनवमी महापर्व से पहले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु नगर निगम ने कमर कस ली। अब शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे जामा मस्जिद मुख्य नाला रोड, जादो बाबू चौक, बड़ा अखाड़ा, जैन मंदिर के सामने, गिलान रोड, खिरगांव, मोहन सिनेमा और घोड़ा अस्पताल के पास अस्थायी और मॉड्यूलर शौचालय की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, खिरगांव टैक्सी स्टैंड, सदर अस्पताल, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, सरकारी बस स्टैंड, कोर्रा चौक, और मटवारी गांधी मैदान के पास मॉड्यूलर यूरिनल्स को भी दुरुस्त किया गया है। रामनवमी की दशमी रात को लाखों श्रद्धालु हजारीबाग में जुटते हैं, जिनमें बड़ी संख्या ग्रामीण इलाकों से आती है। सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली वर्षों से परेशानी का सबब थी, जिसे अब खबर की ताकत और प्रशासन की तत्परता ने दूर कर दिया। जब खबर बोलती है, तो व्यवस्था सुनती है और इस बार खबर मन्त्र की एक खबर ने हजारीबाग की सूरत बदल दी!


हजारीबाग /रामगढ़
स्वच्छ भारत मिशन का हजारीबाग में खस्ता हाल

# शिवाडीह की झांकी ने मारी बाजी, हरली मेलाटांड़ झांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** हरली रामनवमी मेलाटांड़ में आयोजित भव्य झांकी प्रतियोगिता में शिवाडीह गांव की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवाडीह की प्रस्तुति माता शबरी का प्रेम एवं श्रीराम दर्शन पर आधारित थी, जिसका निर्देशन विनोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार और चक्रधर प्रसाद ने किया। प्रतियोगिता में कई गांवों के अखाड़ों और सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया। मूल्यांकनकताओं द्वारा झांकियों का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की गई। विश्रामपुर को दूसरा, गंगा दोहर को तीसरा तथा ग्राम सांढ को चौथा स्थान मिला। तलसवार, अमर ज्योति क्लब चोपदार बलिया पासी टोला, पिपराडीह महूगाई कला, गोसाई बलिया, महूगाई खुर्द, नापोकला, बेला, मधुइया ढाब व बादम गांव की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। सभी प्रतिभागियों को हरली पूजा समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले एकल कलाकारों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता हरली पूजा समिति अध्यक्ष महेंद्र महतो ने की। मौके पर बड़कागांव रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी, मुखिया कविता देवी, मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी समेत कई जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



हरली मेलाटांड़ झांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

# धूमधाम से मना रामनवमी, देर रात तक गूंजते रहे जय श्रीराम के नारे

## महामंडलेश्वर, केंद्रीय मंत्री व विधायक कार्यक्रम में हुईं शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता







**कोडरमा।** रामनवमी के मौके पर रविवार को कोडरमा रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में आयोजित रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के मौके पर कोडरमा के विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा निकाली गई झांकियां इस वर्ष आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। सर्व विदित है कि कोडरमा गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में रामनवमी महासमिति कोडरमा के द्वारा वर्ष 2017 से अखाड़ा समितियों का स्वागत अभिनंदन एवं शौर्य प्रदर्शन समारोह का आयोजन किया जाता आ रहा है। रामनवमी के मौके पर आयोजित स्वागत अभिनंदन समारोह में 18 अखाड़ों के प्रतिभागी शामिल हुए। विभिन्न अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस तथा सुंदर झांकियों निकाली गई। उद्घाटन समारोह में बतौर उद्घाटन कर्ता महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज एवं बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विशिष्ट अतिथि कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष मनोज कुमार झुन्नू व संचालन संरक्षक प्रवीण चंद्रा एवं महासचिव अजय पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। महामंडलेश्वर द्वारा शंखनाद के साथ फीता काटकर कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने महासमिति को बेहतर आयोजन के लिये धन्यवाद दिया। वहीं महामंडलेश्वर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से राम भक्तों में उत्साह दिखता है। वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश में जो परिस्थिति बन रही है, ऐसे में सनातनियों को एकजुट रहना होगा। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आज की महिलाएं भी शस्त्र प्रदर्शन कर उत्साह बढ़ा रही हैं। वहीं दूसरी ओर महावीरी झंडा मिलान को लेकर विभिन्न अखाड़ों से हजारों की संख्या में विशाल जुलूस एवं भव्य झांकियों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। विभिन्न अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।

**अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित :** महासमिति के द्वारा आंगतुक अतिथियों एवं विभिन्न अखाड़ों से आए अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष और सचिव को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत संध्या 6 बजे से आयोजित शौर्य प्रतियोगिता के आयोजन की रंगारंग शुरुआत हुई। जिसमें विभिन्न अखाड़ों से आए सैकड़ों युवाओं ने जय श्री राम की धुन और प्रभु श्रीराम के जयकारों के बीच शस्त्र प्रदर्शन किया। देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अपार जनसमूह ने बेहद ही शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का आनंद लिया। वहीं विधि व्यवस्था के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन काफी सक्रिय रही। कार्यक्रम स्थल पर स्वयं एसपी अनुदीप सिंह एवं एसडीओ रिया सिंह मौजूद थे। झांकी में महाकुंभ मेला व श्री राम जानकी की झांकी इस वर्ष आकर्षण का मुख्य केंद्र था। कार्यक्रम समापन के पूर्व निर्णायक मंडल के द्वारा शौर्य प्रदर्शन में लाठी, तलवार, भाला, बामा, सामूहिक शस्त्र प्रदर्शन में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को लेकर अपना निर्णय प्रस्तुत किया। वहीं आगंतुक अतिथियों, महासमिति के पदाधिकारियों और निर्णायक मंडली के द्वारा शौर्य प्रदर्शन में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड एवं मैडल देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

### शील्ड व मेडल भेंट कर किया गया सम्मानित

झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान लोचनपुर अखाड़ा कमेटी, द्वितीय फरेंदा और तृतीय पुरस्कार गिरिडीह रोड कोडरमा को मिला, जबकि लाठी में प्रथम बदडीहा, द्वितीय लोचनपुर एवं तृतीय स्थान गिरिडीह रोड ने प्राप्त किया। वहीं तलवार में प्रथम गिरिडीह रोड, द्वितीय पांडेयडीह एवं तृतीय स्थान गिरिडीह रोड ने प्राप्त किया। वहीं बाना में प्रथम प्रेम कुमार, द्वितीय अंकित सिंह एवं तृतीय स्थान डेविड आर्यन ने प्राप्त किया। अनुशासन को लेकर विभिन्न प्रतिभागियो को शील्ड एवं मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष मनोज कुमार झुन्नू, संरक्षक प्रवीण चंद्रा, महासचिव अजय पांडेय, उपाध्यक्ष सूरज यादव, प्रवीण पांडेय, अजीत बवर्णवाल, सचिव उत्तम कुमार, महेश भारती, संजय सिंह, अक्षय रंजन, दीपक सिंह, विनय सिंह, शशि सिंह, देवराज पाण्डेय, राजू विश्वकर्मा, अजीत सिंह, निर्णायक मंडली के जयप्रकाश राम, बैजनाथ यादव, अजय झा, यमुना यादव, महावीर यादव, गोपाल यादव, राजा सिंह, बिट्टू सिंह, अमरदीप गिरी, सागर कुमार, राजू राणा, दिलीप सिंह, संजय पासवान, राजू यादव, अनु सिंह, छोटी यादव, रोहित पांडेय, सुखदेव सिंह, रोहन सिंह समेत हजारों की संख्या में रामभक्त मौजूद थे।

# एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम, जय श्रीराम...

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिले भर में रविवार को रामनवमी धूमधाम से मनी। वहीं लोग भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबे दिखे। सुबह से ही हर गली, चौक-चौराहे व हर रास्ते पर जय श्रीराम के जयकारों की गूंज सुनाई दी, लोग घरों की छतों, दुकानों और सड़कों पर निकलकर झांकी और जुलूस का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही रामनवमी जुलूस व झांकी नगर भ्रमण पर निकली शहर की सड़कों पर आस्था, उमंग और उल्लास की बयार बहने लगी शहर के आसपास के इलाकों से निकली झांकियों का मिलान झंडा चौक पर हुआ। यहां रामनवमी झंडा महासमिति ने सभी अखाड़ा समितियों का स्वागत किया गया। झंडा चौक पहुंचते ही अखाड़ा समिति के खिलाड़ियों ने परंपरागत हथियारों से शानदार करतब दिखाये। वहीं लाठी, तलवार, फरसा, भाला और मुग्दल के हैरत अंगेज प्रदर्शन देख भीड़ रोमांचित हो उठी, जगह-जगह समितियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं देर रात तक झंडा चौक पर झांकियों का मिलन व अखाड़ा समितियों के द्वारा खेल का प्रदर्शन जारी था। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु झांकी व समितियों का प्रदर्शन देखने पहुंचे थे, यहां ताशा और ढोल की थाप पर युवा जमकर झूमते नजर आये।

**बेटियों ने दिखाया शौर्य और पराक्रम :** इस बार रामनवमी जुलूस की सबसे बड़ी खासियत रानी झांसी की झांकी रही, जिसने सभी का दिल जीत लिया। वहीं महिला विंग की अध्यक्ष सुषमा सुमन के नेतृत्व में गत 10 दिनों से ग्रैंड सूर्य होटल परिसर में बेटियों और बहनों को निःशुल्क लाठी, तलवार और अन्य हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया था बेटियां झांसी की रानी के जीवंत रूप में अस्त्र-शस्त्र के साथ जब ग्रैंड सूर्य होटल से निकलीं तो पूरा माहौल तालियों और जयघोष से गूंज उठा बेटियों की टोली महात्मा गांधी चौक, शीतल छाया होटल होते हुए झंडा चौक पहुंची।

यहां उन्होंने लाठी, तलवार और पारंपरिक हथियारों से अद्भुत करतब और शक्ति प्रदर्शन कर सभी को रोमांचित कर दिया। वहीं सिर पर साफा, हाथ में शस्त्र और चेहरे पर आत्मविश्वास लिए वीरांगनाओं का यह प्रदर्शन महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक जागरूकता का जीवंत उदाहरण बन गया। **किस समिति की झांकी में क्या था खास :** असनाबाद अखाड़ा समिति की भव्य झांकी पूरे जुलूस का मुख्य आकर्षण बनी रही हनुमान जी की ध्यान मुद्रा, शिव-पार्वती की छवि और सीने में श्रीराम-सीता की झलक ने सबका मन जीत लिया।

वहीं बेलाटांड अखाड़ा समिति की महाकाल दरबार की झांकी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा भगवान भोलेनाथ, नंदी और बजरंगबली की जीवंत झलक ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सूर्य मंदिर तिलैया बस्ती द्वारा भगवान शिव व मां काली की झांकी तथा महाराष्ट्र से आए कलाकारों की प्रस्तुति ने विशेष आकर्षण बटोरा। वहीं असना इंदरवा समिति की की ओर से बैद्यनाथ धाम व जननायक बिरसा मुंडा के बलिदान पर आधारित झांकी निकाली गई इसके अलावा मोरियावां समिति की विशाल श्रीराम प्रतिमा श्रद्धा का केंद्र रही।

**सुरक्षा व्यवस्था दिखी चाक-चौबंद, ड्रोन से हुई निगरानी :** रामनवमी जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वहीं तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल दिनभर गश्त करता रहा। वहीं महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी, इसके अलावा ड्रोन कैमरे से जुलूस की निगरानी की गयी। इधर रामनवमी पर निकले जुलूस को देखते हुए जिले में एहतियातन रविवार दोपहर से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गयी थी।

## रामनवमी पर निकला भव्य जुलूस गांवों में गूंजे जय श्रीराम के नारे



**गिद्धौर (चतरा)।** रामनवमी के अवसर पर रविवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में भव्य जुलूस निकाला गया। हालांकि गिद्धौर मुख्यालय में रामनवमी का जुलूस दशमी तिथि को निकाला जाएगा। बारियातु, गंगापुर, केंदुआ, पहरा, सिंदुआरी, मंझगांवा, पिंडारकोण, दुआरी और इचाक समेत कई गांवों में रंग-बिरंगी झांकियां और झंडे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। अखाड़ों पर युवाओं ने डीजे की धुन पर नृत्य किया और पारंपरिक लाठी चलाकर करतब दिखाए। पूरे माहौल में जय श्रीराम के नारों की गूंज रही। लोगों ने अपने घरों में हनुमान जी का ध्वज लगाकर पर्व की खुशी मनाई। रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे। सुरक्षा के मद्देनजर गिद्धौर पुलिस सतर्क दिखी। अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता समेत अन्य कर्मी अपनी ड्यूटी में तैनात रहे। सभी गांवों में रामभक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

## गिद्धौर में रामनवमी पर निकली भव्य झांकी

**गिद्धौर (चतरा)।** रामनवमी के शुभ अवसर पर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस और झांकी निकाली गई। यह झांकी रामनवमी मेला टांड़ तक पहुंची, जहां मेला का विधिवत उद्घाटन बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार और मुखिया निर्मला देवी गुप्ता समेत अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। झांकी और जुलूस के दौरान पूरा इलाका जय श्रीराम और बजरंगबली की जय के नारों से गूंज उठा। उपरटोला, नीचे टोला, बीच टोला, ठाकुरवाड़ी टोला और बरटा की ओर से आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति की गई। इनमें से उपरटोला और नीचे टोला की सामाजिक संदेश से जुड़ी झांकी को ग्रामीणों ने खूब सराहा। प्रशासन की ओर से जुलूस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। मौके पर मेला महासमिति के मुकेश कुमार, राजेश कुशवाहा, विजय भारती समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जैन धर्म का विश्व शांति महामंत्र का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री दिंबर जैन मंदिर के सरस्वती भवन में सराक केशरी जैन संत मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी मुनिराज के सानिध्य में नौ अप्रैल को णमोंकार महामंत्र दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन प्रातः 8:01 से 9:36 बजे तक अखंड मंत्र जाप किया जायेगा। यह आयोजन सार्वजनिक शांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड अर्गेनाइजेशन जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है। वहीं दिल्ली में नौ अप्रैल को इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह आयोजन 180 देश के लाखों भक्तों की भागीदारी, विश्व भर में 100 मेगा इवेंट्स, 6000 से अधिक मंदिरों एवं अन्य स्थलों में एकजातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देगा। वहीं जैन संत मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी ने कहा कि णमोकार महामंत्र किसी धर्म विशेष का नहीं है सभी लोग इसका उच्चारण कर अपना आत्म कल्याण कर सकते हैं। णमोकार मंत्र शांति एवं आध्यात्मिक शुद्धता को प्रोत्साहित करता है। णमोकार महामंत्र का उच्चारण बहुत सरल है। इसे किसी भी समय और किसी भी स्थान पर पढ़ा जा सकता है। यह मंत्र सभी के लिए समान रूप से लाभदायक है णमोकार महामंत्र का जाप करने से हमें आध्यात्मिक शांति, मोक्ष की प्राप्ति होती है और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है, इसलिए हमें प्रतिदिन नवकार महामंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जैन मंदिर में रविवार को पोस्टर का विमोचन दिंबर जैन समाज के उप मंत्री नरेंद्र जैन झांझरी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जैन काला, जय कुमार जैन, ललित जैन सेठी, सुरेश जैन, महिला समाज की त्रिशला जैन गंगवाल, शशि जैन छाबड़ा व मीरा राज जैन छाबड़ा ने किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की बैठक

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। वहीं प्रधान जिला जज ने उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की तथा अपने-अपने न्यायालय से राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन योग्य मामलों को चिन्हित कर सम्बंधित पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने की अपील की।

वहीं उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है, वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है।

# इटखोरी में रामनवमी पर निकली भव्य झांकियां, पूरी रात गूंजते रहे जय श्रीराम के नारे

खबर मन्त्र संवाददाता





**इटखोरी (चतरा)।** रामनवमी के पावन अवसर पर इटखोरी प्रखंड में भक्ति और उत्साह का अनोखा नजारा देखने को मिला। सोमवार शाम को प्रखंड मुख्यालय सहित देवी मंडप, धनखेरी, जयप्रकाश नगर और मलकपुर गांव से मनमोहक झांकियां निकाली गईं। रामभक्तों ने पूरी रात जय श्रीराम के नारों के साथ जुलूस में हिस्सा लिया। जगह-जगह पर अखाड़ा प्रदर्शन हुए और भक्तों की भीड़ से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

रामनवमी महासमिति और प्रशासन की ओर से कार्यक्रम की व्यवस्था पूरी तरह से की गई थी। झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। महासमिति की ओर से झांकी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें धनखेरी की झांकी को प्रथम, जयप्रकाश नगर की झांकी को द्वितीय और देवी मंडप की झांकी को तृतीय पुरस्कार मिला। एक अन्य वर्ग में देवी मंडप घुज्जी बागी की झांकी को प्रथम, कल्याणपुर की झांकी को द्वितीय और चट्टी मोहल्ला की झांकी को तृतीय पुरस्कार मिला।

इस दौरान रामनवमी महासमिति के मंच पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, डॉ. अभिषेक रामाधीन, प्रखंड प्रमुख प्रिया देवी, डीएसपी अमिता लकड़ा, सीओ सविता सिंह, बीडीओ सोमनाथ बांकीरा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह समेत अन्य अतिथियों को पगड़ी, मोमेंटो और गदा देकर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष को तलवार भी भेंट की गई। रात तीन बजे तक झांकियों का सिलसिला चलता रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## खबर एक नजर में

### जानकी ऑटोमोबाइल्स होंडा शोरूम का एमडी ने किया उद्घाटन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत साप्ताहिक हॉट चौक के समीप होंडा कंपनी के जानकी ऑटोमोबाइल्स का उद्घाटन मुखिया सदानंद यादव, एमडी आनंद शामन्ता, अनिल कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। वहीं प्रोपराइटर विनय शंकर ने बताया कि शोरूम में आसानी से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों को आसान किस्तों पर बाइक उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही कंपनी के द्वारा ग्राहकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की बात कही। उद्धघाटन के दौरान एक बाइक की बिक्री की गयी। जिसे कटैया निवासी विक्रम कुमार ने खरीदी। उद्धघाटन के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक-तुलसी प्रसाद यादव, सेल्स मैनेजर दीपक सिंह, सर्विस मैनेजर रंजीत कुमार, अंग्रेज प्रसाद यादव, डॉ.मनोज कुमार, सतीश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन 12 अप्रैल तक आवेदन मांगा गया

**कोडरमा।** जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (अल्पसंख्यक स्कूल छोड़ कर) में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रवेश कक्षा में अभिवंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों का सत्र 2025-26 में नामांकन को लेकर 12 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिला स्तर से अंतिम रूप से चयनित एवं अनुमोदित सूची के आधार और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बच्चों का नामांकन प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर लिया जाएगा।

### हाथियों के उत्पात से लोगों में भय का माहौल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलाटांड़ में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया एवं झोपड़ी और घर के दीवार को भी ध्वस्त कर दिया। जिनके घरों को नुकशान पंहुचा है उसमें शिवरानी कुमारी पति राजेश मेहता, किरण देवी, पवन मेहता, राम पुकार भारती, सुरेश मेहता, छोटी मेहता, लोखन मेहता, रामानंद सहित दर्जनों लोगों का घर और खेती हाथियों ने बरबाद कर दिया है। वहीं लोगों ने दर्जनों हाथियों का एक दल बेलाटांड़ से सटे जंगल में देखा गया, जिससे यहां रह रहे लोगों में भय का माहौल है।

### बाइक से गिरकर एक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र स्थित पथलडीहा में विति रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं घायल व्यक्ति की पहचान 45 वर्षीय अशोक दास ग्राम पथलडीहा निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अशोक दास कोडरमा बाजार से अपने घर पथलडीहा जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया जाया गया, जहाँ इलाज किया जा रहा है।

### पांच दिवसीय यज्ञ को लेकर निकला जल यात्रा

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मसमोहना पंचायत के ग्राम असनाबाद में श्री श्री 108 स्वामी शिवनारायण पांच दिवसीय यज्ञ में जल यात्रा निकाला गया। इस जल यात्रा में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव शामिल हुई। जल यात्रा में 251 कलश को लेकर यज्ञ स्थल असनाबाद से चलकर मसमोहना उत्तरवाहिनी महादेव टिलहा नदी में जल भरा। वहीं कड़ाके की गर्मी को देखते हुए बीच रास्ते में स्थानीय मुखिया पति धीरेंद्र सिंह के सौजन्य से क्लश यात्रियों को मीठा शरबत का सेवा प्रदान किया गया। वहीं कलश यात्रा में रिसाल बाबा, चांदनी सिंह, मिथिलेश साव, धीरेंद्र सिंह, चंद्रदेव प्रसाद, अभिषेक प्रसाद, संतोष साव, बालगोविंद प्रसाद, नारो महतो, विशेश्वर प्रसाद, लाल मोहन प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, संजय प्रसाद, मनोज प्रसाद, रंजीत राणा, भुनेश्वर राणा, सुरेश प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, मदन प्रसाद, मनोज सुंडी, लाला महतो, हरि सुंडी, दिनेश्वर राणा, चंद्रदेव राणा, रामजीत सुंडी महावीर राणा, कोकिल राणा, श्रीकांत प्रसाद, कुन्दन राणा एवं असनाबाद के सैकड़ों महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल थे।

### सांसद ने मां दुर्गा का दर्शन कर टेका माथा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी सोमवार को मध्य पंचायत मरकच्चो स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पहुंच कर मां दुर्गा का दर्शन कर माथा टेका। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र का निरंतर विकास हो रहा है और आगे भी होता रहेगा।

### भक्ति जागरण का आयोजन आज

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत हलकुशा कलीडीह स्थित दुर्गा मंदिर में चौत्री दुर्गा पूजा के अवसर पर मंगलवार को भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर पूजा कमिटी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है, साथ ही प्रचार-प्रसार भी की जा रही है। बताते चलें कि उक्त दुर्गा मंदिर में वर्ष 1959 से ही मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होती आ रही है। वहीं कहा जाता है कि स्व. जयराज साव को मां के आशीर्वाद से पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी तभी से उनके द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जो अब तक निरंतर जारी है।

### यूनियन बैंक के बीसी ब्रांच का उद्घाटन

**कोडरमा।** बाजार के जयनगर रोड स्थित सुधा स्वीट्स के पीछे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बीसी ब्रांच का उद्घाटन कोडरमा नगरपंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उर्फ राजू भइया के द्वारा किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह के ब्रांच खुलने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को बैंक संबंधित कार्य के लिए काफी सहूलियत होगी।

### रामनवमी की झांकी में शिव तांडव की गूंज, चिताओं के बीच महाकाल का रौद्र नृत्य, तांडव देख रुकी सांस

# पंचमुखी से निकली झांकी में जलती चिताएं देख दहले लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



शिव तांडव का दृश्य।

**बरवाडीह।** रामनवमी पर इस बार कुछ ऐसा देखने को मिला जिसने परंपराओं के बीच आध्यात्मिकता, भक्ति और रहस्य का एक अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। जब एक ओर पारंपरिक झांकियों में राम, लक्ष्मण सिया, हनुमान जैसे दृश्य दर्शाए जा रहे थे, वहीं एक झांकी ऐसी भी थी जिसने सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया। बाजार के पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण से निकली इस अद्भुत झांकी में श्मशान का जीवंत चित्रण, अघोड़ी साधु और पृष्ठभूमि में गूंजता शिव तांडव स्तोत्र। जिसमें बनारस की मणिकर्णिका श्मशान घाट का दृश्य लोगों को अपनी ओर खींच रहा था। जहां धुएं से भरा वातावरण, जलती चिताएं और शवों को मुखाग्नि देने का प्रतीकात्मक दृश्य दर्शकों की आंखों के सामने जीवंत हो उठता है। इसमें महाकाल का रौद्र रूप, भस्म से लिपटा शरीर, जटाजूट में लिपटे बाल, हाथ में डमरू और त्रिशूल और फिर शुरू होता है तांडव। जैसे ही जटाटवी गलज्जल प्रवाह पावितस्थले.. की गूंज शुरू होती है, झांकी तांडव के चरम पर पहुंच जाता है। महाकाल चिताओं के बीच तांडव करते हैं, और दर्शक भक्ति व भय के एक अनोखे संगम को महसूस करते हैं। लोगों की आंखें इस दृश्य से हट ही नहीं रही थीं। इस झांकी को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बस स्टेंड परिसर में एकजुट हुए थे। लोग सांसे रोककर दृश्य को निहारते रह गये।

#### झांकियों को किया गया सम्मानित

यह झांकी रामनवमी 2025 की सबसे चर्चित, सबसे अनोखी और सबसे ज्यादा प्रभावशाली प्रस्तुति बनी। जहां यूपी के कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति में भक्ति, रहस्य, भय और आध्यात्मिकता ने मिलकर एक ऐसी अनुभूति दी जो शायद ही कोई भूल पाएगा। बस स्टेंड स्थित आदिशक्ति महावीर मंदिर के प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान पंचमुखी शिव मंदिर की झांकी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं खुरा, बाजार को द्वितीय और बभनडीह को तृतीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा गढ़वाटांड़, चमरडीहा आदि विभिन्न अखाड़ा कमेटियों के साथ- साथ कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

### सीआई ने अस्वीकृत नामांतरण को सीओ द्वारा स्वीकृत कैसे किया गया सीएम व उपायुक्त से निष्पक्ष जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



जांच की मांग करते सीआई।

**लातेहार।** बारवाडीह अंचल के तत्कालीन सीआई सुरेश राम को आवास से 23 जनवरी 2025 को घुस लेने के आरोप मे निगरानी टीम ने गिरफ्तार किया था। जमानत मिलने के बाद उपायुक्त कार्यालय मे सीआई सुरेश राम ने तीन अप्रैल को योगदान दिया। अपनी गिरफ्तारी को लेकर बताया की जिस मामले में मुझे 23 जनवरी 2025 को एसीबी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उस नामांतरण वाद संख्या 181आर 27/2024-2025 के तहत शांतिपूर्ण दखल कब्जा नहीं रहने के कारण 24 दिसंबर 2024 को ही मेरे द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया था। इसी वाद को सीओ मनोज कुमार द्वारा 22 फरवरी 2025 को स्वीकृत कर दिया गया। नियम संगत सीओ द्वारा एक बार अस्वीकृत किए जाने के बाद अपर समाहर्ता मे अपील दायर किया जाता है। अपीलकर्ता के पक्ष मे जजमेंट मिलने के बाद कर्मचारी सीआई के रिपोर्ट के बाद स्वीकृत किया जाता है। क्षेत्राधिकार मे नहीं आने वाला कार्य को भी सीओ द्वारा किया गया। इसलिए जांच कर प्रपत्र क गठन करते हुए अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज करवाने का मुख्यमंत्री व उपायुक्त से आग्रह किया है। निगरानी विभाग से आग्रह करते हुए कहा की कार्रवाई के पूर्व नामांतरण अस्वीकृत किया गया था इसलिए विधिवत जांच हो, जब नामांतरण अस्वीकृत था तो नियम कानून को ताख पर रखते हुए कैसे स्वीकृत किया गया। और न्याय की मांग की है।

### मनिका प्रखंड के बी.पी.एस.मेमोरियल आवासीय विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# 97% अंक लाकर सूरज रहा विद्यालय टॉपर

- विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य का शिक्षकों ने दिया शुभकामना
- विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर और भी मेहनत करने की जरूरत : विजेंद्र पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता



विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य का शिक्षकों ने दिया शुभकामना।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत एसबीआई रोड स्थित बी.पी.एस.मेमोरियल आवासीय विद्यालय में दिन सोमवार को सभी विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सूरज कुमार,पिता प्रमोद राम ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे। वहीं सुमित कुमार,पिता सुकन भुईयां ने 95% लाकर द्वितीय स्थान और नीरज कुमार,पिता संजय भुईयां ने 94% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया और अपने माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों का मान बढ़ाया। साथ ही परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजेंद्र कुमार पासवान समेत अन्य शिक्षकों के द्वारा अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक विजेंद्र कुमार पासवान, बच्चों के अभिभावक एवं अन्य शिक्षकों ने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए, उन्हें उज्जवल भविष्य का शुभकामना दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक विजेंद्र कुमार पासवान ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बच्चों का उत्तीर्ण परीक्षा फल उनकी वर्ष भर की मेहनत का परिणाम है,बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए अभी और मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर पुरजोर मेहनत करने का संकल्प दिलाया और सभी विद्यार्थियों को मेहनत से अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पढ़ाई के प्रति जागरूक किया। वहीं प्रधानाध्यापक विजेंद्र कुमार पासवान ने बताया कि हमारे विद्यालय में सभी क्लास के विद्यार्थियों के लिए अनुभवी शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई करवाई जाती है। साथ ही पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों पर शिक्षकों के द्वारा विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 का नामांकन जारी है जिसका संपर्क सूत्र 6204946259 है,इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का हमारे विद्यालय में नामांकन करवा सकते हैं। मौके पर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावक एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## मातृ शक्ति की महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष बनीं रानी साहू महुआडांड़ हिन्दू महासभा के अध्यक्ष ने किया सम्मानित





खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** रामनवमी के शुभ अवसर पर मातृ शक्ति की महुआडांड प्रखंड अध्यक्ष रानी साहू का चयन किया गया। इस मौके पर सैंकड़ो की भारी संख्या में महिलायें मौजूद थी। मातृ शक्ति की महुआडांड प्रखंड अध्यक्ष चुने जाने पर महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने शुभकामनाये देते हुए मातृ शक्ति की अध्यक्ष रानी साहू एवं साथ में उपस्थित महिलाओ को तलवार देवर व भगवा तौलिया पहनाकर सम्मानित किया। वहीं रामनवमी के शुभ अवसर पर मातृ शक्ति की महिलाओं ने भव्य जुलूस निकाली और जम कर थिरके। वही रानी साहू के मातृ शक्ति की महुआडांड प्रखंड अध्यक्ष बनने पर महुआडांड प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख सरिता जायसवाल, बबीता जायसवाल, सरिता गुप्ता, पूनम देवी, मधुबाला जायसवाल, निधी गुप्ता, सरोज देवी, श्यामा देवी, संध्या देवी, रूबी देवी, गीता कुमारी, रेखा देवी, गीता जायसवाल, चंचला देवी, सीमा देवी, चंचला देवी, सुजाता गुप्ता, सोनी कुमारी, सुधा देवी, शकुन्तला देवी, देवन्ती देवी, अनिता देवी, प्रमिला गुप्ता, ममता देवी, मंजू देवी, जशोदा देवी, सोनी देवी, भगवती देवी, गायत्री गुप्ता, बबली गुप्ता आदि महिलाओं ने शुभकामनायें देते हुए बधाई दी है।

### शत प्रतिशत नामांकन को लेकर उपायुक्त ने की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते डीसी।

**लातेहार।** स्टेशन रोड स्थित टाऊन हॉल में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में नए सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत नामांकन पारगमन से संबधित प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, वार्डन की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का शत प्रतिशत नामांकन एवं पारगमन 20 अप्रैल तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी स्टेक होल्डर प्रधानाध्यपक, बीईईओ बीपीओ को जिम्मेवारी से कार्य करने तथा सभी की जबाबदेही सुनिश्चित करते हुए कार्य का सम्पादन करने स्कूल टैगिंग, म०वि० से उच्च वि० निकटतम, वर्गवार ट्रांजीशन प्राथमिक कक्षाओ से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करते हुए उनके ठहराव एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेवारी दी गई। उन्होंने सभी सीआरपी को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्राधीन विद्यालयों में स्वयं रुचि लेते हुए शत प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगे तथा उक्त कार्य हेतु संबंधित कक्षावार प्रतिवेदन प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध करायेगें। समेकित प्रतिवेदन प्रखण्ड का प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। जिले में अवस्थित सभी कोटि के विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन, पारगमन हेतु विद्यालयों के -प्राचार्य प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक को विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से सहयोग प्रदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शिशु पंजी अध्यतन किये जाने के दौरान संबंधित शिक्षक अपने टैग किये गये टोला मोहल्ला, गांव के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करायेगें एवं अनिवार्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**चंदवा।** लाइन होटल के समीप स्थित साई नर्सिंग होम परिसर में बुधवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। साई नर्सिंग होम के संचालक रोहित कुमार ने बताया कि शिविर में थायराइड, शुगर व बीपी की नि:शुल्क जांच की जाएगी। शिविर में मधुमेह रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशियन डॉ. ए चंद्रा भी उपस्थित रहेंगे। उनके मौजूदगी में मरीजो का निशुल्क जांच किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित किया गया है। आने वाले दिनों में यहां हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि राज भी प्रत्येक बुधवार को उपलब्ध रहेंगे। मरीज यहां आकर हड्डी, जोड़ नस, स्पाइन, घुटना एवं मांसपेशियों का इलाज करवा सकते हैं।

### कम मजदूरी मिलने पर मजदूरों ने किया काम बंद



**लातेहार।** सदर प्रखंड के केंडवाही खेल मैदान निर्माण में मजदूरों को उचित मजदूरी नहीं मिल मिलने के कारण मजदूरों ने काम बंद कर दिया हैं। मजदूरों का कहना है कि जब तब उचित मजदूरी नहीं मिलेगा तब तक काम नहीं करेंगे। इस मामले की जानकारी जब जिप सदस्य विनोद उरांव को मिली तो उन्होंने खेल मैदान निर्माण स्थल पहुंच कर मजदूरों से वार्तालाप किया तो मजदूरों ने बताया कि हमारे द्वारा कई बार उचित मजदूरी देने को लेकर बोला गया है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस बात को सुनने के बाद विनोद उरांव ने श्रम अधीक्षक से दुरभाष पर बात किया और उचित कार्रवाई करने की मांग की।

### हनुमंत महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा का हुआ आयोजन

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगड़ा ग्राम में पांच दिवसीय हनुमंत महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा का आयोजन हुआ। आयोजित कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण शामिल हुए। महिलाओं ने मंडप परिसर से कलश उठाकर जल भरने के लिए जरी नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारन के बीच कलश में जल भराया गया और पुन: वापस यज्ञ स्थल पहुंची। गाजे-बाजे के साथ निकाले गए इस भव्य कलश यात्रा में हर-हर महादेव, हर-हर गंगे, जय श्री राम, जय हनुमान समेत कई नारे लग रहे थे। वहीं कलश यात्रा में शामिल ग्रामीणों ने अपने हाथों में भगवा झंडा माथे पर भगवा पट्टी बंधे हुए थे। वहीं यज्ञ में 8 अप्रैल को चैती पूजन अरणीमंथन हवन आरती व रात्रि में प्रवचन, 9 अप्रैल को वेदी पूजन हवन आरती व बनारस व अयोध्या के विद्वान प्रवचन देंगे वही 10 अप्रैल को बेदी पूजन हवन तथा 11 अप्रैल को बेदी पूजन पूणार्हुति, आरती विसर्जन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

# चंदवा में हर्षोल्लास के साथ श्रीरामनवमी पूजा संपन्न

## प्रयागराज और कोलकाता से आये कलाकारों संग झूमें चंदवावासी

- युवा भारत ने किया अखाड़ा का आयोजन, आंनद तांडव ने मनमोहा
- स्थानीय कलाकारों ने दिखलाया हैरतअंगेज कारनामे

खबर मन्त्र संवाददाता



पुरस्कृत होते लोग।



मौके पर मौजूद समिति के लोग।

**चंदवा।** चंदवा शहर सहित ग्रामीण ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ श्री राम नवमी पूजा महोत्सव संपन्न हो गई। चंदवा मुख्य शहर, जमीरा, सेरक, बारी, लोहरसी समेत कई स्थानों पर भव्य शोभा यात्रा, झंडा मिलान एवं अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चंदवा में युवा भारत चंदवा द्वारा बस स्टैंड चंदवा में अखाड़ा का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि राजकुमार पाठक, विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र वैद्य, राजकुमार साहू, आनंद वर्मा, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अन्नू साहू, सत्येंद्र यादव समेत कई प्रबुद्धजन मौजूद थे। अखाड़ा की शुरूआत स्थानीय कलाकारों के द्वारा हैरतअंगेज करतब एवं कला प्रस्तुत कर किया गया। इसके उपरांत महावीर मंडल सरोज नगर द्वारा प्रयागराज और रामनवमी पूजा समिति हरैया द्वारा कोलकाता से लाए गए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। आंनद तांडव ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। स्थानीय कलाकारों ने भी कई हैरतअंगेज कारनामे दिखाएं। अखाडे.में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले कलाकारों के अलावा झांकियों को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अखाड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते बतौर राजकुमार पाठक ने कहा कि शास्त्र के ज्ञान के साथ शस्त्र का ज्ञान भी आवश्यक है। आत्मरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शस्त्र का ज्ञान अर्जित करना चाहिए। वही सुरेंद्र वैध ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। राजकुमार साहू ने कहा कि चंदवा जैसे छोटे शहर में इस तरह का आयोजन अपने आप में उपलब्धि है। महावीर मंडल हरैया और श्री राम मंदिर कंचन नगरी को आकर्षक झांकी के लिए पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका सुमित कुमार, गौरव दुबे, कमलेश प्रसाद व राहुल कुमार ने निभाई, वहीं मंच संचालन मनीष गुप्ता चांदो व रविराज ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन विनय कुमार रिक्की ने किया।

#### इनका रहा सराहनीय योगदान

अखाडे. को सफल बनाने में कृष्णा, रुपेश सर टसन, अंकित, अमृत, अंकित गोलू, आंनद वर्मा, अरविंद सिंह, अक्षय यादव, बिनीत, रंजन सिंह,जेपी मोदी, सौरभ साहू, कुणाल खत्री, आशीष गुप्ता,रवि पांडुरंगा, उदय,हर्ष कुमार गोलू, समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर दीपक निषाद, शिकेश्वर यादव, श्रवण प्रसाद, गोपाल जायसवाल, पवन कुमार, विनोद कुमार वीनू, संतोष साहू समेत दर्जनों प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### सांसद पहुंचे बालूमाथ, शोभायात्रा को लेकर दी बधाई



**बालूमाथ।** बालूमाथ में दशमी को होने वाले शोभा यात्रा को लेकर चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह बालूमाथ पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष रौशन कुमार गुप्ता ने भगवा गमछा व बुके देकर किया। मौके पर बोलते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद साहू के प्रयास से रामनवमी पूजा बालूमाथ में भव्य तरीके से मनाई जाती थी। अब उनके पुत्र रोशन साहू अध्यक्ष बने हैं इसके लिए बधाई। हम लोगों का प्रयास है की रामनवमी पहले जिस तरह से मनते आते था उसी तरह भव्य निकले। उन्होंने सभी रामभक्तों से अपील करते हुए कहा कि यह त्यौहार खुशी तरीके से मनाये। शोभायात्रा भव्य तरीके से निकाले मेरा इसमें पूरा सहयोग रहेगा। साथ ही कहा कि भगवान राम के जन्मोत्सव पर मनाया जाने वाला यह त्यौहार लोगों के लिए खुशियां लेकर आता है। वहीं मौके पर आए अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा देकर किया गया। मौके पर लव सिंह, विनय सिंह, शिवमंगल सिंह, सुरेंद्र गुप्ता अरुण साव, रंजय सिंह, विनोद साहू, राजू गुप्ता, त्रिवेणी साहू, प्रेम प्रसाद गुप्ता, संजय यादव, संतोष साव, कमलेश सिंह, नामेश्वर गुप्ता, अर्जुन साहू, रामचंद्र साव, सागर कुमार, सुनील गुप्ता, अमित कुमार, विनोद साव, ईश्वरी पासवान, कौलेश्वर गंझू, अमन प्रेम समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अनाथ बालक अतिराज का भविष्य अब नहीं होगा अंधकारमय



**गढ़वा।** शहर के इंदिरा गांधी रोड निवासी 12 वर्षीय अनाथ बालक अतिराज केशरी का भविष्य अब अंधकारमय नहीं होगा। उसके अंधकारमय प्रतीत हो रहे भविष्य में झारखंड सरकार पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने नई रौशनी भर दी है। रामनवमी के मौके पर श्री ठाकुर ने अतिराज को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए उसकी पढ़ाई की जिम्मेवारी ले ली है। स्व. राजेश प्रसाद केशरी व स्व. जूली केशरी के पुत्र अतिराज के पूरी पढ़ाई का सारा खर्च पूर्व मंत्री श्री ठाकुर वहन करेंगे। रामनवमी के मौके पर मझिआंव मोड़ झंडा चौक पर महावीर मंडल के मंच पर श्री ठाकुर ने यह घोषणा की। महावीर मंडल के संरक्षक रहे राजेश प्रसाद केशरी के पुत्र अतिराज को रामनवमी के मौके पर मंच से सम्मानित करने के लिए बुलाया गया था। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री ठाकुर को इसे सम्मानित करने के दौरान अतिराज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उसके माता पिता के नहीं होने की जानकारी मिलते ही श्री ठाकुर काफी व्यथित हो गए। उनकी आंखें नम हो गई। उन्होंने बालक को गले से लगा लिया। तत्काल श्री ठाकुर ने अतिराज को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए उसके पूरी पढ़ाई-लिखाई का खर्च स्वयं वहन करने की मंच से घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे अतिराज के पढ़ाई आदि का खर्च स्वयं पूरा करेंगे। अतिराज ने नम आंखों से कहा कि कौन कहता है कि भगवान नहीं होते। आज रामनवमी पर मुझे साक्षात भगवान से मुलाकात हुई है। मौके पर मौजूद सभी लोगों ने पूर्व मंत्री श्री ठाकुर को दिल से धन्यवाद देते हुए उनके इस कार्य की सराहना की।

### गढ़वा में काफी उमंग के साथ रामनवमी मनाते हैं सनातनी : विधायक







**गढ़वा।** गढ़वा में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। जिला मुख्यालय में रंका मोड़ घंटा घर के समीप श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से विभिन्न अखाड़ा की झांकी, जुलूस, रथ आदि का स्वागत करते हुए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व सांसद घूरन राम, जवाहर पासवान, मुरली श्याम सोनी आदि ने संजुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि गढ़वा में प्रत्येक वर्ष सनातनी लोग काफी उमंग के साथ जुलूस और झांकी निकालते हैं। गढ़वा की रामनवमी पूरे झारखंड के लिए मिशाल है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला प्रशासन की ओर से सहयोग नहीं मिलने के बाद भी सनातनियों ने अपना रामनवमी का त्यौहार काफी उमंग के साथ मनाया। उन्होंने श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल को इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी। पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि चैत्र शुक्ल नवमी मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्रीराम के जन्म का यह बहुत ही शुभ दिन है। आज के दिन भगवान श्री राम और हनुमान की पूजा की जाती है। इसे सुख, शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने कहा सामाजिक एकता एवं समरसता का गढ़वा पूरा देश में मिशाल है। रामनवमी पर्व हिन्दुओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह पर्व समाज में सद्भावना का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न झांकी, जुलूस, अखाड़ा को अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसडीओ संजय कुमार, एसी राज महेष्वरम, एएसपी राहुल देव बड़ाईक, गढ़वा बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, सीओ शफी आलम सहित महासमिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य आदि गणयमान्य लोग उपस्थित थे।

#### विभिन्न कमिटियों ने देर रात तक चलाया भंडारा

रविवार को रामनवमी के मौके पर शहर से लेकर गांव भगवान राम और हनुमान की भक्ति में डूबा रहा। जुलूस के साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न क्लबां, संघों एवं समाजिक संगठनों की ओर से वृहत भंडारा का आयोजन किया गया। यह भंडारा दोपहर से देर रात्रि तक अनवरत चलते रहा। रंका मोड़ पर युवा शक्ति संघ की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया। जबकि सहिजना मोड़ पर झुग्गी-झोपड़ी दुकानदार संघ, मेन रोड में कमलापुरी वैश्य समाज, तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, की ओर खीर, कोलड्रिंक, होटल शेरे पंजाब की ओर से शरबत पानी, मुरब्बा, कसौधन वैश्य समाज की ओर से मुरब्बा चना, पानी, कसेरा समिति की ओर से भंडारा, बंजरग अखाड़ा की ओर से हलआ, महादेव फाउंडेशन, आईजी ग्रुप की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई। राम भक्तों ने देर रात तक भंडारा का लुत्फ उठाया।

### जुलूस के दौरान रथ में लगी आग, मची अफरा तफरी, बड़ा हादसा टला

**गढ़वा।** रामनवमी जुलूस के दौरान शहर के रंका मोड़ घंटाघर के समीप श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के मंच के सामने एक रथ में अचानक आग लग गई। रथ धू-धू कर जलने लगा। आग की उंची लपटे निकलने लगी। आग लगने से वहां अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। वहां मौजूद लोगां ने स्थिति को संभाला। उपस्थित भीड़ ने भी धैर्य का परिचय दिया। इस कारण भगदड़ नहीं मची। रामनवमी पर गढ़वा में बहुत बड़ा हादसा होते होते टला। रविवार की रात्रि विभिन्न अखाड़ा कमिटी का रथ, जुलूस, झांकी रंका मोड़ पहुंची। इसी दौरान जय भारत संघ टंडवा द्वारा बनाये गये रथ में इवेंट पटाका से आग लग गई। मौके पर पूजा समिति, पुलिस प्रशासन के सहयोग से बड़ी घटना टल गई। घटना के 10 मिनट बाद अग्नि शमन की वाहन पहुंची। उससे आग को बुझाया। घटना की सूचना मिलने पर डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पषुपतिनाथ मिश्रा सहित तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गये।

### जायंट्स आस्था ने किया शीतल जल, चना, बुंदिया, सोनपापड़ी का वितरण

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के तत्वावधान में श्री रामनवमी पूजा महोत्सव के अवसर पर अध्यक्ष विराट राजा विश्वास की अध्यक्षता में मेन रोड में स्टॉल लगा कर शीतल जल, चना, बुंदिया, सोनपापड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान जायंट्स आस्था का प्रोत्साहन प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सभी अखाड़ों के अध्यक्ष एवं मेंबर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, जायंट्स गढ़वा अध्यक्ष राकेश केशरी, पूर्व अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, नंद कुमार गुप्ता, विजय केशरी, मनोज केशरी आदि उपस्थित थे। मौके पर जायंट्स आस्था अध्यक्ष ने कहा कि मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्रीराम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है।

सुप्रभात
मंगलवार 08.04.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 345
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## राजगंज में घट विसर्जन के साथ ही चैती दुर्गा पूजा का समापन



**राजगंज।** घट विसर्जन के साथ ही चैती दुर्गा पूजा का समापन सोमवार को हो गया। सुबह साढ़े सात बजे महिलाएं पारंपरिक सिंदु ेखेला कर नम आँखों के साथ नवपत्रिका को विदाई दी। माँ के जयकारे के साथ समिति सदस्यों और बड़ी संख्या में महिलाएं धावाचिता नदी घाट पहुँच कर घट विसर्जन में भाग लिया। आचार्यो ने पूरे विधि पूर्वक यजमान के हाथों घट विसर्जन कराया। इस दौरान माँ के जयकारे लगाए जा रहे थे। घट विसर्जन के बाद प्रसाद वितरण, ब्राह्मण भोजन कराया गया। महादशमी को कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रमों की शुरूआत डंडिया नृत्य संगीत के साथ होगी। इस कार्यक्रम के साथ ही सप्ताहव्यापी मेला में भीड़ जुटने लगेगी।

## जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग ने चलाया जागरुकता अभियान



**धनबाद।** उपायुक्त के निर्देश पर जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग ने सोमवार को झाडुडीह एवं कार्मिक नगर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान झाडुडीह के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, गवर्नमेंट आईटीआई, मध्य विद्यालय, कार्मल स्कूल एवं कार्मिक नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के आस पास दुकानों में तंबाकू उत्पाद मिला। दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई तथा विद्यालय से 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने का निर्देश दिया। सभी को कोटपा 2003 की धारा 6 बी का पालन करने की बात कही गई। अभियान में जिला नोडल पदाधिकारी डॉ मंजु दास, जिला सलाहकार राहुल कुमार, जिला एन.सी.डी. कोषांग के उमा शंकर मंडल, सोशल वर्कर शुभांकर मैत्रा व अन्य लोग शामिल थे।

## बीसीसीएल कर्मी ने न्याय की लगाई गुहार



**धनबाद।** बीसीसीएल कर्मी बजरंगी भुइंया अपने पड़ोसी की दबंगता से परेशान हो कर न्याय की गुहार लगा रहें हैं। बीसीसीएल कार्मिक नगर स्थित क्वाटर में रहने वाले बीसीसीएल कर्मी बजरंगी भुइंया और उनकी पत्नी पिंकी देवी और बच्चों के साथ पड़ोसी के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। मारपीट में कर्मी के पत्नी पिंकी देवी के सर पर गहरी चोट आई है जिनका इलाज सेन्ट्रल अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित परिवार बजरंगी भुइया ने बताया की पडोस में रहने वाले अक्षय लाल कुशवाहा और उनके बेटे के द्वारा लगातार उनके परिवार वालों को गाली गलौज और जाती सुचक शब्दों का प्रयोग कर डराया धमकाया जाता है। बीती रात पत्नी और बच्चे घर पर थे तभी अचानक से पड़ोसी द्वारा हमला कर दिया गया। जिससे पत्नी के सर पर गहरी चोट आई है। जिनका इलाज सेन्ट्रल अस्पताल में चल रहा है घटना को लेकर जब पिडीत द्वारा सरायढेला थाना को सुचना दी गयी पर थाना ने उनकी एक न सुनी थक हार कर एसएसीएसटी थाना में भी शिकायत दर्ज करवाया गया पर वहां भी उनको इंसाफ नहीं मिला। पीड़ित परीवार पड़ोसी के दबंगयी से डर के साये में रहने को मजबुर है।

# भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल मोटरसाइकिल रैली एवं आभार यात्रा निकला

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को अपने आवासीय कार्यालय जगजीवन नगर से विशाल मोटरसाइकिल रैली एवं आभार यात्रा निकाला गया। यह मोटरसाइकिल रैली जगजीवन नगर से निकलकर सरायढेला, रणधीर वर्मा चौक, धनबाद स्टेशन, नया बाजार होते हुए बैंक मोड़, पूजा टॉकीज सिनेमा ,बेकारबाँध, लुबी सर्कुलर रोड सिटी सेंटर, पुलिस लाइन होते हुए पुनः जगजीवन नगर तक आया।

आभार यात्रा में जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला मंत्री पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, जिला उपाध्यक्ष अजय निषाद, रीता यादव, अभिमन्यु कुमार, नरेन्द्र त्रिवेदी, रवि सिन्हा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, तमाल राय, मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, संजय कुशवाहा, किशोर मंडल, सन्नी रवानी, सूरज पासवान, गोविंदा राउत, निर्मल प्रधान, मौसम सिंह, विकाश मिश्रा, शिवेन्द्र सिंह सोनू, राजकुमार मंडल, बबलू सिंह, बबलू फरिदी, मनोज रिंकू सिन्हा, कपिलदेव पासवान, सदानंद बरणवाल, बालमुकुंद राम, सत्येंद्र ओझा, हुल्लास दास, इंद्रकांत झा, मनोज गुप्ता, ओमप्रकाश झा, मनोज सिंह भवानी, राणा सिंह, पप्पू गुप्ता, विजय ठाकुर, टिंकू साव, कामदेव उर्फ आनंद, विकाश सिन्हा, दीपक सिंह, विजय रजक, राजू मालाकार, धीरज तिवारी, मनीष पांडे, संतोष पासवान, उदय सिंह, अखिलेश झा, संतोष सिंह, मदन तिवारी, अरविंद सिंह, मोती महतो, प्रकाश मिश्रा, छोटू दास, मटुकधारी चौधरी, नीरज सिन्हा, संजय गोस्वामी, लक्ष्मण मिश्रा सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



खास बातें : मोटरसाइकिल रैली आभार यात्रा में पाँच सौ से ज्यादा मोटरसाइकिल लेकर सभी सातों मंडलों से कार्यकताओं का हुजूम पुरी आभार यात्रा में शामिल हुआ।आभार यात्रा में शामिल सभी युवा कार्यकर्ता जोश एवं उमंग से भरे थे।इस अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने पार्टी के सभी कार्यकताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी।विधायक ने कहा कि आज के दिन हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी सहित उन सभी महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि यह एक ऐसी विचारधारा है।

# जिंदगी और मौत से लड़ रही धनबाद की बेटी राजनंदिनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** चिरकुण्डा के रहनेवाले इंद्रजीत चक्रवर्ती की 15 साल की बेटी राजनंदिनी इन दिनों जिंदगी और मौत से लड़ रही है। वह गंभीर बीमारी से पीड़ित है और उसे हर दस मिनट पर अटैक आता है। जिसमे उसके शरीर में खींचाव होने लग जाता है उसके कान नाक और मुँह से खून भी आने लग जाता है।

राजनंदिनी के पिता इंद्रजीत का कहना है कि पिछले साल भर से उनकी बच्ची परेशानी में है। इंद्रजीत चक्रवर्ती का कहना है कि उनकी पुत्री को हर दस मिनट में स्प्रे देना पड़ता है। चार से पांच स्प्रे एक दिन में खर्च हो जाता है। एक स्प्रे की कीमत 450 रु है। उन्होंने बताया कि इस समय वे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया बच्ची की बीमारी का अबतक पूरी तरह से पता नहीं लग पाया है।



डॉक्टर हाइयर सेंटर ले जाने की सलाह दे रहे हैं। इसी महीने 12 अप्रैल को अपनी पुत्री का इलाज कराने वेल्लोर लेकर भी जानेवाले है और अब उन्हें आर्थिक सहयोग की जरूरत है। इस बीच डीसी से लेकर कई जनप्रतिनिधि तक आर्थिक सहयोग की गुहार भी लगा चुके हैं। समाजसेवी अंकित राज गढ़िया ने बताया कि बच्ची की बीमारी अबतक पकड़ में नहीं आई है। पिता बच्ची को लेकर वेल्लोर जानेवाले हैं जिसके लिए उन्हें आर्थिक सहयोग देने की आवश्यकता है।

# त्रिपति बालाजी रिफैक्ट्री में करंट लगने से मजदूर की मौत, मुआवजा के लिए प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** कुमारधुबी के बरडंगाल स्थित त्रिपति बालाजी रिफैक्ट्री में सोमवार के सुबह लोहे की सीढ़ी से गिरकर दैनिक मजदूर ललन भूइंया (30) की मौके पर ही मौत हो गई। करंट लगने से उसकी मौत होने की बात कही जा रही है। उसे स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कुमारधुबी पुलिस नर्सिंग होम पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। वहीं सूचना पाकर परिजन रिफैक्ट्री पहुंचे। ललन की मौत के लिये रिफैक्ट्री संचालक को दोषी माना और हंगामा किया। दस लाख मुआवजा की मांग करते हुए एक घंटे तक प्रदर्शन किया। बाद में साढ़े तीन लाख मुआवजा देने पर सहमति बनी। रिफैक्ट्री संचालक द्वारा मृतक की मां को पचास हजार नगद व डेढ़ डेढ़ लाख का दो चेक दिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जूनकूंदर निवासी मृतक ललन काम करने के दौरान लोहे की सीढ़ी पर चढ़ा। बिजली का तार एक जगह नंगा था। जिससे सीढ़ी में करंट आ गया था। मृतक ललन करंट की चपेट में आ गया। जब तक वहां कार्यरत मजदूर कुछ समझ पाते मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक के पिता जूनकुंदर निवासी कुलेजन भूइयां ने बताया की बेटा ललन रोजाना की तरह सुबह काम करने रिफैक्ट्री गया था। कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली की वह बीमार है व एक निजी नर्सिंग होम में उसका इलाज चल रहा है। रिफैक्ट्री आने पर पता चला कि दुर्घटना में उसकी मौत हो गई है। मृतक ललन बड़ा बेटा था। एक छोटा बेटा तथा दो बेटी भी है। कहा कि रिफैक्ट्री प्रबंधक की लापरवाही से उसके ललन की मौत हुई है। मजदूरों ने कहा कि पत्थर पिसाई करने के लिए जैसे ही वह लोहे की सीढ़ी पर चढ़ा उसे करंट लग गया। सीढ़ी के पास से एक तार गया हुआ था जो कटा रहने के कारण सीढ़ी में सट गया और पूरी सीढ़ी में करंट आ गया।



### घटना से दहशत में हैं मजदूर

रिफैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों में घटना के बाद दहशत का माहौल है। दबी जुबान से कहा कि काम के दौरान सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। सुरक्षा के लिये टोपी जूता व अन्य सामान नहीं दिया जाता है। प्राथमिक उपचार व एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं है। उचित काम का उचित दाम (मजदूरी) नहीं दी जाती है। अपना और परिवार का पेट भरने के लिये जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ता है।

## कुमारधुबी स्टेशन समीप कुंदन रवानी की दर्दनाक मौत, पुलिस जांच में जुटी



खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। कुमारधुबी स्टेशन में रविवार के रात लगभग 10 बजे कुंदन रवानी नामक व्यक्ति द्वारा चाकू मारने के क्रम में मौत हो गई। वही इस घटना की सूचना के बाद चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और खनन फानन में कुंदन रवानी को कुमारधुबी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के द्वारा धनबाद पीएमसीएच भेज दिया वही धनबाद पीएमसीएच ले जाने के क्रम में ही कुंदन रवानी की मौत मौके पर ही हो गए। वही चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने कहा कि करीब रात 10:30 बजे सूचना मिली थी कि कुंदक मारपीट में जख्मी हो गया है, सूचना मिलते ही हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी हाल में कुंदन रवानी को कुमार देवी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी हालत गंभीर थी जिसे देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा धनबाद पीएमसीएच भेज दिया गया। वही ले जाने के क क्रम में ही में ही उसकी मौत मौके पर ही हो गई। उनके परिवारगण धनबाद में है। वही श्री राय ने कहा कि हमारा टीम धनबाद गिया हुआ है उनका बयान लेकर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी वहीं परिवार परिवार के लोगों द्वारा अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा यह भी कहा गया कि कुंदन रवानी पूर्व में हत्याकांड में जेल गया था और जिस परिवार की हत्या हुई थी उनके परिवार के लोगों द्वारा ही हत्या किये जाने की आशंका लगाई जा रही है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस ने चलाया सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर झरिया कोयला क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के बच्चों और लोगों में जागरूकता लाने के लिए कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस (सीसीसी) ने घर-घर जाकर अभियान चलाया। रैली निकाली व बच्चों को स्वच्छता किट प्रदान की। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जांच सुविधाओं की मांग की। शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता पिनाकी रॉय के नेतृत्व में डिपुधोरा (लोदना) में करीब 36 बच्चों और लोगों ने कोयला प्रभावित गांव में घूमकर स्वच्छ रहें, सुंदर रहें, स्वस्थ रहें, अपना स्वास्थ्य - अपना धन हमें देवालय नहीं' चिकित्सालय दीजिए। डीएमएफटी फंड लागू करे, लागू करें जैसे नारे दिए। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से अच्छी स्वच्छता और स्वास्थ्य जांच सुविधाओं की मांग की।




मुंबई वायुसेना अस्पताल में कार्यरत कमांडो डॉक्टर राज मोहन (कैंसर विशेषज्ञ) के आर्थिक मदद से 20 बच्चों को तौलिया, कंघी, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साबुन, नेल कटर, शैंपू, हेयर ऑयल आदि से युक्त स्वच्छता किट प्रदान कर स्वास्थ्य योजना शुरू की गई।

कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेज, झरिया के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा कोयला क्षेत्र झरिया में स्वास्थ्य और स्वच्छता मुख्य चिंता का विषय है, हम (सीसीसी) छोटे स्तर पर बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हम अपील करते हैं कि धनबाद जिला प्रशासन विभिन्न कोलियरी क्षेत्रों में ईएसआई अस्पताल जैसे कई अस्पताल खोलने की योजना बनाए। डीएमएफटी फंड में कोयला खदानों से प्रभावित लोगों के विकास के लिए कुछ नियम हैं और झरिया कोलफील्ड्स के लिए डीएमएफटी फंड सैकड़ों करोड़ का है। प्रभावित लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है। शिक्षिका मौसमी रॉय, सुमन कुमारी, कॉलेज छात्रा नंदनी कुमारी, सोनू नौगम और पिनाकी रॉय ने घर-घर जाकर अभिभावकों को बच्चों को स्वच्छ रहने और साफ कपड़े पहनने के लिए प्रेरित किया। नयना कुमारी, पायल कुमारी, सिमरन कुमारी, रिंकी कुमारी, ललिता कुमारी, गायत्री कुमारी, चिराग कुमार, मोनू कुमार, व अन्य स्वच्छता किट पाकर खुश हैं और कहा कि इससे हमें काफी मदद मिलेगी। हम शहरी बच्चों की तरह स्वच्छ रहने का प्रयास करेंगे।

## खबर एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ मारुति नन्दन महायज्ञ सह वार्षिक महोत्सव शुरू



**कतरास।** जमुआटांड उपर टोला में मारुति नन्दन महायज्ञ सह तृतीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा सह शोभा यात्रा का के साथ शुरू हुआ। कन्या व महिलाएँ सिर पर कलश लिए शोभायात्रा में शामिल थी। आचार्य सोनू कश्यप जी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा जमुआटाड़ ऊदलबानी बस्ती होते हुए कतरी नदी तक पहुँची। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। झांकियां और भव्य साज -सज्जा यात्रा की शोभा बढ़ाई। 12 अप्रैल तक चलने वाली इस महायज्ञ में प्रत्येक दिन हवन, पाठ, संध्या आरती एवं भंडारा का कार्यक्रम निर्धारित है।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला पुलिस जांच में जुटी

**कतरास।** कतरास में कलाली फाटक पेट्रोल पंप के पीछे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से खलबली मच गयी। उसकी उम्र 40 के आस पास बताया जा रहा है। थानेदार असीत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश हो रही है। संभावना जताई जा रही है कि मौत सुबह में हुई है। वह बैगनी कलर का शर्ट और कत्था कलर का पैंट पहने हुए हैं तथा बीसीसीएल का जूता पहने हुए है। कोल कर्मी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नही हुई है।

### स. शि. वि. मंदिर बाघमारा में भैया बहनों को दी गई सुवर्णप्राशन की चौथी खुराक



**कतरास।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में वरिष्ठ आचार्यों ने धन्वंतरि भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। आचार्य राजेश कुमार ने बताया कि हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत का अहसास करवाता है। इस दिवस को पहली बार 07 अप्रैल,1950 को मनाया गया था, लेकिन इसकी शुरूआत साल 1948 में हुई थी। क्योंकि इसी दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को बीमारियों की रोकथाम, सेहतमंद जीवनशैली और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जागरूक करना है। आचार्य राजेंद्र प्रसाद ने स्वास्थ्य और सेहत से जुड़ी महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। आचार्या संध्या सिन्हा के शिशु वाटिका के भैया-बहनों को सुवर्णप्राशन की चौथी खुराक दी गई।

### लोयाबाद एवं पड़ोस इलाके में बिजली संकट, हजारों उपभोक्ता परेशान

**लोयाबाद।** रविवार शाम से लोयाबाद में बिजली की समस्या उत्पन्न हो गयी है। 15 घंटे से अधिक समय से इलाके में बिजली नहीं है। जेवीएनएल और बीसीसीएल दोनों की बिजली सप्लाई ठप है। हटिया गोलाई के पास ट्रांसफार्मर के केबल में आग लगने से जेवीएनएल के लगभग आठ हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए हैं। दूसरी ओर बीसीसीएल के पीबी एरिया में लाख 32 हजार केवीए ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गयी है। कोकप्लांट, पुटकी, न्यूड्रीफ्ट और लोयाबाद की करीब 70 हजार आबादी अंधेरे में है। बीसीसीएल क्षेत्र में शनिवार रात से और जेवीएनएल क्षेत्र में रविवार सुबह से मरम्मत का काम चल रहा है। बताया गया कि रामनवमी को लेकर रविवार शाम पुटकी डीवीसी द्वारा सभी फीडरों की लाइन बंद की गई थी। जब अखाड़ों की समाप्ति के बाद लाइन चालू की गई, तभी पीबी एरिया में सिटी ब्लास्ट हो गया। लोयाबाद में जेवीएनएल के केबल में आग लग गई। मेंटेनेंस कर्मियों ने रात में लाइन बंद कर बाकी जगहों की सप्लाई चालू कर दी। लाइन बन्द रहने से लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल का काम काज ठप है। एक्सरे व जांच घर बन्द है। बीसीसीएल और जेवीएनएल के अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है।

# भगवन राम, ध्रुव और प्रहलाद तीनों ही भक्ति और दृढ़ता के प्रतीक हैं : हिरण्मय गोस्वामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** भगवन राम, ध्रुव और प्रहलाद तीनों ही भक्ति और दृढ़ता के प्रतीक हैं। जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी भगवान की भक्ति में लीन होकर अपना जीवन व्यतीत किया तथा अपने जीवन को सार्थक एवं अमर बना दिया। उक्त बातें लुआडीह गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते हुए कथावाचक हिरण्मय गोस्वामी ने कही। उन्होंने कहा कि ध्रुव ने अपनी सौतेली मां से अपमानित होने पर तपस्या से भगवान को प्रसन्न किया, प्रहलाद ने पिता के अत्याचार के बावजूद भगवान की भक्ति नहीं छोड़ी, और भगवान राम ने मयार्दा और सत्य के पथ पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक किया।



उनका प्रेम, त्याग और समर्पण उनके भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के प्रति अत्यधिक था। उन्होंने हर मुश्किल में भाइयों के साथ खड़ा होकर उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। भगवान राम के चरित्र से हमें सहनशीलता, धैर्य, दयालुता, नेतृत्व क्षमता, मित्रता और परिवार में समर्पण की महत्वपूर्ण सीखें मिलती हैं। जिन्हें हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्यों की भूमिका रही।

# जल स्त्रोत की भराई रोकने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने निरसा अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर ईसीएल निरसा कोलियरी प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन द्वारा साजिश के तहत राजा कोलियरी स्थित बरसों से ग्रामीणों के जल स्त्रोत बंद खदान को ओबी से भरा जा रहा है। जबकि सरकार का सख्त निर्देश है कि किसी भी जल स्त्रोत की भारी नहीं होनी चाहिए। राजा कोलियरी बरसों पूर्व प्रत्यक्ष खदान की पानी से पूर्व में पेयजल स्वच्छता विभाग के द्वारा पूरे निरसा के तीन पंचायतों निरसा मध्य, निरसा उत्तर और भमाल में पेयजल आपूर्ति होता था। लेकिन मैथन धनबाद जलापूर्ति चालू होने से पेयजल स्वच्छता विभाग का भमाल स्थित फिल्टर प्लांट तोड़ दिया गया और मैथन का पानी सप्लाई होने लगा। इसके बावजूद भी आसपास के ग्रामीणों का नहाने धोने का वह एकमात्र जल स्त्रोत है। अभी भीषण गर्मी आने वाला है लेकिन प्रबंधन अपने मनमानी से बाज नहीं आ रहा है। एक तरफ सरकार प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपया जल जीवन मिशन के तहत खर्च कर हर घर, नल-जल योजना चला रही है दूसरी ओर प्रबंधन एक साजिश के तहत उक्त जल स्त्रोत को बंद करने का कार्य कर रही है।



# कसमार में श्रद्धापूर्वक हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक रामनवमी सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के विभिन्न गांवों में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कसमार चौक स्थित बजरंगबली मंदिर के अलावा मंजुरा गर्री बगदा खैराचातर सिंहपुर सुरजुडीह दांतु मोचरो धधकिया सोनपुरा व अन्य गांव में पूजा-अर्चना की गई। कसमार में महावीर मंदिर परिसर से महावीरी झंडे के साथ श्रद्धालुओं ने जुलूस निकाला जो दुर्गा मंडप रजवार टोला गोस्वामी टोला मुख्य पथ बाजार टांड कसमार प्रखंड मुख्यालय होते हुए मोचरो तक गया। जुलूस के साथ जगह-जगह महावीरी झंडे का पुजा अर्चना भक्तों ने किया। जुलूस में शामिल लोग लाठी तलवार भाला व अन्य परम्परागत हथियारों से लैस थे। जगह-जगह लाठी खेल व तलवारबाजी का करतब कलाकारों ने दिखाया। इस दौरान जुलूस में कलाकारों द्वारा मंजुरा में राम दरबार की आकर्षक झांकी भी निकाली गई। सभी लोग माथे पर केसरिया पट्टी बांधकर रामलखन जानकी-जय बोलो हनुमान की, जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर तेलमुंगा में जायसवाल समाज की ओर से शरबत व फलाहार की भी व्यवस्था की गई थी। इधर जुलूस में शांति व्यवस्था के लिए कसमार सीओ प्रवीण कुमार एवं थाना प्रभारी भजन लाल महतो के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस बल जगह जगह तैनात किया गया था। इससे पूर्व सुबह से ही प्रशासन की टीम अलग अलग जुलूस के स्थान एवं मंदिरों में तैनात थी। इस दौरान अविनाश चौबे समेत सैकड़ों ग्रामीण जुलूस में शामिल थे। इधर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद कसमार प्रखंड के मधुकरपुर में चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी जुलुस में शामिल हुए। इधर कसमार प्रखंड के मंजूरा में रामनवमी पूजा समिति की ओर से राम दरबार की आकर्षक झांकी के साथ जुलुस निकाला गया। इस दौरान मंजूरा बजरंग बली मंदिर से जुलुस एवं झांकी की शुरूआत हुई जो मंजूरा बस्ती के विभिन्न टोले का भ्रमण करते हुए राम लखन टुंगरी मंदिर परिसर तक गया जहां मंदिर में भगवान श्री राम के पदचिन्हों की पूजा अर्चना कर वापस मंजूरा तक झांकी मेन रोड तक पहुंची। इस दौरान राम दरबार की झांकी में पायल झा ने सीता की मेधा कुमारी ने भगवान श्री राम की काजल कुमारी ने लक्ष्मण की एवं श्रीपद महतो ने हनुमान की भूमिका निभाई।

## जारंगडीह लोकल सेल मे हिस्सेदारी को लेकर गहराया विवाद

# झगड़े तक पहुचा मामला, बीच बचाव के बाद हुए शांत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/जारंगडीह।** जारंगडीह स्थित जगरनाथ होटल के समीप सोमवार को अचानक एक भारी विवाद देखने को मिला जब जारंगडीह लोकल सेल में हिस्सेदारी को लेकर खेतको गांव का गुरुप जारंगडीह लोकल सेल में गाड़ी का कांटा रोकने पहुच गए। जिसके बाद सेल के डीओ खेतको इस बात को लेकर विवाद करने लगे की आपका आपसी विवाद है आप कांटा रोक नही सकते। इसके बाद बंद समर्थक और डीओ धारकों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई मगर मामला बिगड़ने से पुर्व कुछ लोगो द्वारा बीच बचाव कर मामले को शांत करवाया। मिली जानकारी के अनुसार जारंगडीह सेल में हिस्सेदारी के तहत खेतको गांव के विस्थापितों को छह गाड़ियां दी गई है जिसमें तीन गाड़ी मुस्लिम समुदाय व तीन दुसरे समुदाय के बीच बंटी है मगर मुस्लिम समुदाय को मिलने वाली तीन गाड़ियों में अब वही के लोग अलग गाड़ी की मांग कर रहा है मगर पुर्व से गाड़ियों के बंटवारे की कमेटी इस बात पर अड़ी है कि मांग करने वाली गुट को वे गाड़ी नही बल्कि उससे होने वाले कमाई का हिस्सा देंगे मगर इस बात से उक्त गुट तैयार नही है। बढ़ती विवाद को देख यही कहा जा सकता है कि अगर समय रहते इस विवाद को नही सुलझाया गया तो निश्चित ही कोई बड़ा हादसा देखने को मिल सकती है।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो थर्मल के मुर्गी फार्म में लगी आग



**बेरमो।** बेरमो ही नहीं एक तरफ देश में रामनवमी पर्व को लेकर लोग हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं, वही दूसरी ओर बोकारो थर्मल के गोबिंदपुर एफ पंचायत के लहरिया टांड़ में बैजनाथ प्रजापति के मुर्गी फार्म में नवमी रविवार की रात अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण लगभग 1200 सौ मुर्गियां जल गई वा फार्म में रखे मुर्गा के 15 बोरे दाना जलकर राख हो गई, आग जनी की सूचना मिलने के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी ये जांच का विषय है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, शिनाखत नहीं

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के कुशबाद गांव के पास रविवार की देर शाम दुमका-रांची इंटरसिटी ट्रेन से कटकर 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को तीन दिन के लिए सुरक्षित रख दिया है। देर शाम को पुलिस को सूचना मिली कि गांव के समीप एक युवक ट्रेन की पटरी के पास मृत पड़ा है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लिया। पहचान के लिए युवकों के कपड़ों की तलाशी ली गई। लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस का कहना है कि युवक दुमका का रहने वाला नहीं है, अगर होता तो अब तक घरवाले आ जाते। शिनाख्त के लिए आस-पास के थानों को सूचित कर दिया गया है।

### केबी कॉलेज बेरमो में शोक सभा का आयोजन



**बेरमो।** सोमवार को केबी कॉलेज बेरमो में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मृत कॉलेज कर्मी की आत्मा की शांति के लिए कॉलेज परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो. इंचार्ज प्रो. गोपाल प्रजापति, डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, डॉ साजन भारती, डा नीला पूणीर्मा तिर्की, डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ शशि कुमार, डॉ वासुदेव प्रजापति, डॉ विश्वनाथ प्रसाद, डॉ सुशांत बैरा, प्रो पी पी कुशवाहा, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधु, मो साजिद, हरीश नाग, संतोष राम, आशा देवी, कलावती देवी, भगन राम, बालेश्वर यादव समेत कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

### 8 अप्रैल को अधिवक्ताओं की बैठक आहूत

**बेरमो।** तेनुघाट कोर्ट-तेनुघाट अधिवक्ता संघ की एक बैठक मंगलवार 8 अप्रैल को तेनुघाट अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित किया जाएगा। मगर इस बार माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा प्रात कालीन सत्र को समाप्त कर दिवाकालीन सत्र कर दिया गया है। इसी को लेकर बैठक बुलाई गई है। उक्त बातों की जानकारी अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने दी और आगे बताया कि बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा के द्वारा किया जाएगा।

## बेरमो मे घरों की बाते तो दुर अब स्कूलों में भी होने लगी चोरी

# चोर पुलिस को दे रहे हैं चुनौती पर बेरमो पुलिस चोर को पकडे मे हो रहे नाकाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामविलास प्लस 2 रोजगारमुखी विधालय बेरमो मे लगातार चोरी की घटना को अज्ञात चोरो के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। जिससे लेकर विधालय के प्राचार्य रामाशीष चौधरी ने बेरमो थाना में बताया कि 22 मार्च से ही चोरों के द्वारा बिजली की तार सहित अन्य समान की चोरी की गई है। जिसकी जानकारी बेरमो थाना को दिया गया। बताया कि 01 अप्रैल को भी चोरो के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वही विद्यालय पत्रांक-73/03/25 दिनांक 22.03.25 पत्रांक 80/04/25 दिनाक 03.04.25 पत्रांक 81/04/25 दिनांक 04/04/25 के द्वारा अराजक तत्त्वों द्वारा निरंतर विद्यालय की संपति को नुकसान क्षतिग्रस्त करने से संबंधित आवेदन दिया गया है। दिनाक 05.04.25 को पूर्वाह्न 07.00 बजे विद्यालय भवन के कमरा संख्या 15,16 तथा मुख्य भवन में बरामदा में संचालित विद्युत वायरिंग तथा सीसीटीवी कैमरा वायरिंग को क्षतिग्रस्त करते हुए तार तथा 05 पखा इत्यादि की चोरी की गई है। विद्यालय सभागार व्यवसायिक 2 पुरानी भवन में भी पूर्व क्षतिग्रस्त किए गए बिजली तारों की चोरी की गई है। विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं तथा शिक्षक निरंतर हो रही घटना से काफी भयभीत है। गर्मी के महिने में बिना बिजली तथा पंखे के शिक्षण निरंतर हो रही घटना से काफी भयभीत है।

# रामनवमी पर कंट्रोल रूम में पूरी तरह मुस्तैद रहीं डीसी विजया जाधव व एसपी मनोज स्वर्गियारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुबह से ही स्वयं उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी स्वयं मोर्चा संभाले हुए थे। द्वय पदाधिकारियों ने सुबह से ही कंपोजिट कंट्रोल रूम का जायजा लेकर जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी और उसके लाइव प्रसारण को देखा। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से हर गतिविधि की निगरानी करने का निर्देश दिया। डीसी झ्र एसपी ने चास एवं बीएससिटी के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विधि झ्र व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही कई स्थानों पर अखाड़ा समिति को ससमय जुलूस निकालने की अपील किया। डीसी-एसपी ने नया मोड़ माराफारी के रितुडीह सिवनडीह स्थित मिनी कंट्रोल भी पहुंचे। वहां कुछ समय बैठ प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से कितने जुलूस निकले और कितने राम मंदिर की ओर प्रस्थान किए इसकी जानकारी ली। फिर द्वय पदाधिकारी ने नया मोड़ होते हुए हरला थाना के बसंती मोड़ सेक्टर फोर पत्थरकट्टा चौक राम मंदिर चास धर्मशाला मोड़ चीरा-चास आदि क्षेत्रों का दौरा किया। द्वय पदाधिकारियों ने सीसीटीवी (तीसरी आंख) के माध्यम से चास जरीडीह नावाडीह चंद्रपुरा बेरमो पेटरवार कसमार गोमिया चंदनकियारी क्षेत्रों का जायजा लिया। जिला प्रशासन ने सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल कराया जिसकी निगरानी कंपोजिट कंट्रोल रूम से नियमित की जा रही थी। साथ ही कई स्थानों पर ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गई। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर सेमिनार का आयोजन

# तम्बाकू के साथ साथ गुल के उपयोग से भी होता है मुंह का कैंसर: जिला परामर्शी

**▸▸ तम्बाकू मनुष्य के शरीर में 4000 से अधिक बीमारियां पैदा कर सकता है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निदेर्शानुसार डॉ एस. राधाकृष्णन कॉलेज आफ एजुकेशन चिकसिया चास बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्रभारी प्राचार्य मो. गुलाम रसूल अंसारी के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि डॉ नेहा वर्मा दन्त चिकित्सक सामु. स्वा. केन्द्र चन्दनकियारी बोकारो एवं मो. असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कैसे किय जाये और इसमें बच्चों की क्या जवाबदेही है इसके बारे में बताया विस्तृत जानकारी दी गई।

डॉ नेहा वर्मा दन्त चिकित्सक के द्वारा सभी बच्चों को मुंह के कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही सभी को ब्रशिंग टेकनीक के बारे में बताया गया। डॉ नेहा ने बताया कि ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे 2019 के सर्वे के अनुसार झारखण्ड में 5.1 प्रतिशत बच्चे 13 से 15 आयुवर्ग में ही तम्बाकू का सेवन करना शुरू करते है जो आगे चल कर यही बच्चे अपने साथियों को तम्बाकू उपयोग करने हेतु प्रेरित करते हैं। इसी पर निगरानी हेतु भारत सरकार द्वारा टाफी गाईडलाईन का अनुपालन सभी विद्यालय में सख्ती से लागू करने हेतु आदेशित किया गया है जिसका अनुपालन बोकारो जिला में किया जा रहा है।

# समाज कल्याण विभाग की डीसी ने की समीक्षात्मक बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग से संबंधित समीक्षात्मक जिला प्रशासन की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। समीक्षा के क्रम में डीसी ने दुमका जिला अंतर्गत सेविका एवं सहायिका के रिक्त पद पर जल्द से जल्द आमसभा कर चयन प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वीएचएसएनडी, सीबीई, पोषण ट्रैकर की गतिविधियों से संबंधित प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को परियोजना अंतर्गत सभी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर में ऑनलाइन एंट्री करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने डीएमएफटी मद से दिए गए सभी सामग्रियों जैसे एएनसी बेड, टैब मोबाइल इत्यादि का उपयोग सेविका द्वारा करने का निर्देश दिया गया। कहा कि सभी महिला सुपरवाइजर को अनबद्ध निधि से टैब दिया जायेगा। समीक्षा के क्रम में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को आंगनवाड़ी मे पोषण वाटिका लगाने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सोमवर को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में पारा लीगल वॉलिंटियर्स के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें समझाया गया कि आज के इस माहौल में आधुनिकरण के साथ बीमारियां भी बढ़ती जा रही है। विश्व में फैले रोगों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मलेरिया, कुष्ठ रोग, नेत्र हीनता, पोलियो की गंभीर समस्या, कोरोना जैसी गंभीर बीमारियों को दूर कर पीड़ित मरीजों को इलाज मुहैया कराना एवं कुपोषण को दूर करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। लोगों को अच्छी सेहत के लिए साफ सफाई, स्वच्छ जल, पौष्टिक भोजन एवं चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए रोजाना योग एवं कसरत अति आवश्यक है।

### वेदांता इलेक्ट्रो स्टील में ठेका कर्मी गणेश कुमार नायक की मौत



**बोकारो।** बोकारो में वेदांता इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड कंपनी में कसमार प्रखंड के दांतू निवासी ठेका कर्मी गणेश कुमार नायक की ड्यूटी के दौरान गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भतीजे मोहन कुमार नायक ने बताया कि गणेश नायक ए शिफ्ट में गए थे जहां गैस की चपेट में आने से उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। कंपनी प्रबंधन ने परिजनों को सूचना दी कि गणेश नायक की हालत खराब हो गई है और उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है। परिजन जब अस्पताल बोकारो पहुंचे तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। काम के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई थी। सांसद ढुल्लू महतो को सूचना मिलते ही उन्होंने तत्परता दिखाते हुए वेदांत इलेक्ट्रो स्टील प्रबंधन से बातचीत की। कंपनी के अधिकारियों ने मृतक के परिवार वालों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद तत्काल सहायता के रूप में 2 लाख रुपये और अंतिम संस्कार के लिए 75 हजार रुपये प्रदान किए गए। साथ ही मृतक के परिजन को नौकरी देने का भी वादा किया गया। मृतक गणेश नायक अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। यह दुर्घटना श्रमिकों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

### पिछरी में मां दुर्गा की नवपत्रिका व कलश का विसर्जन किया गया



**बेरमो।** पिछरी पंचायत के बस्ती स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के दशमी में मां दुर्गा का पूजा अर्चना कर नवपत्रिका व कलश को मंदिर से गाजे बाजे व मां जयकारे के साथ दामोदर नदी में विसर्जन किया गया। जहां आचार्य महादेव बनर्जी, रासविहारी आचार्या, नरेश पांडेय मंदिर, पुजारी पवन पाठक ने यजमान मुकेश मिश्रा द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चारण कर पंचायत के हथिया पत्थर स्थित दामोदर नदी में विसर्जित किया गया। पूजा में बच्चे, बड़े और बुजुर्ग भी शामिल रहे। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि यहां मंगलवार दोपहर को महा भण्डारा का आयोजन किया गया है। वहीं शाम को भव्य झांकी व जुलूस के साथ मां की प्रतिमा की शोभा यात्रा निकालकर दामोदर नदी में विसर्जन किया जाएगा।इस मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष गणेश मिश्रा,पूर्व मुखिया छत्रधारी मिश्रा,विरंची मिश्रा, राकेश मिश्रा, जोगन मिश्रा,पंकज मिश्रा,बजरंगी तपन मिश्रा,रामप्रवेश मिश्रा, धीरज मिश्रा, आलोक मिश्रा,कौशल मिश्रा,विवेक मिश्रा, निकु मिश्रा,रंजीत मिश्रा अखिलेश मिश्रा,लव कुश मिश्रा नितेश ठाकुर आदि मौजूद हुए।

### एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में विश्व स्वास्थ्य दिवस मना



**दुमका।** एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र एवं मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुई। कार्यक्रम केंद्र के निदेशक सह विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र के निदेशक सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य मानवजीवन का अनमोल खजाना है। जिसे संचित और सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य को न केवल रोग या विकृति की अनुपस्थिति है बल्कि मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से स्वास्थ्य रहना ही स्वास्थ्य है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का होना आवश्यक है। गुणवत्ता पूर्ण जीवन व अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे खान पान, योगाभ्यास आदि के साथ नशामुक्त जीवन आदि के साथ जीवन शैली में बदलाव भी आवश्यक है। आज सोशल मीडिया पर अत्यधिक निर्भरता स्वास्थ्य के कारण मोटापा, शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदयघात आदि के साथ टेंशन, डिप्रेशन आदि मानसिक बीमारियों का भी लोग शिकार हो रहे है। डॉ शर्मा ने यह भी कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य बने जितना चुनौतीपूर्ण बात है। उससे कहीं ज्यादा चिंतनीय विषय स्वास्थ्य और शारीरिक अंगों का बढ़ता व्यवसायीकरण है। आज लोग बीमारी से मिलने वाले स्वास्थ्य सुविधाओं और उसके ऊपर होने वाले स्वास्थ्य खर्चों से ज्यादा परेशान और चिंतित नजर आते है। कितने लोग खर्चे के भय से मर जाते है। ऐसे में जरूरत है विकल्प के तौर पर देशी स्वास्थ्य सुविधाओं के वैज्ञानिकता को बढ़ावा देना है। जिससे गरीब भी स्वास्थ्य लाभ ले लंबी जिंदगी जी सके।

# जनता दरबार में डीसी ने की सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 46 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया गया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, जिला आपूर्ति, भूमि पर कब्जा, राजस्व, चास अंचल, आपूर्ति विभाग, विशेष प्रमंडल, लीड बैंक मैनेजर, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर मो मुमताज अंसारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# बोकारो में चैती दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो नगर के सेक्टर 4 डी स्थित संत रविदास मोड़ पर तिवारी पान दुकान के पास हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। पूजा पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा पूर्वक पूजा की गई। अष्टमी पूजा के बाद नौवीं पूजा में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूजन व आरती में लोग उत्साह पूर्वक शामिल हुए। खीर प्रसाद का वितरण भी किया गया। बबलू तिवारी सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। मां का दर्शन करने के लिए यहां अन्य सेक्टरों से भी लोग भारी संख्या में पधारे और भगवती के पूजन कार्यक्रम में भाग लेते हुए माँ से मन्नतें मांगी। पूजा पंडाल के पास बच्चों के लिए झूला व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए मंच की व्यवस्था भी की गयी। बच्चे गीत-नृत्य में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिए। सेक्टर 6 दुर्गा मंदिर सेक्टर 2 काली मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी चैती दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया।

# जहरास्थल पर गोंदू मांझी के वंशजो ने मनाया सरहूल

**▸▸ आदिवासी विधि विधान से पूजा अर्चना कर बांटी गई प्रसाद**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बेरमो/जारंगडीह।** जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के बंद खदान के बंद बत्ती घर के समीप सैकड़ों साल पुराने सरना स्थल (जहरास्थल) पर खाता संख्या 5 के भूमि के रैयत गोंदू मांझी के वंशजो द्वारा पुरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर सरहूल मनाया गया। इस मौके पर रैयत गोंदू मांझी के वंशज बबलू मांझी ने बताया कि दरअसल वे लोग यहां के रैयत है मगर कुछ लोग जाली कागजात बना इस जमीन पर विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। जबकि यहां के रैयत होने के कारण हम लोग ही इस सरना स्थल के असली मालिक है। उन्होंने कहा कि यहां पूजा अर्चना करने से कोई रोक नहीं है मगर इसे अपना बता अमुक तारीख पर सरहूल मनाने की घोषणा करना गलत है। उन्होंने अखबारों में छपे खबर का खंडन करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने 13 अप्रैल को यहां पूजा अर्चना करने की घोषणा की है उनका इस जमीन से कोई लेना देना ही नही हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने यह भी कहा कि जारंगडीह मुखिया सुमंती देवी के नेतृत्व में यह पूजा अर्चना सम्पन्न हुआ है। उन्होंने इस धार्मिक स्थल पर किसी भी तरह के सौंदर्यीकरण का जोरदार विरोध किया। कार्यक्रम की शुरूआत आदिवासियों के पाहन अर्जुन हेम्ब्रम द्वारा किया गया। यहां पहुची महिलाओं द्वारा पुरुष द्वारा मांदर के थाप पर आदिवासी संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए लोगो को सम्मानित भी किया गया। जबकि पूजा की समाप्ति के बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर विस्थापित नेता मो इस्लाम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि सह राकोमयू के एरिया सचिव बबलू फ्रांसिस, पंसस विनोद लाल महतो, मुखिया पति सुदेश भूईया, संजय हेम्ब्रम, सुखदेव मांझी, बालेश्वर राम, महेश कुमार हेम्ब्रम, कांति देवी, सुरजी देवी, बसंती देवी, महादेव मांझी, सीता राम मांझी, मोती राम मांझी अधिवक्ता लक्ष्मी नायक, संतोष महतो, रोहित महतो आदि सैकड़ों की संख्या में आदिवासी महिला और पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान रैयत बबलू मांझी ने बताया कि हमारे पूर्वज काफी समय पहले यहां से विस्थापित हो कर तुलबुल के हरदीमोहर साईड बस्ती में बस गए और तब से ही सीसीएल से हक व अधिकार पाने की संघर्ष जारी है। कहा कि हम लोग प्रति वर्ष नियमित इस सरना स्थल पर आते हैं पूजा अर्चना करते हैं मगर अब यहां भी राजनीति होती नजर आ रही है।

# सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ याचिकाओं पर समय रहते विचार करने को सहमत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समय रहते विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायाधीश संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कुछ याचिकाकताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और ए एम सिंघवी के शीघ्र सुनवाई के लिए 'तत्काल उल्लेख' किए जाने के बाद समय रहते याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। संसद के दोनों सदनों में संबंधित विधेयक पास होने के बाद पांच अप्रैल को नये कानून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मंजूरी मिल गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक (संसद के दोनों सदनों में पारित हो गयी था, लेकिन तब राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली थी) की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं पहले ही दायर की जा चुकी हैं। याचिकाएं दायर करने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी और दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, जमीयत उलमा-ए-हिंद, समस्त केरल जमीयतुल उलमा जैसे संगठनों ने भी शीर्ष अदालत में रिट याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकताओं ने दावा किया कि यह अधिनियम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक खतरनाक साजिश है। उन्होंने तर्क दिया कि यह संशोधन वक्फ के धार्मिक स्वरूप को भी विकृत करेगा और वक्फ तथा वक्फ बोर्डों के प्रशासन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाएगा। उनकी याचिकाओं में शीर्ष अदालत से अधिनियम को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन करने वाला घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई। याचिकाओं में प्रतिवादी केंद्र सरकार और कानून एवं न्याय मंत्रालय को इसके प्रावधानों को लागू करने या लागू करने से रोकने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है।

## न्यायिक क्षेत्र में सहयोग : भारत, नेपाल के सुप्रीम कोर्टों के बीच समझौता

नयी दिल्ली। भारत और नेपाल के न्यायपालिकाओं के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। शीर्ष अदालत की ओर से एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है, भारत के उच्चतम न्यायालय ने आज दोनों देशों के बीच न्यायिक सहयोग को विकसित करने, बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के मुताबिक, नेपाल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश मान सिंह राउत और भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह भी कहा गया है कि समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों तथा उनके लोगों के बीच मौजूद सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंधों से प्रेरित होकर उन देशों की न्यायपालिकाओं के बीच सहयोग को विकसित करना, बढ़ावा देना और मजबूत करना है। बयान के मुताबिक, यह समझौता ज्ञापन न केवल कानून और न्याय के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर सूचनाओं के आपसी आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि यात्राओं के आदान-प्रदान?। अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यक्रमों जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर न्यायाधीशों और अधिकारियों के बीच बातचीत को भी बढ़ावा देगा। यह पहल लंबित मामलों को निपटाने, अदालती प्रक्रियाओं में तेजी लाने और हितधारकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में प्रौद्योगिकी के उपयोग के महत्व को पहचानते हुए, समझौता ज्ञापन में संबंधित न्यायालयों और अन्य संस्थानों में उपयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकी से संबंधित जानकारी साझा करने का प्रावधान है। समझौता ज्ञापन के अनुसार, न्यायिक सहयोग को बढ़ावा देने और उसे और मजबूत बनाने के लिए योजनाओं और तौर-तरीकों पर काम करने के लिए दोनों न्यायपालिकाओं के अधिकारियों से मिलकर एक संयुक्त कार्य समूह बनाया जाएगा। इससे पहले, भारत सरकार और भारत के उच्चतम न्यायालय ने इजरायल के सर्वोच्च न्यायालय, सिंगापुर गणराज्य के सर्वोच्च न्यायालय, बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय, भूटान के सर्वोच्च न्यायालय, ट्यूनीशिया सरकार, जाम्बिया सरकार, मोरक्को सरकार, मालदीव सरकार सहित अन्य देशों/संगठनों के साथ न्यायिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

# शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स दस माह के सबसे निचले स्तर पर

## एक दिन में निवेशकों के 13.42 लाख करोड़ स्वाहा, 543 शेयरों पर लगा लोअर सर्किट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ट्रेड वॉर गहराने की आशंका और अमेरिका में मंदी के डर ने पूरी दुनिया के स्टॉक मार्केट के लिए आज के दिन को ब्लैक मंडे बना दिया। घरेलू शेयर बाजार भी वैश्विक स्तर पर मचे हड़कंप की वजह से बुरी तरह से ध्वस्त होता हुआ नजर आया। हालांकि दोपहर 1 बजे के बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ हद तक रिकवरी करने में सफल रहे। इसके बावजूद निफ्टी में आज 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 2.95 प्रतिशत और निफ्टी 3.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

अमेरिकी नई टैरिफ पॉलिसी लागू करने के बाद चीन और कुछ अन्य देशों ने भी अमेरिका पर जवाबी कार्रवाई करने का ऐलान करके हड़कंप की स्थिति बना दी है। इसकी वजह से ग्लोबल ट्रेड वॉर शुरू होने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक बार फिर मंदी के भंवर में फंसने की आशंका बन गई है। इसी डर की वजह से दुनिया के दूसरे शेयर बाजारों की तरह ही घरेलू शेयर बाजार में भी आज जोरदार गिरावट का रुख बना। इस गिरावट की वजह से 543 शेयरों पर लोअर सर्किट लग गया। दिन भर के कारोबार में 13 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वाहा हो गई। आज के कारोबार की शुरूआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। पहले सत्र में ही शेयर बाजार में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ गई थी। हालांकि, दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को संभालने की कोशिश की, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी कुछ हद तक सुधरने में सफल भी रहे।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बिकवाली के दबाव में बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। मेटल, रियल्टी, ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बड़ी गिरावट का शिकार हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 3.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 4.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 13 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 389.92 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 403.34 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 13.42 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,225 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 576 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,505 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 144 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।

## ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी के कारण वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा हाल ही में लागू की गई टैरिफ नीतियों का वैश्विक बाजारों में असर देखने को मिल रहा है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण दुनिया भर के बाजारों में नाटकीय रूप से गिरावट आई है। नैस्डैक-100, एसएंडपी 500 और निक्केई 225 वायदा जैसे प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखी गई। निक्केई वायदा में सर्किट ब्रेकर सक्रीय हो गए। वायदा बाजारों ने इस वर्ष अमेरिका में लगभग पांच चौथाई अंकों की ब्याज दर में कटौती की, जिसके कारण ट्रेजरी मुनाफे में तेज गिरावट आई और डॉलर कमजोर हुआ।

आज की गिरावट के पीछे मुख्य कारण दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ता व्यापार संघर्ष है। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद, चीन ने कई अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाकर जवाब दिया, जिसके कारण चीनी शेयर बाजार में शुरूआती दौर में 10 प्रतिशत की गिरावट आई। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि निवेशकों को अपना उपचार करना होगा और जब तक अमेरिका का व्यापार घाटा ठीक नहीं हो जाता, तब तक चीन के साथ कोई सौदा नहीं होगा। इस कारण से अनिश्चितता और बढ़ गई है।

**एशिया में हुआ सबसे ज्यादा नुकसान :** बाजारों में भय का माहौल है जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान एशिया में हुआ है। जी हां, जापान के निक्केई में 7 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 5 प्रतिशत और हांगकांग के हैंग सेंग में 10 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है। ऐसे में बाजार की नकारात्मक भावना ने भारत को भी प्रभावित किया, जहां आज सुबह के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में 3.5 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखी गई। इस उथल-पुथल के बावजूद, ट्रंप ने अपने टैरिफ का बचाव करते हुए कहा कि दुनिया के नेता सौदा करने के लिए उत्सुक हैं।

## पांच दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा

### 50-50 हजार रुपये जुमार्ने की अतिरिक्त सजा


**अररिया।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि कुमार की अदालत ने आठ साल पहले गला दबाकर हत्या करने वाले पांच दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा के साथ 50-50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है ।कोर्ट ने अपने फैसले में हत्या के अपराध के साथ ही साक्ष्य छुपाने के मामले में पांच वर्षों के साथ 10-10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने दोनों ही धाराओं में सजा साथ चलाने का आदेश अपने निर्णय में दिया है। मामला अररिया थाना प्राथमिकी कांड संख्या 585/2016 से सबंधित हैं । सजा पाने वाले दोषियों में लालटू उर्फ अरविंद यादव पिता भोला नाथ यादव,अशोक यादव पिता स्वर्गीय तुलसी प्रसाद यादव,अशोक साह पिता परमानंद साह,नरेन्द्र कुमार यादव पिता जीतन लाल यादव है। सभी दोषी महलगांव थाना क्षेत्र बागनगर के रहने वाले हैं ।वहीं पांचवां दोषी महलगांव थाना क्षेत्र के मलहरिया गांव के बीरेंद्र यादव पिता मोहन लाल यादव हैं। प्राथमिकी कन्हैया यादव पिता मायानन्द यादव के द्वारा दर्ज कराई गई थी ।दोषियों ने 6 सितम्बर 2016 को दिन के 4 बजे गांव बागनगर महलगांव चौरा शिव मंदिर के निकट एबीसी नहर में आपसी विवाद में कन्हैया यादव के भाई मुरली यादव की गला मरोड़कर हत्या कर दी थी और लाश को नहर के पानी में छुपा दिया था । सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए बचाव पक्ष के अधिवक्ता कृष्ण मोहन सिंह और देव नारायण सेन ने कोर्ट से कम उम्र का हवाला देते हुए कम से कम सजा सुनाए जाने की गुहार लगाई।

## मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर लिस्बन पहुंची

एजेंसी

**लिस्बन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार रात पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंचीं, जहां वह पुर्तगाली नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है, तथा ऐसे समय हो रही है जब भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की पुनः स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

भारत की ओर से पुर्तगाल की अंतिम राजकीय यात्रा 1998 में राष्ट्रपति के.आर. नारायणन ने की थी। श्रीमती मुर्मु की पुर्तगाल यात्रा राष्ट्रपति मासेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर हो रही है।



श्रीमती मुर्मु अपने समकक्ष राष्ट्रपति डी सूसा से मुलाकात करेंगी और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से भी मुलाकात करेंगी। भारत और पुर्तगाल के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं, जो वर्षों से विकसित होकर एक आधुनिक, बहुआयामी और गतिशील साझेदारी में बदल चुके हैं, जिसकी विशेषता सहयोग के कई क्षेत्रों में मजबूत विकास एवं विस्तार है। एक बयान में कहा गया कि यह यात्रा पुर्तगाल के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को और ज्याद प्रोत्साहन तथा नई गति प्रदान करेगी। श्रीमती मुर्मु इसके बाद नौ से 20 अप्रैल तक स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर रहेंगी।

## दुबई के क्राउन प्रिंस आज से भारत दौरे पर

**नयी दिल्ली।** दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से दो दिन के भारत दौरे पर आ रहे हैं। भारत में यह उनका पहला आधिकारिक दौरा होगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय (टएअ) ने आज सोमवार को दी। प्रिंस हमदान न सिर्फ दुबई के युवराज हैं, बल्कि वे यूएई के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री भी हैं। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को शेख हमदान के सम्मान में एक विशेष लंच) आयोजित करेंगे। इसके अलावा, क्राउन प्रिंस की विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात होगी। प्रिंस दिल्ली के बाद मुंबई भी जाएंगे। जहां वे भारत और यूएई के प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ एक व्यापारिक बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य भारत और दुबई के बीच व्यापारिक रिश्तों खासकर पारंपरिक और भविष्य की तकनीकों से जुड़े क्षेत्रों को और मजबूत करना है।

# 10 साल में बांटे गये 32 लाख करोड़ से अधिक के लोन

## पीएम मुद्रा योजना

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 10 वर्षों में 32.61 लाख करोड़ रुपए वैल्यू के 52 करोड़ से अधिक लोन दिए गए हैं। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़ों में दी गई। बताना चाहेंगे पीएम मुद्रा योजना 8 अप्रैल, 2015 को लॉन्च की गई थी और मंगलवार को इस योजना को 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

**छोटे शहरों,गांवों तक कारोबार बढ़ाने में मदद :** इस योजना से छोटे शहरों और गांवों तक कारोबार बढ़ाने में मदद मिली है। इससे पहली बार कारोबार करने वाले लोगों को प्रोत्साहन मिला है। एसकेओसीएच की ह्वआउटकम्स ऑफ मोदीनॉमिक्स 2014-24? रिपोर्ट के अनुसार, ह्व2014 से हर साल औसतन कम से कम 5.14 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार सृजित हुए हैं, जिसमें अकेले पीएमएमवाई ने 2014 से प्रति वर्ष औसतन 2.52 करोड़ स्थिर और टिकाऊ रोजगार जोड़े हैं। इस परिवर्तन का एक उदाहरण जम्मू-कश्मीर है, इसे मुद्रा योजना के तहत अत्यधिक लाभ हुआ है और 20,72,922 मुद्रा लोन स्वीकृत किए गए हैं।

**महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद :** वित्त मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, इस योजना से महिलाओं को सशक्त बनानेमदद मिली और 70 प्रतिशत से अधिक लोन महिला उद्यमियों द्वारा लिए गए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है और लैंगिक समानता में योगदान मिला है ।ह्व पीएम मुद्रा योजना के तहत पिछले नौ वर्षों में प्रति महिला दिए जाने वाले लोन की राशि 13 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 62,679 रुपए हो गई। वहीं, प्रति महिला वृद्धिशील जमा राशि 14 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 95,269 रुपए हो गई।

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने की सराहना :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की सराहना की है और कहा कि यह योजना, जो महिला उद्यमिता पर विशेष ध्यान देने के साथ जमानत-मुक्त लोन प्रदान करती है, ने महिलाओं के स्वामित्व वाले एमएसएमई की संख्या को बढ़ाने में मदद की है, जो अब 28 लाख से अधिक हो गए हैं।

**(इनपुट-एजेंसी)**

### लोन खाते खोलने में मदद की

एसबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में मुद्रा योजना ने 52 करोड़ से अधिक लोन खाते खोलने में मदद की है, जो उद्यमशीलता गतिविधि में भारी उछाल को दशार्ता है ।पीएम मुद्रा योजना के तहत, किशोर लोन (50,000 से 5 लाख रुपए), जो बढ़ते व्यवसायों का समर्थन करते हैं, वित्त वर्ष 2016 में 5.9 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 44.7 प्रतिशत हो गए हैं, जो छोटे उद्योगों की वास्तविक प्रगति को दशार्ता है। तरुण श्रेणी (5 लाख से 10 लाख रुपए) भी तेजी से आगे बढ़ रही है, जो साबित करती है कि मुद्रा केवल व्यवसाय शुरू करने के बारे में नहीं है, बल्कि उन्हें बढ़ाने में मदद करती है।

---

## स्पीड न्यूज

### सभी भाषाओं में सबसे मीठी भाषा है मैथिली : डीआईजी

**सहरसा।** जिले .के नवहट्टा प्रखंड स्थित बाराही गांव में चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। चैत्र नवरात्र महोत्सव बाराही के उद्घाटन में पहुंचे डीआईजी मनोज कुमार ने आयोजन समिति द्वारा आयोजित मैथिली सांझ संगीत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मैथिली भाषा को दुनिया की सबसे मधुर भाषा बताते हुए इसे संरक्षण व संवर्धन के सदप्रयास को लेकर आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। मैथिली उद्घोषक किसलय कृष्ण के संचालन में प्रस्तुत कार्यक्रम को संस्कृति व संस्कार को संजोने के लिए प्रासंगिक बताते हुए बाराही ग्रामीणों की जमकर तारीफ किया।

### शॉर्ट सर्किट से गेहूं के खेतों में लगी आग

**सीवान।** जिले में गुठनी प्रखंड के भरौली गांव में सोमवार को शर्ट सर्किट से गेहू के खेतों में आग लग गई। जिससे करीब 25 एकड़ तैयार फसल जल कर नष्ट हो गयी। मामले की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सभी अपनी फसल को बचाने में जुट गए। लेकिन आग की तेज लपटों पर काबू पाना मुश्किल हो गया था। ऐसा लग रहा था कि दो तीन गांव के सैकड़ों एकड़ गेहूं जल कर नष्ट हो जाएगा। लोगों के हौसले पस्त पड़ने लगे थे। लोगों ने पुलिस को कॉल कर मदद की गुहार लगाई। हालांकि डायल 112 नंबर की पुलिस तो आ गई लेकिन वह भी क्या करती।

### जापान में हेलीकॉप्टर दुर्घना में तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** दक्षिण-पश्चिमी जापान के नागासाकी प्रान्त में एक चिकित्सा परिवहन हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। क्योदो न्यूज एजेंसी ने तटरक्षक बल के हवाले से सोमवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर में सवार छह लोगों में से एक 86 वर्षीय महिला मरीज की मौत की पुष्टि घटना के दिन ही हो गई थी, जबकि उसके साथ मौजूद 68 वर्षीय पुरुष परिवार के सदस्य और 34 वर्षीय पुरुष डॉक्टर की सोमवार को मौत की घोषणा की गयी। आपातकालीन चिकित्सा सेवा हेलीकॉप्टर ने रविवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न 1.30 बजे नागासाकी प्रान्त के त्सुशिमा हवाई अड्डे से एक मरीज को फुकुओका प्रान्त के एक अस्पताल में ले जाने के लिए उड़ान भरी थी।

### यूनुस ने ट्रम्प को पत्र लिखकर टैरिफ वृद्धि से तीन महीने की राहत मांगी

**ढाका।** बंगलादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सुस्त आर्थिक विकास और अस्थिरता से जूझ रहे देश के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पत्र लिखकर निर्यात पर लगाए गए 37 प्रतिशत टैरिफ से तीन महीने की राहत मांगी है। द बिजनेस स्टैंडर्ड बीडी के अनुसार इसके अलावा उन्होंने सभी अमेरिकी नियार्तों पर बंगलादेश के आयात शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की पेशकश की।

### किंग में शाहरुख के साथ नजर आएंगी दीपिका पादुकोण

शाहरुख खान ने साल 2023 में जबरदस्त वापसी की थी। उनकी तीनों फिल्में 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन किया और उन्हें एक बार फिर बॉलीवुड का 'किंग' साबित किया। हालांकि 2024 में उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई, जिससे फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब उनके प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है शाहरुख जल्द ही फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं, जिन्होंने 'वॉर' और 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर एक्शन फिल्मों से खुद को साबित किया है। और अब इस फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है। दीपिका पादुकोण की 'किंग' में एंट्री हो चुकी है। एक बार फिर शाहरुख और दीपिका की हिट जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर देखने को मिलेगी।



